Butterflies
Protecting and empowering children since 1989

COOPERATIVE LEARNING
Learn Together | Share Ideas | Grow Together


CHILDREN'S DEVELOPMENT KHAZANA
A Butterflies Initiative

CHILD HEALTH and SPORTS COOPERATIVE
A Butterflies Initiative
Since 1995

Learning *to Fly*

Stories of Dreams and Resilience

Narratives by Children on the Philosophy and the Impact of Children's Cooperatives on their Lives



Acknowledgements

Butterflies would like to acknowledge MISEREOR, Germany, COMIC RELIEF, UK, British Airways and BUTTERFLIES USA FOUNDATION for the support they have given us over the years to initiate and sustain the Children's Cooperatives. They believe in the concept of cooperatives, its principles and values.

Written consent has been obtained from all children and their families whose narratives are included in this book.

SUPPORTED BY

misereor
ALLY FOR A JUST WORLD

COMIC RELIEF

BRITISH AIRWAYS

Butterflies USA

NARRATIVES BY CHILDREN

Learning to Fly

Stories of Dreams and Resilience

Narratives by Children on the Philosophy and the Impact of Children's Cooperatives on their Lives



Contents विषय सूची

46 NARRATIVES · ENGLISH / हिन्दी

01 A Father's Inspiration, A Boundless Dream — 12
पिता की प्रेरणा - असीम सपना

02 Realizing My Voice — 16
आवाज़ का एहसास

03 A Lesson in Saving — 19
बचत का पाठ

04 A Seven-Year Journey of Learning — 22
सात साल सीखने की यात्रा

05 Understanding My Emotions, An Easier Path — 25
भावनाओं की समझ, राह आसान

06 A Small Home, Big Dreams — 31
छोटी सी आशियाना - सपने बड़े

07 From a Quiet Personality to a Leadership Role — 34
चुपचाप व्यक्तित्व से नेतृत्व की भूमिका तक

08 How My Way of Learning Changed My Life — 37
पढ़ने के तरीके ने बदली मेरी ज़िंदगी

09 Eight Years of Growing with Butterflies — 42
Butterflies के साथ आठ साल की यात्रा

10 Cricket, Camaraderie, and Career Dreams — 45
क्रिकेट, दोस्ती और करियर के सपने

11 The School of Self-Confidence — 48
आत्मविश्वास की पाठशाला

12 A Journey of Rising Through Responsibility — 51
ज़िम्मेदारी से उड़ान की यात्रा

13 My Family's Twenty-Two-Year Journey — 54
मेरे परिवार की बाईस साल की यात्रा

14 Steps Toward a Brighter Future — 59
उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम

15 New Surroundings, A Place of My Own — 62
नया परिवेश, उचित स्थान

16 My Experience with First Aid — 66
प्राथमिक उपचार का अनुभव

17 Finding My Path in Old Delhi — 69
पुरानी दिल्ली में अपनी राह खोजी

18 Born in Delhi, Shaped by Butterflies — 74
दिल्ली में जन्मी, Butterflies ने संवारा

19 Now the Path Feels Easier — 79
अब राहें आसान लगती हैं

20 New City, New Dreams — 82
नया शहर, नए सपने

21 What I Learned from Different Responsibilities — 86
मैंने विभिन्न ज़िम्मेदारियों से क्या सीखा

22 Light in the Narrow Lanes 89
तंग गलियों में रोशनी

23 When Studies Meet Solidarity 93
जब पढ़ाई और एकता मिली

24 Dreams of a New World 96
नई दुनिया के सपने

25 Learning Life Along the Yamuna 100
यमुना के किनारे जीवन के सबक

26 Beyond the Classroom Walls 102
कक्षा की दीवारों से परे

27 Life Lessons Beyond the Textbook 107
किताबों से परे जीवन के पाठ

28 Savings, Sports, and the Strength to Serve 111
बचत, खेल और सेवा की शक्ति

29 A Lesson in Responsibility and Leadership 116
ज़िम्मेदारी और नेतृत्व का पाठ

30 Three Friends, One Unstoppable Team 118
तीन दोस्त, एक अजेय टीम

31 Together We Rise at Sadar Bazar 122
सदर बाज़ार में मिलकर आगे बढ़े

32 CDK: The Treasure That Can Change Destiny 126
CDK: वह ख़ज़ाना जो तकदीर बदल सकती है

33 From Defeat to Victory: The Story of the CHE Election 129
हार से जीत तक: CHE चुनाव की कहानी

34 Learn Together, Grow Together 133
साथ पढ़ें, साथ बढ़ें

35 A Journey to CVM 136
एक सफ़र CVM तक का

36 Priyanjali 139
प्रियांजली

37 Victory Beyond the Goal 142
गोल से आगे की जीत

38 A Rented Roof, A Boundless Spirit 146
किराये की छत, अनंत हौसला

39 Steps Towards Self-Reliance 149
आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

40 Studying: Hard Alone, Easy Together 153
पढ़ाई अकेले मुश्किल, साथ में आसान

41 Riya, the Journalist 156
पत्रकार रिया

42 The Responsibility of Health Education 159
स्वास्थ्य शिक्षा की ज़िम्मेदारी

43 Prescription of Dreams 163
सपनों का नुस्खा

44 Healing Wounds, Sharing Smiles 167
ज़ख्म भरे, मुस्कान बाँटी

45 A Celebration at Every Turn 172
हर मोड़ पर उत्सव


46 Small Savings, Big Heart 177
छोटी बचत, बड़ा दिल

Abbreviations

CHSC	Child Health and Sports Cooperative
CHE	Child Health Educator
CVM	Child Volunteer Manager
ACM	Advance Committee Member
CSPC	Child Social Protection Committee
NIOS	National Institute of Open Schooling
DSC	Dayal Singh Camp
CDK	Children's Development Khazana
CSE	Child Sports Educator
ACVM	Assistant Child Volunteer Manager
BBC	Butterflies Broadcasting Children
MCD	Municipal Corporation of Delhi
BSCC	Butterflies School of Culinary and Catering



In Butterflies, the adult facilitators are referred as *Bhaiya* (older brother) and *Didi* (older sister).



WHERE THE STORIES HAPPEN

Contact Points

Contact Points refer to the area where we conduct our programmes. The Contact Points are near the neighbourhood where children reside, it could be a nearby park, open space, market, railway and metro stations. Butterflies' programmes are conducted in open spaces and not in a building. This is consciously done as children are free, happier and enjoy the openness of the space to engage in the activities rather than inside a building.

These open spaces are designed to be safe, welcoming and visible to all. It is out in the nature, and enough of ground to play, do artwork and study. Children come on their own when they see a group of children engaged in an activity and find out who we are and what we do; This visibility also creates a form of indirect social responsibility, as the community can see and understand Butterflies work with children.

This book is a collection of voices — of children and adolescents who have experienced change through cooperation.

The narratives collated here belong to children living in some of Delhi's most densely populated settlements: children whose parents work as daily-wage labourers, as vegetable vendors, in spice shops and small factories; children who have navigated poverty, migration, interrupted schooling, and the weight of adult responsibilities from an early age. And yet, through their participation in Butterflies' children's cooperative programmes, these children have transformed their habits, their confidence, their relationships, and their futures.



Children are not passive recipients of support.

At the heart of Butterflies' work is a simple but powerful conviction: children are not passive recipients of support. They are active individuals — with ideas, capabilities, and voices that can shape their own lives, influence their families, and contribute meaningfully to their communities. The cooperative approach creates spaces where children learn to identify their needs, make informed decisions, support one another, and take responsibility for shared concerns. This book is evidence of what becomes possible when that conviction is put into practice.

The narratives in this book are woven around three cooperative programmes:



Cooperative Learning is a pedagogical approach in which children learn with and from one another. In this book, children describe how Cooperative Learning raised their academic performance, how it taught them to speak in front of others, and how it replaced the loneliness of struggling alone with the confidence of belonging to a group. They describe how, when they missed a session, their group caught them up; and how, when they finally stood on stage and spoke, it was their group that had given them the courage to do so.



Children's Development Khazana (CDK) is a cooperative owned and led by children. It becomes the practical space for life skills education. Children practice the principles of financial management — distinguishing between needs and wants, budgeting, saving regularly, and planning for the future. It is a practical life skills classroom where children develop leadership, confidence, and the capacity for responsible decision-making. In this book, children describe how their CDK savings helped pay for school materials, supported families through illness and hardship, enabled them to pursue their ambitions, and gave them a sense of dignity and control that money alone cannot buy.



Child Health and Sports Cooperative (CHSC) trains children how to live a safe and healthy life as health educators and sports educators — peer leaders who carry knowledge of nutrition, hygiene, sanitation, first aid, and mental wellbeing back into their homes and communities. Through elections, children take on named roles: Child Health Educator (CHE), Child Sports Educator (CSE), and Buddy by selection. In this book, children describe how CHSC changed what they eat, how they respond to illness, how they support their neighbours, and how sport became a language of resilience, inclusion, and belonging, how they identify the children in distress. These are the stories of children who understood, decided, and acted.

45 narratives from children and adolescents across Delhi

SADAR BAZAR OKHLA MANDI DAYAL SINGH CAMP CHANDNI CHOWK HATHI PARK

This collection brings together 45 narratives from children and adolescents associated with Butterflies' contact points across Delhi — Sadar Bazar, Okhla Mandi, Dayal Singh Camp, Chandni Chowk, Hathi Park, and others. The children range in age from twelve to nineteen. Some are still in secondary school; some have reached university. Each narrative is written in the child's own words — in the language they chose, at the pace they set about the experiences that mattered most to them.


These are not sanitised success stories. They are honest accounts of difficulty and change: children who were afraid to speak a single sentence in front of others and who now stand on stage; children who spent every rupee they received and who now manage accounts for their contact point; children who watched their families struggle and who quietly used their own savings to help. The narratives are rooted in the realities of poverty, migration, gender expectations, and educational disadvantage — but they are equally rooted in solidarity, growth, and possibility.


Read together, these narratives make a strong case for children's cooperatives as powerful tool through which children are organised, trusted, supported, and given meaningful roles, they become agents of change — in their own lives, in their families, and in the communities, they call home.

THE NARRATIVES · 01 — 45

Stories of Dreams and Resilience

Each narrative is written in the child's own words — in the language they chose, at the pace they set about the experiences that mattered most to them.





01

COOPERATIVE LEARNING CDK

A Father's Inspiration, A Boundless Dream

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Nitin	9th	14 years	Sadar Bazar

My name is Nitin, and I am a student of class 9th. I study at the Sadar Bazar Contact Point. I love studying and playing cricket.

There are four members in my family: my parents, my sister and myself. My sister's name is Garima, and she is in the class eight. My mother is a housewife, and my father works in a spice shop. He alone manages the expenses of the entire household. When I came to visit Delhi for the first time, 7 years back, just 1-2 months later my father underwent two operations. Now, whenever he lifts anything even slightly heavy, he experiences severe back pain. Even in such a situation, my father works very hard to educate us.

When I see my father working so hard, I feel very concerned. It motivates me to study very hard and become an IPS officer when I grow up, so that I can support my family and fulfill my parents' dream. My dream of becoming IPS is inspired by many conversations with bhaiya, and I also follow the guidance by good teachers in YouTube.

When we started living in a new place, some children from there used to go to Butterflies to study. I asked them about it, and they told me all about the place. After a few days, I also started coming to Butterflies' Sadar Bazaar contact point with my friends to study, that time I was in class 5.

Initially I did not know anything about the place, nor did I have any new friends. There Didi told me about all the programs and also introduced me to my new friend. 'Bhaiya' and 'Didi' would also conduct sessions from time to time, which helped me gain a clear understanding of Butterflies and how it supports children like me.

I came to know about Cooperative learning which was quite different. Through Cooperative Learning, I learned that we should always help one another. If one child understands a topic well while another doesn't, the former explains it to the others. This allows all children to have responsibilities and we progress together.

When I wasn't part of Butterflies' Cooperative Learning, my Social Studies and Maths were very weak. In the 6th grade, I scored only 69% and struggled with my studies. However, ever since I started studying through the Cooperative Learning method, my academic performance has improved significantly. I scored 85% in the 7th grade and 83% in the 8th grade, which made my family very happy.

One day I had gone to my relative's house, so I could not come to study at Contact Point. Because of this I started worrying that I had missed my study work. But when I returned the next day, the children in my group explained everything that was taught the day before. This made me very happy and helped me understand the importance of working in a group, my anxiety vanished.

Alongside my regular studies, I learned about CDK. It teaches us about the importance of saving money and using it wisely. Earlier, whatever money I get, I used to spend it immediately. However, while studying, I learned about CDK. Then I asked Didi about it, and she introduced me about CDK and explained how it is managed. I learned about saving and the proper use of money. Initially, I would withdraw the money I had deposited because I was skeptical. But gradually my confidence increased, and I stopped withdrawing money. Saving money became a habit for me.

Currently I have Rs 2160 deposited in my account, and I will continue saving money. As I mentioned earlier, my dream is to become an IPS officer. For this, I will need money in future, and I do not want to become a burden on my family. Cooperative Learning has given me confidence to think about my career and my future.



हिन्दी / कहानी 01

पिता की प्रेरणा - असीम सपना

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
नितिन	**9th**	**14 साल**	**सदर बाज़ार**

मेरा नाम नितिन है और मैं कक्षा 9वीं का छात्र हूँ। मैं Butterflies के सदर बाज़ार कॉन्टैक्ट पॉइंट में पढ़ता हूँ। मुझे पढ़ाई करना और क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है।

मेरे परिवार में कुल 4 सदस्य हैं – मेरे मम्मी-पापा, मैं और मेरी बहन। मेरी बहन का नाम गरिमा है और वह कक्षा 8वीं में पढ़ती है। मेरी मम्मी गृहिणी हैं और मेरे पापा मसालों की दुकान में काम करते हैं। वे अकेले ही पूरे घर का खर्च चलाते हैं। जब मैं पहली बार दिल्ली घूमने आया था, उसके 1-2 महीने बाद ही मेरे पापा का 2 बार ऑपरेशन हुआ। अब जब भी वे कोई थोड़ा भारी सामान उठाते हैं, तो उनकी पीठ में बहुत दर्द होता है। ऐसी स्थिति में भी मेरे पापा हमें पढ़ाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं।

जब मैं अपने पापा को इतनी मेहनत करते हुए देखता हूँ, तो मुझे बहुत दुख होता है। तभी मैंने यह सोच लिया कि मैं खूब मेहनत से पढ़ाई करूँगा और बड़ा होकर IPS अधिकारी बनूँगा, ताकि मैं अपने परिवार का सहारा बन सकूँ और अपने माता-पिता का सपना पूरा कर सकूँ।

जब हम नई जगह पर रहने लगे, तब वहाँ के कुछ बच्चे Butterflies में पढ़ने जाते थे। मैंने उनसे पूछा तो उन्होंने मुझे वहाँ के बारे में बताया। कुछ दिनों बाद मैं भी अपने दोस्तों के साथ Butterflies के सदर बाज़ार कॉन्टैक्ट पॉइंट पर पढ़ने आने लगा। वहाँ पर दीदी ने मुझे सारे कार्यक्रमों के बारे में बताया और मेरे नए दोस्तों से भी परिचय करवाया। बीच-बीच में भैया-दीदी session भी लेते थे, जिससे मैं Butterflies और उसके काम को अच्छे से समझ गया।

Cooperative Learning से मैंने यह सीखा कि हमें हमेशा एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। अगर किसी बच्चे को कोई topic अच्छे से आता है और दूसरे दोस्त को नहीं आता, तो उसे समझाना और सिखाना चाहिए। इससे सभी बच्चे साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं।

जब मैं Butterflies के Cooperative Learning का हिस्सा नहीं था, तब मेरी SST और Math बहुत कमज़ोर थी। 6वीं कक्षा में मेरे केवल 69% अंक आए थे और मैं पढ़ाई में भी कमज़ोर था। लेकिन जब से मैंने Cooperative Learning में पढ़ना शुरू किया, तब से मेरी पढ़ाई में काफ़ी सुधार आने लगा। मेरे 7वीं कक्षा में 85% और 8वीं कक्षा में 83% अंक आए, जिससे मेरे घरवाले बहुत खुश हुए।


एक दिन मैं अपने रिश्तेदार के घर गया था, इसलिए मैं Contact Point पर पढ़ने नहीं आ पाया। इस वजह से मुझे चिंता होने लगी कि मेरा पढ़ाई का काम छूट गया। लेकिन अगले दिन जब मैं Contact Point आया, तब मेरे Group के बच्चों ने मुझे पिछले दिन का सारा पढ़ाया हुआ समझाया। इससे मुझे बहुत खुशी हुई और समूह में काम करने का महत्व समझ आया। मेरी चिंता भी दूर हो गई।

पढ़ाई के साथ-साथ मैंने CDK (बाल विकास खज़ाना) के बारे में जाना और सीखा। यह हमें जीवन कौशल के बारे में बताता है। साथ ही यह हमें पैसों की बचत और उनके सही इस्तेमाल के बारे में भी सिखाता है। पहले मैं जितने भी पैसे पाता था, उन्हें तुरंत खर्च कर देता था। जब भी मुझे पैसों की ज़रूरत पड़ती थी, तो मैं दोस्तों से उधार ले लेता था। लेकिन पढ़ाई के दौरान मुझे CDK के बारे में पता चला। फिर मैंने दीदी से इसके बारे में पूछा, तब दीदी ने मुझे CVM और ACVM से मिलवाया। वहाँ मुझे बचत और पैसों के सही इस्तेमाल के बारे में बताया गया।

शुरुआत में मैं पैसे जमा करने के बाद निकाल लेता था, क्योंकि मुझे विश्वास नहीं था। लेकिन धीरे-धीरे मेरा विश्वास बढ़ा और मैंने पैसे निकालना बंद कर दिया। इससे बचत करना मेरी आदत बन गई।

अभी मेरे खाते में 2160 रुपये जमा हैं और मैं आगे भी पैसे बचाऊँगा। जैसा कि मैंने अपनी कहानी में बताया है, मेरा सपना IPS Officer बनने का है। इसके लिए आगे चलकर मुझे पैसों की ज़रूरत पड़ेगी और मैं अपने परिवार पर बोझ नहीं बनना चाहता। Cooperative Learning ने मुझे अपने करियर और भविष्य के बारे में सोचना सिखाया।





02

COOPERATIVE LEARNING

Realizing My Voice

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Ravi Thapa	10th	15 years	Dayal Singh Camp

Hello friends!

My name is Ravi Thapa. I study in Class 10. There are five members in my family: my parents, myself and my two younger brothers, Ishan and Vivansh. We all live together happily.

My parents could not study much during their childhood. My father tells me that when he was just six months old, my grandfather fell ill. As a result, he had to stay at his maternal grandparents' home. There, he had to work from morning till evening most of the days and could attend school rarely. Due to this, my father could study only up to Class 5. My mother also studied only up to Class 5. In those days, people in the village used to say, "What will a girl do by studying? She only has to cook and manage the household."

I have been associated with 'Butterflies' for the past two years. Coming here, I learned not just academic studies but also many other things. My self-confidence has grown immensely. Earlier, I used to be afraid to utter even a few words in class; today, I stand on stage holding a mic. My speaking skills have improved significantly. I used to stammer and hesitate, but now every word comes out clearly. I used to feel alone, as if I were fighting the world by myself. Now, because of my participation in cooperative activities, I realize that working together with others is true strength.

I was choosen as a leader in the 'Cooperative Learning'. Here, we learn from one another, teach each other and help one another within our groups.

The first time I was assigned the role of 'Summarizer' at the Contact Point, I was nervous to speak in front of everyone. I was trembling as if shivering in the cold. Just then, 'Bhaiya' came over and placed his hand on my shoulder, while my friends encouraged me and saying, "Ravi, you can do it. we are with you." That moment still evokes a special feeling in me today.

Today, I am the in-charge of the library, I was elected by children. I am responsible for tracking which child borrows which book and when they return it. The boy who once feared books now keeps track of the books for 109 children. The cultural event gave me the opportunity to speak on the stage. After one of my speeches, Alam Bhaiya hugged me and said, “you spoke so well”.

Butterflies gave me three things: a voice that allows me to speak my mind openly, a library through which I am connected with hundreds of children and a group where I learned how to move forward together.



हिन्दी / कहानी 02

आवाज़ का एहसास

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
रवि थापा	**10वीं**	**15 साल**	**दयाल सिंह कैम्प**

नमस्ते दोस्तों!

मेरा नाम रवि थापा है। मैं कक्षा दसवीं में पढ़ता हूँ। मेरे परिवार में कुल पाँच सदस्य हैं – मेरे मम्मी-पापा, मैं और मेरे दो छोटे भाई ईशान तथा विवांश। हम सभी साथ मिलकर खुशी से रहते हैं।

मेरे माता-पिता बचपन में ज़्यादा पढ़ नहीं पाए। पापा बताते हैं कि जब वे 6 महीने के थे, तब दादाजी बीमार हो गए थे। उन्हें नाना के घर पर रहना पड़ा। वहाँ हर रोज़ सुबह से शाम तक काम करना पड़ता था। उन्होंने स्कूल का नाम भी नहीं सुना। इस वजह से पापा सिर्फ़ पाँचवीं तक पढ़ पाए। मेरी मम्मी भी केवल पाँचवीं कक्षा तक पढ़ी हैं। गाँव में उस समय कहा करते थे - “लड़की पढ़कर क्या करेगी? चूल्हा-चौका ही तो करना है।”

मैं पिछले 2 साल से Butterflies से जुड़ा हूँ। यहाँ आकर मैंने सिर्फ़ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बहुत कुछ अलग भी सीखा। मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है। पहले क्लास में दो शब्द बोलते हुए भी डर लगता था, आज मैं Stage पर माइक पकड़कर खड़ा होता हूँ। मेरी Speaking में बहुत सुधार आया है। पहले अटक-अटक कर बोलता था, अब एक-एक शब्द साफ़ निकलता है। पहले लगता था कि मैं अकेला हूँ और दुनिया से लड़ रहा हूँ। अब पता चला कि दूसरों के साथ मिलकर काम करना ही असली ताकत है।

Cooperative Learning में मुझे Leader बनाया गया। यहाँ हमने Group में एक-दूसरे से सीखना-सिखाना, पढ़ाना एवं एक-दूसरे की मदद करना जैसी बातें सीखीं।


पहली बार जब Contact Point पर मुझे Summarizer बनाया गया, तब मैं बहुत डर रहा था कि मैं सबके सामने कैसे बोलूँगा। मैं ऐसे काँप रहा था जैसे सर्दी में ठिठुर रहा हूँ। तभी भैया मेरे पास आए, उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा और मेरे दोस्तों ने भी मेरा हौसला बढ़ाया और बोले – “रवि, तू कर लेगा, हम तेरे साथ हैं।” वो पल आज भी अलग एहसास देता है।

आज मैं Library का Incharge हूँ। मेरी ज़िम्मेदारी है कि कौन-सा बच्चा कौन-सी किताब ले रहा है और कब वापस कर रहा है। पहले जो लड़का किताबों से डरता था, आज 109 बच्चों की Books का हिसाब रखता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मुझे Stage पर बोलने का मौका दिया। Speech खत्म होने के बाद आलम भैया गले लगाकर बोले – “तूने कर दिखाया, जो मैं सोच रहा था।”

Butterflies ने मुझे 3 चीज़ें दीं - एक आवाज़, जिससे अपनी बात खुलकर कह सकता हूँ, एक Library, जिससे मैं सैकड़ों बच्चों को जोड़ रहा हूँ। और एक Group, जिसमें चलना सीखा।





03

CDK

A Lesson in Saving

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Meenakshi	7th	12 years	Okhla Mandi

My name is Meenakshi. I study at the Okhla Contact Point and have been associated with it for four years. My father works in vegetable packaging and my mother works as a domestic worker. I learned about 'Butterflies' through my sister.

On my first day at the Contact Point, I did not like it very much. As, I started coming regularly, I gradually learned more about everything in depth. The activities here teach us life skills alongside our academics.

Later, I came to know about the Children's Development Khazana (CDK), where children save money and can withdraw it when it needed and also have discussions about how and where to spend money wisely and the importance of saving.

Earlier, my brother used to spend money on outside food. This used to deteriorate his health and waste money as well. I told him about Butterflies' Children's Khazana, where children can save money, which would benefit us in the future and also help us to maintain good health. After this, my brother stopped eating outside food and started eating at home-cooked meals. This made my parents very happy, and he began depositing his money into the CDK account.

His savings grew, he felt good and realized that the money we save eventually is so useful to ourselves. It allows us to pursue the education we want or enroll in reputed courses that build our skills, ultimately leading to a better future.



हिन्दी / कहानी 03

बचत का पाठ

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
मीनाक्षी	**7वीं**	**12 साल**	**ओखला मंडी**


मेरा नाम मीनाक्षी है और मैं ओखला कॉन्टैक्ट पॉइंट में पढ़ती हूँ और मैं यहाँ 4 साल से जुड़ी हूँ और मेरे पापा सब्जी पैकिंग का काम करते हैं और मेरी मम्मी खाना बनाने का काम करती हैं। मुझे Butterflies के बारे में मेरी बहन से पता चला।

जब मेरा पहला दिन था तब मुझे कॉन्टैक्ट पॉइंट में अच्छा नहीं लगता था। फिर मैं रोज़ आने लगी तब मुझे सभी चीज़ों के बारे में गहराई से पता चला। यहाँ के सभी कार्यक्रम हमें पढ़ाई के साथ-साथ जीवन कौशल सिखाते हैं। फिर मुझे पता चला कि यहाँ पर बच्चों का खज़ाना भी है जिसमें बच्चे पैसे जमा करते हैं और ज़रूरत पड़ने पर निकाल भी सकते हैं। इस पर चर्चाएँ भी होती हैं, जिसमें हमें पैसे खर्च कैसे और कहाँ करने हैं और बचत कैसे करनी है आदि का महत्व पता चला।

पहले मेरा भाई बाहर के खाने-पीने में खर्च कर देता था जिससे एक तो उसकी सेहत खराब हो जाती थी और ऊपर से पैसे बर्बाद होते थे। तो मैंने उसे बताया कि Butterflies में बच्चों का खज़ाना है जिसमें बच्चे पैसे जमा करते हैं जिससे हमारा ही फ़ायदा होगा और हमारी सेहत भी बनी रहेगी तो फिर मेरे भाई ने बाहर का खाना खाना बंद कर दिया और घर का खाना खाने लगा जिससे मेरे माता-पिता भी खुश होने लगे और वह उन पैसों को CDK के खाते में जमा करने लगा।

जैसे-जैसे उसके खाते में पैसे बढ़ने लगे, उसे अच्छा लगा और उसे यह महसूस हुआ कि हमारे जमा किए हुए पैसे एक दिन हमारे ही काम आते हैं, और इससे हम अपनी पसंद की पढ़ाई कर सकते हैं, या कोई अच्छा प्रसिद्ध कोर्स कर सकते हैं जिससे हमारे अंदर कौशल आएँगे। और भविष्य अच्छा होगा।





04

CDK CHSC

A Seven-Year Journey of Learning

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Sahiba	12th	15 years	Okhla Mandi

My name is Sahiba. I joined Butterflies when I was in the class fifth. Now I am in the class twelfth. I have been associated with for seven years. Before joining Butterflies, I did not study on my own, but since becoming a part of it, I have started studying in a planned manner.

After joining Butterflies, I learned time management. I started giving one hour time to each subject regularly and because of this my studies improved a lot. The opportunities that I did not get at home or in school, I got at Butterflies such as playing football, going on excursion visits and taking part in Cultural Afternoon.

When I first went to Butterflies contact point, I felt a bit out of place, but then I met Sana Didi. She spoke to me with such affection that I felt really comfortable. She always helped us whenever we faced difficulties in our studies. If we had any problems, whether at home or outside, we could share them with her, and she would give helpful suggestions to find solutions.

At Butterflies, I met many Didis and Bhaiyas who taught us many new things. At Butterflies, we learned not only studies but also many things related to health and sports. Here I also came to know about CHSC and CDK. Both these cooperatives teach us the skills to live a happy life, which we call life skills education. Through CDK, we learn saving money. I have one friend who used to eat fast food every day and never saved money. But after joining Butterflies, he stopped eating fast food and started saving money. Now his savings are also good.

His health and hygiene checkups by CHE remind him that he needs to maintain it.

I am very interested in Child Health and Sports Cooperative (CHSC). There are two important roles in CHSC: CHE and CSE. A CHE provides first aid when a child suffers a minor injury. If the injury is serious, the CHE informs the child's parents and ensures that the child is taken to a hospital. CHEs also discuss health-related topics at contact points, raising our awareness so we can look after ourselves and others. Meanwhile, CSE is responsible for the maintenance of sports items. Students are selected for both these roles through an election process.

By learning these life skills, we develop good habits not only for our studies but also for our daily lives, which helps us live better lives."



हिन्दी / कहानी 04

सात साल सीखने की यात्रा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
साहिबा	**12वीं**	**15 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम साहिबा है। जब मैं पाँचवीं कक्षा में थी तब मैं Butterflies से जुड़ी। अब मैं बारहवीं कक्षा में हूँ। मुझे Butterflies से जुड़े हुए 7 वर्ष हो गए हैं। Butterflies से जुड़ने से पहले मैं खुद से पढ़ाई नहीं करती थी। Butterflies से जुड़ने के बाद से मैं अब योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने लगी हूँ।

Butterflies से जुड़ने के बाद मैंने समय प्रबंधन सीख लिया। वहाँ जाने के बाद मैं प्रत्येक विषय को एक घंटे का समय देने लगी जिससे मेरी शिक्षा में काफ़ी सुधार आया। जो मौका मुझे घर या विद्यालय से नहीं मिला वह मौका मुझे Butterflies में मिला। जैसे - फुटबॉल खेलना, पिकनिक जाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि गतिविधियों में भाग लेना।

जब मैं पहली बार Butterflies कॉन्टैक्ट पॉइंट पर गई तो मैं थोड़ा अलग सा महसूस कर रही थी फिर मेरी मुलाकात 'सना दीदी' से हुई वह हमारे साथ स्नेह से बात करती थीं जिससे मुझे अच्छा लगने लगा। और किसी को पढ़ाई में कोई दिक्कत होती थी तो सना दीदी हमारी मदद भी करती थीं। अगर कोई बाहर या घर की परेशानी होती तो हम दीदी से इस बारे में बताते हैं जिससे दीदी उसका हल ढूँढ़ने में सुझाव भी देतीं।


Butterflies में हमारी मुलाकात बहुत से दीदी और भैया से हुई। दीदी और भैया हमें नई-नई चीज़ें सिखाते थे। Butterflies में हमने न केवल पढ़ाई बल्कि स्वास्थ्य, खेल संबंधित भी कई चीज़ें सीखीं। Butterflies में मुझे CHSC और CDK के बारे में भी पता चला। यह दोनों Cooperative, हमें जीवन को ठीक से जीने का हुनर सिखाते हैं जिसको हम life skill education कहते हैं।

CDK से हम बचत करना सीखते हैं। मेरा एक दोस्त है जो हर रोज़ बाहर का खाता था। पैसे नहीं बचाता था फिर जब से वह Butterflies से जुड़ा, तब से उसने बाहर का खाना बंद कर दिया और पैसे जमा करने लगा। अब उसकी बचत भी ठीक है और सही से हो रही है। और उसकी CHE के द्वारा personal hygiene की भी जाँच होती है।

CHSC में दो पद होते हैं – CHE और CSE। CHE वह होता है जो अगर किसी बच्चे को छोटी-मोटी चोट लग जाती है तो उसे First Aid करते हैं और अगर किसी बच्चे को ज़्यादा चोट लग जाती है तो उसके माता-पिता को सूचित कर देते हैं वह उस बच्चे को Hospital लेके जाते हैं। CHE कॉन्टैक्ट पॉइंट पर स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा भी करते हैं जिससे हम जागरूक हो जाएँ और अपने ऊपर ध्यान दे सकें, साथ में दूसरों का भी। दूसरी ओर CSE खेल और खेलकूद के सामान के रख-रखाव के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। इन दोनों पदों के लिए बच्चे चुनाव के द्वारा चुनते हैं।

इस तरह से जीवन कौशल शिक्षा सीखकर हम न केवल पढ़ाई में बल्कि पूरे जीवन में अच्छी आदतों को सीखते हैं, और अपना जीवन बेहतर बनाते हैं।





05

COOPERATIVE LEARNING CDK CHSC

Understanding My Emotions, An Easier Path

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Ragini	2nd year, University of Delhi	19 Years	Hathi Park

My name is Ragini. I am from the Nawada district of Bihar. My family and I live in Delhi, though we do visit our village occasionally. My father was the first in our family to come to Delhi, and his journey involved a story of great struggle that forced him to leave his village and family behind. My father had a keen interest in education; He passed the 10th class examination with first division and wanted to study further. But he could not get the fees to take admission in 11th, due to which he became very sad.

My grandfather passed away when my father was only four years old. My uncle used to stay out for work, gradually responsibility of taking care of the house also begin to fell on my father. He understood his responsibilities at a very young age. For this reason, he left his further studies and came to Delhi with the burden of responsibilities. After coming here, he worked very hard. Through his toil and perseverance, he managed the family's needs, arranged his sister's marriage, and became a pillar of support for my uncle's family after his passing.

Our entire family has been living in Delhi since 2012. My father manages all family responsibilities alongside his private-sector job. Despite all this, he has never once complained. His resilience, self-confidence, and courage inspire us greatly. He always wishes for his children to fulfill their dreams and hopes that we never have to face the kind of hardships he endured in his own life.

Our family consists of my two sisters, two brothers, my grandmother, my mother, and my father- we all live together. From the very beginning, Papa has placed great emphasis on education. Till fifth class, I studied in school as well as private coaching. Later, a friend who studied at the same school told me about 'Butterflies.' I was delighted to hear about it.

Then I went and told this to my mother. To learn more about it, my mom went to the Butterflies contact point, located in a park in Chandni Chowk's Bagridwar Market. There, she spoke with Bhaiya. Bhaiya told them about the education one gets from Butterflies, its benefits and the various activities that take place there, which impressed my mother as well.

That marked the beginning of my journey with Butterflies. Once I started going there, I had the opportunity to learn and see something new every day. If I talk about myself, I used to be very calm, but I used to get very angry. There were many types of sessions in which Didi and Bhaiya told us how to control anger. That's where I learned to manage my anger and keep myself calm. Talking about education, there I paid special attention to my Mathematics and English subjects and improved myself in these subjects.

Speaking about my activities there, I was initially very nervous about going on stage during cultural programs because I had never had the opportunity to do so before. However, coming here taught me how to present myself on stage. I learned to speak up during sessions and express my views with confidence. We also held 'Bal Sabhas' where we could share our issues and concerns openly and find solutions with each other's help. Through this, I learned to share my problems and resolve them. If I talk about sharing my problems, there is "Buddy" who acts like a trusted companion.

At Butterflies, children are selected for the CHSE role, where a CHE handles responsibilities related to first aid. If a child gets injured or hurt while playing, they are provided with first aid. I, too, became a CHE and received first aid training from Butterflies. Using this training, I helped a child who had burned his leg while trying to warm himself by a fire during the cold weather. When he arrived at the Contact Point, I applied Burnol to his injury. A few days later, he began to feel better.

There is also the CDK here, where we learn about saving money. Two children are selected for the roles of CVM and ACVM within it. There is also an advance committee consisting of seven members, whose job is to examine the applications for advance and take decisions. During my time as a CVM in the CDK, a child needed an advance to start a small business. We all met, listened to his situation and asked him how long it would take for him to repay the money. After listening to his entire story, we thought about it and forwarded his application to Bhaiya and Didi, so that he could be helped.

I had never had the opportunity to go on trips with my family, so I used to be very apprehensive. However, Butterflies takes children on excursions. The Bhaiya-Didis spoke to my family, and that is how I got the chance to go on a trip. I thoroughly enjoyed the excursion to Uttarakhand.

Although every child makes his own individual progress, the speciality here is that every activity is cooperative. Every child works in a group, whether it is group work in a workshop, cooperative learning in a Contact Point, a session or a meeting - everything is done together. We have formed a group here to address some local issues. We even organized a rally, in which all the children participated enthusiastically. Studying in a group improved my academic standing, making both my family and me very happy. Butterflies has brought about positive changes not only in me but in my entire family as well. Today, thanks to the journey I undertook with Butterflies, I am pursuing studies in university, and I credit Butterflies for this inspiration. Everything I learned here is still very useful to me today - whether it's building a good relationship with my parents, hugging them, helping someone, getting along with people, or working in a group. All these things are very useful to me even today in college. I acquired life skills at Butterflies that help me at every turn in life. By studying Butterflies, I gained not only knowledge from books but also an understanding of various aspects of life.

When I left here, I had a lot of self-confidence, understanding of how to live life, knowing what is right and wrong, saving money, helping people and being a trustworthy person - all this. I hope that the younger children currently studying there will also learn these valuable lessons. Let us all make our parents' dreams come true. Let us reach our destination using this ladder given by Butterflies.



हिन्दी / कहानी 05

भावनाओं की समझ, राह आसान

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
रागिनी	**द्वितीय वर्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय**	**19 वर्ष**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम रागिनी है। मैं बिहार के नवादा ज़िले से हूँ। मैं और मेरा परिवार दिल्ली में रहते हैं, हालाँकि हम कभी-कभी अपने गाँव जाया करते हैं। मेरे परिवार में सबसे पहले मेरे पिताजी दिल्ली आए थे और इसके पीछे भी उनके जीवन की एक संघर्ष भरी कहानी जुड़ी हुई है। यह ऐसी कहानी थी जिसने उन्हें अपने गाँव और परिवार से दूर आने पर मजबूर कर दिया। मेरे पिताजी की पढ़ाई में बहुत रुचि थी। उन्होंने 10वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की थी और वे आगे भी पढ़ना चाहते थे। लेकिन 11वीं में दाखिला लेने के लिए उन्हें फीस नहीं मिल पाई, जिसकी वजह से वे बहुत दुखी हो गए।

जब मेरे पिताजी केवल 4 साल के थे तभी मेरे दादाजी का देहांत हो गया था। मेरे ताऊजी काम के सिलसिले में बाहर रहा करते थे, इसलिए थोड़े बड़े होते ही घर की देखभाल की ज़िम्मेदारी भी मेरे पिताजी पर आ गई। छोटी उम्र में ही उन्होंने ज़िम्मेदारियों को समझ लिया था। इस कारण उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई छोड़ दी और ज़िम्मेदारियों का बोझ लेकर दिल्ली आ गए। यहाँ आकर उन्होंने बहुत मेहनत की। अपनी मेहनत और संघर्ष से उन्होंने घर की ज़िम्मेदारियों को संभाला, अपनी बहन की शादी करवाई और ताऊजी के देहांत के बाद उनके परिवार का भी सहारा बने।

साल 2012 से हम पूरा परिवार दिल्ली में रहने लगा। परिवार की सभी ज़िम्मेदारियाँ और पिताजी की एक private नौकरी है। इन सबके बावजूद उन्होंने कभी "उफ़" तक नहीं किया। उनकी सहनशीलता, आत्मविश्वास और हिम्मत हमें बहुत प्रेरणा देती है। उनकी हमेशा यही इच्छा रहती है कि उनके बच्चे अपने सपनों को पूरा करें और उन्होंने जीवन में जिन कठिन परिस्थितियों का सामना किया, उनके बच्चों को कभी वैसा संघर्ष महसूस न करना पड़े। मैं, मेरी दो बहनें, दो भाई, मेरी दादी, मेरी मम्मी और मेरे पापा - हम सभी एक साथ अपने परिवार में रहते हैं। पापा ने शुरू से ही शिक्षा पर बहुत ज़ोर दिया है। पाँचवीं कक्षा तक मैंने स्कूल के साथ-साथ प्राइवेट कोचिंग में भी पढ़ाई की। इसके बाद मेरी एक दोस्त, जो मेरे साथ ही विद्यालय में पढ़ती थी, उसने मुझे Butterflies के बारे में बताया। यह सुनकर मैं बहुत खुश हो गई।

फिर मैंने यह बात जाकर अपनी मम्मी को बताई। मेरी मम्मी इसके बारे में अधिक जानने के लिए Butterflies के कॉन्टैक्ट पॉइंट पर पहुँचीं, जो चाँदनी चौक के बगड़ी द्वार मार्केट में स्थित एक पार्क में है। वहाँ उन्होंने भैया से बात की। भैया ने उन्हें Butterflies से मिलने वाली शिक्षा, उसके लाभ और वहाँ होने वाली कई प्रकार की गतिविधियों के बारे में बताया, जिससे मेरी मम्मी भी बहुत प्रभावित हुईं।

इसके बाद ही मेरी Butterflies की यात्रा शुरू हुई। जब मैंने वहाँ जाना शुरू किया, तब मुझे हर दिन कुछ नया सीखने और देखने का मौका मिलने लगा। अगर मैं अपने बारे में बात करूँ, तो मैं बहुत शांत रहती थी, लेकिन मुझे बहुत गुस्सा आता था। वहाँ कई प्रकार के सत्र होते थे, जिनमें दीदी और भैया हमें बताते थे कि गुस्से को कैसे नियंत्रित करना है। वहीं से मैंने अपने गुस्से को संभालना और खुद को शांत रखना सीखा। शिक्षा की बात करूँ तो वहाँ मैंने अपने गणित और अंग्रेज़ी विषय पर विशेष ध्यान दिया और इन विषयों में खुद को बेहतर बनाया।

अगर मैं वहाँ की गतिविधियों के बारे में बात करूँ, तो पहले मैं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर जाने से बहुत घबराती थी। इसकी वजह यह थी कि मुझे पहले कभी स्टेज पर जाने का मौका नहीं मिला था। लेकिन यहाँ आकर मैंने स्टेज पर खुद को प्रस्तुत करना सीखा। मैंने sessions में बोलना सीखा और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखना भी सीखा। वहाँ बाल सभा भी होती थी, जिसमें बच्चे अपने मुद्दों और परेशानियों को सबके सामने रखते थे और एक-दूसरे की सहायता से उनका समाधान निकालते थे। वहाँ से मैंने अपनी परेशानियों को साझा करना और उनका हल निकालना भी सीखा। अगर मैं अपनी परेशानियों को साझा करने की बात करूँ, तो यहाँ "Buddy" होते हैं, जो एक भरोसेमंद साथी की तरह काम करते हैं।

Butterflies में बच्चों को CHSE चुना जाता है, जिसमें CHE बच्चों की प्राथमिक उपचार (First Aid) से जुड़ी ज़िम्मेदारियों को संभालता है। खेल के दौरान यदि कोई बच्चा घायल हो जाता है या किसी चोट से परेशान होता है, तो उसे First Aid दिया जाता है। मैं भी CHE बन चुकी हूँ और मुझे भी Butterflies द्वारा First Aid देने की ट्रेनिंग दी गई है। इस ट्रेनिंग की मदद से मैंने एक बच्चे की सहायता की। ठंड के समय आग सेंकते हुए उसका पैर जल गया था। जब वह Contact Point पर आया, तो मैंने उसकी चोट पर Burnol लगाया। कुछ दिनों बाद वह खुद को ठीक महसूस करने लगा।


यहाँ CDK भी है, जिसमें हम बचत करना सीखते हैं। इसमें 2 बच्चे CVM and ACVM के पद पर चुने जाते हैं। एक advance committee भी होती है जिसके 7 सदस्य होते हैं, जिसका काम advance के लिए आवेदनों को परखना और निर्णय लेना होता है। जिस समय मैं CDK में CVM थी, उस समय एक बच्चे को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए Advance की आवश्यकता थी। हम सभी ने बैठक की, उसकी परेशानी सुनी और उससे पूछा कि वह कितने समय में पैसे वापस करेगा। उसकी पूरी बात सुनने के बाद हमने इस पर विचार किया और उसके आवेदन को भैया-दीदी तक पहुँचाया, जिससे उसकी मदद हो सकी।


मुझे परिवार की ओर से कभी बाहर घूमने जाने का मौका नहीं मिला था, इसलिए मैं बहुत घबराती थी। लेकिन Butterflies बच्चों को भ्रमण पर ले कर जाता है। भैया-दीदी ने मेरे घरवालों से बात की, तब मुझे भी घूमने जाने का मौका मिला। मैंने उत्तराखंड के भ्रमण को बहुत आनंद के साथ बिताया।

वैसे तो हर बच्चा अपनी व्यक्तिगत प्रगति करता है, लेकिन यहाँ की खासियत यह है कि हर गतिविधि सहयोगात्मक (Cooperative) होती है। हर बच्चा समूह में काम करता है- चाहे वह Workshop में Group Work हो, Contact Point में cooperative learning काम करना हो, Session हो या Meeting- सब कुछ मिल-जुलकर किया जाता है। हमने यहाँ समूह बनाकर कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर रैली भी निकाली, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। समूह में पढ़ने की वजह से मेरी कक्षा में मेरी स्थिति भी अच्छी आई, जिससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश थे।

Butterflies ने सिर्फ़ मुझमें ही नहीं, बल्कि मेरे पूरे परिवार में सकारात्मक बदलाव किए हैं। आज मैं Butterflies का सफ़र तय करते हुए विश्वविद्यालय में पढ़ रही हूँ, और इस प्रेरणा का श्रेय भी मैं Butterflies को ही देती हूँ। यहाँ मैंने जो कुछ भी सीखा, वह आज भी मेरे बहुत काम आता है- चाहे मम्मी-पापा के साथ अच्छा रिश्ता बनाना हो, उन्हें गले लगाकर मनाना हो, किसी की मदद करना हो, लोगों के साथ घुल-मिलकर रहना हो या समूह में काम करना हो। ये सभी बातें आज कॉलेज में भी मेरे बहुत काम आती हैं। मैंने Butterflies से जीवन कौशल सीखे हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर मेरे काम आते हैं। Butterflies में पढ़कर मैंने केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी समझा।

जब मैं यहाँ से निकली, तो अपने भीतर भरपूर आत्मविश्वास, जीवन जीने की समझ, सही और गलत की पहचान, बचत करना, लोगों की मदद करना और एक विश्वासपात्र इंसान बनना - यह सब कुछ लेकर निकली। यहाँ पढ़ रहे अपने से छोटी उम्र के बच्चों से भी मैं यही आशा करती हूँ कि वे भी यहाँ से ये सभी अच्छी बातें सीखकर जाएँ। हम सभी मम्मी-पापा के सपनों को साकार करें। Butterflies द्वारा दी गई इस सीढ़ी का उपयोग करके हम अपनी मंज़िल को प्राप्त करें।





06

COOPERATIVE LEARNING CDK CHSC

A Small Home, Big Dreams

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Himanshu	8	14 Years	Hathi Park

My name is Himanshu. I am 14 years old. I live in Khari Baoli, Delhi. There are six members in my family, and we live in a rented house. My father works in the dry fruit business, and my mother's job is cracking walnuts. We are four siblings, and all of us go to school. I came to Delhi when I was one year old.

When I was seven years old, my elder brother brought me to Butterflies. He got me enrolled there, and I started going every day to study. Here, I learned about many programmes such as CHE, CDK, workshops, cultural programmes, cooperative learning, and Bal Sabha. I saw how children participated in these programmes and introduced themselves confidently. Watching them made me feel that I should also become something and do something meaningful.

One day, although I was very nervous, I raised my hand to become a CHE. The children elected me.

During the CHE training, I learned many first-aid techniques. Whenever children around my Contact Point or in my neighbourhood needed first aid, I would help them. When people saw me carrying the first-aid box, some of them started calling me a "little doctor." Once, I went to my village in Uttar Pradesh. My uncle got injured and burned his thumb while bursting firecrackers. I gave him first aid there. After that, everyone in the village started calling me "Doctor." Hearing this made my mother very happy.Earlier, I used to put some money in a piggy bank, but whenever I felt like buying something to eat, I would take the money out. At the Contact Point, Didi taught us that saving in CDK is important.

She explained that it helps us develop a habit of saving and that we also receive interest every three months. After that, I started depositing 5 or 10 rupees every day. One day, I wanted to buy a gift for my sister's birthday. I withdrew 150 rupees from my CDK savings and bought her a gift. When my elder sister found out that I had bought the gift using my own savings, she became emotional and started crying. At that moment, I realised how valuable saving money can be.

That is why I still continue to save, so that I can help whenever there is a need.



हिन्दी / कहानी 06

छोटी सी आशियाना - सपने बड़े

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
हिमांशु	**8**	**14 साल**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम हिमांशु है। मैं 14 साल का हूँ। मैं दिल्ली में खारी बावली में रहता हूँ। मेरे परिवार में कुल 6 सदस्य हैं और हम किराए के मकान में रहते हैं। मेरे पापा ड्राईफ्रूट का काम करते हैं और मेरी मम्मी अखरोट तोड़ने का काम करती हैं और हम 4 भाई-बहन पढ़ाई करते हैं। जब मैं 1 साल का था तब मैं दिल्ली आया था। जब मैं 7 साल का था, मेरा बड़ा भाई मुझे Butterflies में लेकर आया था। और फिर भैया ने Butterflies में मेरा दाखिला करा दिया और मैं रोज़ पढ़ने जाता था।


मैंने यहाँ पर बहुत से कार्यक्रमों के बारे में जाना जैसे कि CHE, CDK, कार्यशालाएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कोऑपरेटिव लर्निंग और बालसभा जैसे प्रोग्राम में बच्चे कैसे भाग लेते हैं और कैसे अपना परिचय देते हैं, यह मुझे देखकर मेरा मन हुआ कि मैं भी कुछ बनूँ। फिर मैंने एक बार CHE बनने के लिए अपना हाथ डर-डर के खड़ा किया और बच्चों ने मुझे चुन लिया।

जब CHE ट्रेनिंग मिली तो मुझे first aid करने के बहुत तरीके पता चले और मैं अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट पर घर के आस-पास के बच्चों को जब भी first aid की ज़रूरत होती थी तब उनकी मदद करता। और जब first aid box लेकर आता-जाता तो कुछ लोग मुझे छोटे डॉक्टर बोलते थे। एक बार मैं UP अपने गाँव गया था। तब मेरे चाचा के पटाखा फोड़ने के कारण अँगूठे में चोट लग गई और अँगूठा जल गया, तब मैंने वहीं पर उनका first aid किया तो गाँव के सभी लोग मुझे Doctor बोल रहे थे। यह सुनकर मेरी मम्मी को बहुत अच्छा लगा।

पहले मैं गुल्लक में कुछ पैसे डालता था पर जब भी कुछ खाने का मन करता तो मैं निकाल लेता था। कॉन्टैक्ट पॉइंट पर दीदी ने सिखाया कि CDK में बचत करना ज़रूरी है, इससे बचत की आदत भी होगी और साथ में तीन महीने में ब्याज भी मिलता है, तब मैं 5 या 10 रुपये रोज़ जमा करता था।

एक दिन मेरी बहन के जन्मदिन पर मुझे गिफ्ट देना था तो मैंने CDK से 150 रुपये निकाले और गिफ्ट दिया। जब मेरी बड़ी बहन को पता चला तो वह रोने लगी कि मैं अपने बचत किए पैसों से गिफ्ट लाया था। तब मुझे एहसास हुआ कि मेरा बचत करना कितना अच्छा हुआ। इसलिए मैं अब भी बचत करता हूँ ताकि ज़रूरत पड़ने पर मदद कर सकूँ।





07

CDK

From a Quiet Personality to a Leadership Role

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Aleena	11th	15 years	Okhla Mandi

My name is Aleena. I am associated with the 'Butterflies' Okhla Mandi Contact Point. I joined when I was in class three, and I am currently studying in class eleven. I live with my family in the Srinivaspuri Camp. My father works as a driver and my mother manages the household. There are ten members in our family. We are three brothers and five sisters.

The Cooperative has played a pivotal role in my life. Previously, I used to spend a lot of money on food from outside, but now I have learned the value of saving. I save money to meet my needs. The Cooperative runs three programs, and I am most interested in CDK. I've learned a lot from CDK, which has changed me significantly. One of the things that CDK has changed in me is that I have learned to save money. Now I have learned to save small amounts of money so that if I have to take any course after class 12th, I can use this money for it. CDK has taught me to be self-reliant. It has shown me a path toward my future- specifically, towards the goal of becoming an accountant.

CDK provided a foundation for my career. For instance, the skills I acquired- such as collecting money and recording entries in logbooks and ledger book, are directly relevant to the work of a company accountant. Cooperative also taught me life skills that no one can be successful alone. If we work together, we can certainly achieve our goals. These are lessons I would not have learned elsewhere.

I gained this knowledge through CDK. I learned these small things in a very short time.

When I became a CVM, I applied what I had learned, which further strengthened my dream of becoming an Accountant. When we do something repeatedly, day after day, we develop a skill that contributes to a successful life. I started saving with just 5 rupees- a seemingly small amount. However, when we deposit small sums and an annual incentive of 10 percent is added, it grows into a substantial amount. Ultimately, these savings prove useful for our future.

When I became a CVM, I explained to my peers that saving is crucial and without it, we would be unable to pursue the things we love, and our dreams would remain unfulfilled. If we want to achieve our dreams and soar high, then we should start saving money from today, right now, whether it is 1 rupee or more than 10 rupees.



हिन्दी / कहानी 07

चुपचाप व्यक्तित्व से नेतृत्व की भूमिका तक

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
अलीना	**11वीं**	**15 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम अलीना है। मैं ओखला मंडी के पास Butterflies के कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ी हूँ। मैं तीसरी कक्षा में यहाँ आई थी और अब मैं ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती हूँ। मैं अपने परिवार के साथ श्रीनिवासपुरी कैंप में रहती हूँ। मेरे पापा ड्राइविंग का काम करते हैं और मेरी मम्मी घर संभालती हैं। हमारे परिवार में कुल 10 सदस्य हैं। हम 3 भाई और 5 बहनें हैं।

Cooperative ने मेरी ज़िंदगी में बहुत ही अहम भूमिका निभाई है। पहले मैं बाहर के खाने में बहुत पैसे खर्च कर देती थी, लेकिन अब मैंने पैसों की बचत करना सीख लिया है। इसलिए अब मैं पैसे बचत करती हूँ, ताकि अपनी ज़रूरतों को पूरा कर सकूँ। Cooperative में तीन प्रोग्राम हैं, जिनमें मुझे सबसे ज़्यादा रुचि CDK में है। CDK से मुझे बहुत सारी चीज़ें सीखने को मिली हैं, जिन्होंने मुझे पहले से काफ़ी बदल दिया है। मेरे अंदर CDK के कारण यह बदलाव आया है कि मैंने अच्छी-खासी बचत करना सीख लिया है।


अब मैं थोड़े-थोड़े पैसे जमा करना सीख चुकी हूँ, क्योंकि अगर मुझे 12वीं कक्षा के बाद कोई कोर्स करना होगा, तो उसके लिए मैं इन पैसों का इस्तेमाल कर सकती हूँ। CDK ने मुझे आत्मनिर्भर बनना सिखाया है। CDK ने मुझे मेरे भविष्य की एक राह दिखाई है, जिससे मैं अपने लक्ष्य को पा सकती हूँ, जैसे कि Accountant बनना।

CDK से मुझे मेरे career के लिए एक नींव मिली। जैसे कि अगर मुझे किसी कंपनी में Accountant बनना है, तो CDK से मुझे पहले से ही यह सीख मिली है कि बच्चों के पैसे कैसे जमा किए जाते हैं और फिर उन्हें logbook और ledger book में कैसे लिखा जाता है। Cooperative ने मुझे एक जीवन कौशल भी सिखाया कि अकेले कोई काम सफल नहीं होता। अगर हम सब मिलकर किसी काम को करें, तो हम अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। ये सारी चीज़ें कहीं और सीखने को नहीं मिलतीं, इसलिए ये सब मुझे CDK से सीखने को मिला। इन छोटी-छोटी बातों को मैंने बहुत कम समय में सीख लिया।

फिर जब मैं CVM बनी, तो मैंने सीखी हुई बातों का प्रयोग किया, जिससे मेरे अंदर Accountant बनने का सपना और मज़बूत हो गया। जब हम किसी चीज़ को बार-बार रोज़ करते हैं, तो उससे हमारा कौशल विकसित होता है और वह हमारे सफल जीवन में काम आता है। मैंने अपनी saving सिर्फ़ 5 रुपये से शुरू की, जो कि एक छोटी-सी रकम है। लेकिन जब हम थोड़े-थोड़े पैसे जमा करते हैं और उस पर सालाना 1 प्रतिशत incentive जुड़ जाता है, तो वह एक बड़ी रकम बन जाती है। आगे चलकर यही पैसे हमारे भविष्य में काम आते हैं।

जब मैं CVM बनी, तब मैंने अपने साथियों को भी समझाया कि बचत करना बहुत ज़रूरी है, नहीं तो हम अपनी पसंद की चीज़ें नहीं कर पाएँगे और हमारे सपने अधूरे रह जाएँगे। अगर हमें अपने सपनों की उड़ान भरनी है, तो हमें आज और अभी से पैसे बचाना शुरू कर देना चाहिए, चाहे वह 1 रुपया हो या 10 रुपये से ज़्यादा।





08

COOPERATIVE LEARNING

How My Way of Learning Changed My Life

How Cooperative Learning Changed My Life

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Saksham Bhati	10th	15 years	Chandni Chowk

My name is Saksham Bhati, and I'm from Chandni Chowk Contact Point, Butterflies. Today, I will share how cooperative learning has transformed my life.

I live in Delhi with my family, which consists of five members. My maternal grandmother's home is in Delhi, while my paternal grandmother lives in Noida. I was born in Delhi. When I was 12 years old, a friend told me about the Contact Point. I really enjoyed my first visit there. The teacher (Didi) there told me, "Bring your Aadhaar card tomorrow; I'll get you enrolled." I was enrolled in 2022, while I was in the 6th grade.

Cooperative learning means learning and gaining knowledge through mutual cooperation. Earlier I used to think that studying is something to be done alone, but ever since I started doing group activities and studying together at Contact Point, both my thinking and lifestyle changed. I have categorized these changes into five parts: 1. The Journey from Hesitation to Confidence When I was in the 6th grade, I was very shy. Even if I knew the answer to the teacher's question, I still wouldn't raise my hand. I was afraid that if I got my answer wrong, everyone would laugh. But this was not the case at all in cooperative learning.

Gradually, my friends encouraged me, saying, "Speak up; if you're wrong, we'll learn together." My fear started reducing after hearing this from him. I then started speaking up in class. Today, I can express my thoughts openly without fear. I now feel confident interacting with people and working in groups. 2. The art of listening and understanding Before, I always wanted to prove my point. However, through group work, I learned that true success comes when the entire team understands one another and works together. Now I first listen to others carefully and then express my views. This has significantly improved my listening and comprehension skills.

It wasn't like this before, because I only tried to prove my point. But now I understand that listening to and understanding others is equally important. 3. A Sense of Responsibility Once we had a football match between Chandni Chowk and Sadar Bazaar. I was playing as a midfielder. During the match, I needed to pass the ball to the striker at the right moment, but I failed to do so. Because of my mistake, the opposing team scored a goal. Although our team eventually won the match, I still felt very bad and embarrassed because of my mistake.

After that incident, I tried to improve myself. I learned that a moment of carelessness on my part could harm not just me, but the entire team. This experience instilled a sense of responsibility in me and made me realize that every individual plays a crucial role in teamwork. This lesson will be invaluable in my life and future career. 4. Understanding Different Perspectives There was a friend in our group who was excellent at Hindi but weak in English. Another friend was good at Mathematics. The rest of us were proficient in English, Maths, Science, Social Studies, and Hindi. Initially, we used to tease each other while studying, but we later realized that everyone has their own unique strengths.

That friend taught me how to write essays in Hindi, and I explained math problems to him. Through cooperative learning, I learned that diversity is not a weakness but our greatest strength. 5. From Academics to Friendship The biggest change is that studying no longer feels like a burden. We now easily solve even difficult math problems together at the 'Contact Point'. Exam-related anxiety has also significantly decreased, as I know there is always someone available to clear up any doubts I might have. Here, I have learned not just academics but also essential life skills. In this process, I have made such close friends who are not just classmates but like true partners.

Conclusion Cooperative learning has not only given me bookish knowledge, but also taught me the right way to live life. It has helped me develop crucial qualities such as communication, empathy, responsibility, and teamwork.

Today, whether I become a doctor or an engineer in the future, I would like to work not alone but with a team, so that together we can bring positive change in the world. As the saying goes, " One person alone cannot achieve everything, but when people work together, they can accomplish great things."



हिन्दी / कहानी 08

पढ़ने के तरीके ने बदली मेरी ज़िंदगी

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
सक्षम भाटी	**10वीं**	**15 साल**	**चांदनी चौक**

कोऑपरेटिव लर्निंग से मेरे जीवन में क्या-क्या बदलाव आए।

मेरा नाम सक्षम भाटी है और मैं चाँदनी चौक कॉन्टैक्ट पॉइंट, BUTTERFLIES से हूँ। आज मैं आपको बताऊँगा कि कोऑपरेटिव लर्निंग से मेरे जीवन में क्या-क्या बदलाव आए।

मेरे परिवार में पाँच सदस्य हैं, जिनके साथ मैं दिल्ली में रहता हूँ। दिल्ली में मेरी नानी का घर है और मेरी दादी का घर नोएडा में है। मेरा जन्म दिल्ली में हुआ। जब मैं 12 साल का था, तब मुझे अपने एक दोस्त से कॉन्टैक्ट पॉइंट के बारे में पता चला। मैं पहली बार वहाँ गया तो मुझे बहुत अच्छा लगा। वहाँ पढ़ाने वाली दीदी ने मुझसे कहा कि “कल अपना आधार कार्ड ले आना, मैं तुम्हारा एडमिशन कर दूँगी।” मेरा एडमिशन सन् 2022 में हुआ, तब मैं 6वीं कक्षा में था।

कोऑपरेटिव लर्निंग का अर्थ है- एक-दूसरे के सहयोग से सीखना और ज्ञान प्राप्त करना। पहले मैं सोचता था कि पढ़ाई अकेले करने की चीज़ है, लेकिन जब से मैंने कॉन्टैक्ट पॉइंट पर group activities और साथ मिलकर पढ़ाई करना शुरू किया, तब से मेरी सोच और जीवन-शैली दोनों बदल गईं। मैंने इन बदलावों को पाँच हिस्सों में बाँटा है।

1. झिझक से आत्मविश्वास तक का सफ़र

जब मैं 6वीं कक्षा में था, तब मैं बहुत शर्मीला था। अगर मुझे टीचर के सवाल का जवाब आता भी था, तब भी मैं हाथ नहीं उठाता था। मुझे डर लगता था कि अगर मेरा जवाब गलत हो गया तो सब हँसेंगे। लेकिन कोऑपरेटिव लर्निंग में ऐसा बिल्कुल नहीं था। धीरे-धीरे मेरे दोस्तों ने मुझे कहा, "तू बोल, गलत होगा तो हम साथ में सीखेंगे।" उनकी इस बात से मेरा डर कम होने लगा। फिर मैंने भी क्लास में बोलना शुरू किया। आज मैं बिना डरे अपने विचार सबके सामने रख पाता हूँ। अब मुझे लोगों से बात करने और समूह में काम करने में आत्मविश्वास महसूस होता है।

2. सुनने और समझने की कला

पहले मैं हमेशा अपनी ही बात को सही साबित करना चाहता था। लेकिन ग्रुप वर्क में मैंने सीखा कि असली जीत तब होती है, जब पूरी टीम एक-दूसरे को समझे और साथ मिलकर काम करे। अब मैं पहले दूसरों की बात ध्यान से सुनता हूँ, फिर अपने विचार रखता हूँ। इससे मेरी सुनने और समझने की क्षमता पहले से बहुत अधिक बढ़ गई है। पहले ऐसा नहीं था, क्योंकि मैं केवल अपनी बात को सही साबित करने की कोशिश करता था। लेकिन अब मैंने समझा है कि दूसरों की बात सुनना और समझना भी उतना ही ज़रूरी है।

3. ज़िम्मेदारी का एहसास

एक बार हमारा चाँदनी चौक V/S सदर बाज़ार का फुटबॉल मैच था। उस दिन मैं मिडफील्डर की पोज़ीशन पर खेल रहा था। मैच के दौरान मुझे स्ट्राइकर को सही समय पर पास देना था, लेकिन मैं ऐसा करने में नाकामयाब रहा। मेरी गलती की वजह से विपक्ष टीम ने गोल कर दिया। हालाँकि हमारी टीम ने आखिर में मैच जीत लिया, फिर भी मुझे अपनी गलती की वजह से बहुत बुरा लगा और शर्मिंदगी महसूस हुई।

उस घटना के बाद मैंने खुद को और बेहतर बनाने की कोशिश की। मैंने सीखा कि मेरी एक छोटी-सी लापरवाही सिर्फ़ मुझे ही नहीं, बल्कि पूरी टीम को नुकसान पहुँचा सकती है। इस अनुभव से मुझे ज़िम्मेदारी का एहसास हुआ और समझ आया कि टीमवर्क में हर व्यक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह सीख मेरे जीवन और भविष्य की नौकरी में भी मेरे बहुत काम आएगी।

4. अलग-अलग नज़रों को समझना

हमारे ग्रुप में एक दोस्त था, जिसकी हिंदी बहुत अच्छी थी, लेकिन इंग्लिश कमज़ोर थी। एक दूसरा दोस्त गणित में अच्छा था। बाकी सभी की English, Maths, Science, SST और Hindi अच्छी थी। पहले हम पढ़ते समय एक-दूसरे का मज़ाक बना देते थे, लेकिन बाद में हमें समझ आया कि हर इंसान की अपनी अलग क्षमता होती है। उस दोस्त ने मुझे हिंदी में निबंध लिखना सिखाया और मैंने उसे गणित के सवाल समझाए। कोऑपरेटिव लर्निंग से मैंने सीखा कि विविधता (Diversity) कोई कमज़ोरी नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी ताकत होती है।

5. पढ़ाई से दोस्ती तक


सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब पढ़ाई बोझ नहीं रही। मुश्किल Maths के सवाल भी हम Contact Point पर मिलकर आराम से solve कर लेते हैं। परीक्षा की चिंता भी पहले से काफ़ी कम हो गई है, क्योंकि हमें पता होता है कि कोई न कोई हमारा doubt ज़रूर clear कर देगा। मैंने यहाँ सिर्फ़ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि life skills भी सीखी हैं।


इस प्रक्रिया में मेरे ऐसे पक्के दोस्त बने हैं, जो सिर्फ़ classmates नहीं बल्कि सच्चे partners जैसे हैं।

निष्कर्ष

कोऑपरेटिव लर्निंग ने मुझे केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका भी सिखाया है। इससे मेरे अंदर Communication, Empathy, Responsibility और Teamwork जैसी महत्वपूर्ण खूबियाँ विकसित हुई हैं।

आज मैं भविष्य में डॉक्टर बनूँ या इंजीनियर, मैं अकेले नहीं बल्कि टीम के साथ मिलकर काम करना चाहूँगा, ताकि हम सब मिलकर दुनिया में सकारात्मक बदलाव ला सकें। इसलिए कहा जाता है- “अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, लेकिन मुट्ठी भर चने मिलकर पूरी दुनिया का पेट भर सकते हैं।”





09

CHSC

Eight Years of Growing with Butterflies

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Gauri	7th	13 years	Sadar Bazar

My name is Gauri. I am from the Sadar Bazaar Contact Point of the Butterflies. I have been studying with Butterflies for the past 8 years. I belong to Uttar Pradesh. There are six siblings in my family. My father runs a roadside cart.

I am a CHE today and I have been told, and also learned, that CHEs should have health sessions every week.

Consequently, we began organizing a meeting once a week. I noticed that when the contact point was closed, children would often eat chips, Kurkure and fried foods.

This frequently caused them stomach aches and led to illness. Therefore, we decided to raise awareness about junk food versus healthy food. On August 21, 2025, we organized a rally to spread this message throughout the neighborhood. During the rally, the children created drawings and posters, wrote slogans and chanted slogans. The very next day, I observed a positive impact on the children and their families and many children at the contact point stopped eating junk food, and the local residents praised our efforts.

Seeing this made me feel truly proud to be a CHE. I learned a great deal from this experience- such as how to convey accurate information to people, the importance of personal hygiene and how to maintain a logbook to keep records of the children. I now organize various health sessions, share messages, and conduct short training workshops to benefit both the children and their parents. This was my real-life experience as a CHE, it was a journey filled with challenges yet deeply rewarding.



हिन्दी / कहानी 09

Butterflies के साथ आठ साल की यात्रा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
गौरी	**7वीं**	**13 साल**	**सदर बाज़ार**


मेरा नाम गौरी है। मैं बटरफ्लाइज़ संस्था के सदर बाज़ार कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ी हूँ। मुझे बटरफ्लाइज़ संस्था में पढ़ते हुए 8 साल हो गए हैं। मैं यू.पी. की रहने वाली हूँ। मेरे परिवार में हम 6 भाई-बहन हैं। मेरे पिताजी सड़क किनारे ठेला लगाते हैं।


मैं आज एक CHE हूँ और मुझे बताया गया है, साथ ही मैंने यह भी सीखा है कि CHE को हर सप्ताह स्वास्थ्य पर सत्र लेना चाहिए। इसलिए हमने हफ़्ते में एक दिन मीटिंग आयोजित करना शुरू किया। मैंने देखा कि जब कॉन्टैक्ट पॉइंट की छुट्टी होती थी, तब बच्चे अक्सर चिप्स, कुरकुरे और तला-भुना चीज़ें खाते थे। इससे उनका पेट दर्द होता रहता था और कई बार वे बीमार भी हो जाते थे। इसलिए हमने जंक फ़ूड और स्वस्थ भोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया।

21 अगस्त 2025 को हमने एक रैली निकालकर इस संदेश को मोहल्ले तक पहुँचाने की कोशिश की। रैली में बच्चों ने चित्र और पोस्टर बनाए, स्लोगन लिखे और नारे लगाए। रैली के अगले दिन मैंने देखा कि बच्चों और उनके परिवारों पर इसका सकारात्मक असर हुआ। कॉन्टैक्ट पॉइंट पर कई बच्चों ने जंक फ़ूड खाना बंद कर दिया और मोहल्ले वालों ने हमारी तारीफ़ भी की।

यह देखकर मुझे CHE बनकर बहुत अच्छा लगा। मेरे अनुभव से मैंने बहुत कुछ सीखा, जैसे लोगों तक सही जानकारी पहुँचाना, व्यक्तिगत साफ़-सफ़ाई पर ध्यान देना और बच्चों का रिकॉर्ड रखने के लिए लॉगबुक कैसे भरनी है। मैं अब अलग-अलग health session, संदेश और छोटे-छोटे प्रशिक्षणों का आयोजन भी करती हूँ, ताकि बच्चों और उनके माता-पिता दोनों को लाभ मिल सके।

यह मेरे CHE बनने का वास्तविक अनुभव था। यह अनुभव चुनौतियों से भरा हुआ था, लेकिन बहुत ही संतोषजनक रहा।





10

COOPERATIVE LEARNING

Cricket, Camaraderie, and Career Dreams

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Divyansh Kumar	8th	14 years	Sadar Bazar

My name is Divyansh Kumar, and I am a member of the Sadar Bazar Contact Point. I would like to share my life journey and my experiences here.

Before joining the Butterflies, I used to be very shy at school. I was afraid to ask anyone anything. If I didn't understand something in class, I would remain silent and couldn't muster the courage to ask questions. I had little interest in my studies and my grades were poor and I scored only 60% in Class 7.

Since I started attending classes at the Butterflies, there has been a significant change in me. Here, children are taught effectively through 'Cooperative Learning.' In this method, children study together in groups, express their views and get the opportunity to explain concepts to one another. This gave me the confidence to speak up and learn. One day, Bhaiya sat with me, and explained that making mistakes is okay and that, gradually, everything would become clear. Following that, I began participating regularly in the Cooperative Learning sessions. Gradually, I began to enjoy this method of learning, and my academic performance started improving. This benefited me at school as well. I now pass with good marks and ask my teachers questions without fear. Where I used to remain silent, I now actively participate in academic activities.

I was delighted to score 76% in Class 8. My parents are also very happy to see this change in me. They encourage me to attend the Contact Point even more than school because they feel that, alongside my studies, I am gaining confidence and learning new things there. Today, I aspire to move forward in life.

My dream is to become a teacher because I truly enjoy teaching children and learning alongside them. I am deeply grateful to the Butterflies for allowing me to grow and learn with confidence.



हिन्दी / कहानी 10

क्रिकेट, दोस्ती और करियर के सपने

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
दिव्यांश कुमार	**8वीं**	**14 साल**	**सदर बाज़ार**

मेरा नाम दिव्यांश कुमार है और मैं सदर बाज़ार कॉन्टैक्ट पॉइंट का सदस्य हूँ। मैं आपको अपने जीवन और यहाँ से जुड़े अनुभव के बारे में बताना चाहता हूँ। मेरे परिवार में मेरे माता-पिता और चार भाई-बहन हैं। पहले जब मैं स्कूल जाता था और Butterflies संस्था से नहीं जुड़ा था, तब मैं बहुत शर्मीला था। मुझे किसी से कुछ पूछने में डर लगता था। स्कूल में अगर कोई बात समझ नहीं आती थी, तो भी मैं चुप रहता था और सवाल पूछने की हिम्मत नहीं कर पाता था। पढ़ाई में भी मेरी रुचि कम थी और मेरे नंबर अच्छे नहीं आते थे। कक्षा 7 में मेरे केवल 60% अंक आए थे।


लेकिन पिछले एक साल से जब से मैं Butterflies संस्था में पढ़ने के लिए जाने लगा हूँ, तब से मेरे अंदर बहुत बदलाव आया है। यहाँ बच्चों को Cooperative Learning के माध्यम से बहुत अच्छे तरीके से पढ़ाते हैं। इसमें सभी बच्चे समूह में मिलकर पढ़ते हैं, अपनी बात रखते हैं और एक-दूसरे को समझाने का मौका मिलता है। इससे मुझे बोलने और सीखने का आत्मविश्वास मिला।


एक दिन भैया ने मुझे अपने पास बैठाकर समझाया कि अगर गलतियाँ होंगी तो कोई बात नहीं, धीरे-धीरे सब समझ में आने लगेगा। इसके बाद मैंने Cooperative Learning पद्धति में नियमित रूप से भाग लेना शुरू किया। धीरे-धीरे मुझे यह तरीका बहुत अच्छा लगने लगा और मेरी पढ़ाई में भी सुधार आने लगा। इसका फ़ायदा मुझे स्कूल में भी होने लगा। अब मैं अच्छे नंबरों से पास हो रहा हूँ और स्कूल में टीचर से बिना डरे सवाल पूछ लेता हूँ।

पहले जहाँ मैं चुप रहता था, अब मैं पढ़ाई से संबंधित कामों में सक्रिय रूप से भाग लेता हूँ।

कक्षा 8 में मेरे 76% अंक आए, जिसे देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। मेरे इस बदलाव को देखकर मेरे मम्मी-पापा भी बहुत खुश हैं। वे मुझे स्कूल से भी ज़्यादा कॉन्टैक्ट पॉइंट जाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वहाँ से मुझे पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविश्वास और नई सीख भी मिल रही है। आज मैं अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहता हूँ।

मेरा सपना है कि मैं एक अच्छा शिक्षक बनूँ, क्योंकि मुझे बच्चों को पढ़ाना और उनके साथ सीखना बहुत अच्छा लगता है। मैं Butterflies संस्था का बहुत आभारी हूँ, जिसने मुझे आगे बढ़ने और आत्मविश्वास के साथ सीखने का अवसर दिया।





II

CDK CHSC

The School of Self-Confidence

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Samar	8th	13 years	Hathi Park

My name is Samar. I am 13 years old. I came to Delhi from my village to study. My father works at a tea stall, and my mother takes care of the household chores. My father sends money to both my grandmother and my maternal grandmother for expenses and we barely manage to survive. That's why my father sets up shop on the tracks even on Sundays.

My brother brought me to 'Butterflies' for the first time. Initially, I used to be very quiet and reserved at the contact point. But there is a lot of change between the summer of before and now. Earlier, I didn't know how to read at all, and I was afraid to speak in front of others. But participating in activities like Bal Sabha, Meeting, CDK, CHSC in Butterflies has brought changes in me.

I used to volunteer to become a leader in every meeting, but I always lost. Still, I never backed down from participating. After much effort, I finally became a CHE. Then I felt very happy that for the first time I had achieved something.

One day, when my uncle was chasing a monkey, suddenly his leg got caught in an iron net, due to which his leg got badly injured and started bleeding. I administered first aid, which stopped the bleeding and then he went to a doctor. Later, my uncle asked me how I knew how to do all that. I told im that I was trained by a doctor in Butterflies, so I know this and everyone there was praising my work. I felt very happy after hearing all this.



हिन्दी / कहानी 11

आत्मविश्वास की पाठशाला

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
समर	**8वीं**	**13 साल**	**हाथी पार्क**


मेरा नाम समर है। मैं 13 साल का हूँ। मैं गाँव से दिल्ली पढ़ने के लिए आया हूँ। मेरे पिताजी चाय की दुकान पर काम करते हैं और मेरी मम्मी घर का काम-काज देखती हैं। मेरे पिताजी को मेरी दादी और नानी दोनों को खर्चों के लिए पैसे भेजते हैं और हमारा गुज़ारा मुश्किल से होता है। इसलिए मेरे पिताजी संडे को भी पटरी पर दुकान लगाते हैं।

पहली बार बटरफ्लाइज़ में मेरा भाई मुझे लेकर आया था। तब मैं शुरू में कॉन्टैक्ट पॉइंट पर बहुत शांत और चुपचाप रहता था। लेकिन पहले और अब के समर में बहुत बदलाव है। पहले मुझे पढ़ना बिल्कुल नहीं आता था। सबके सामने कुछ भी बोलने में डर लगता था। पर बटरफ्लाइज़ में होने वाली क्रियाकलाप जैसे बाल सभा, मीटिंग, CDK, CHSC में भाग लेने से मेरे अंदर बदलाव आए हैं।

पहले मैं हर मीटिंग में लीडर बनने के लिए खड़ा होता था, पर हमेशा मैं हार जाता था। फिर भी मैं भाग लेने से पीछे नहीं हटता था। और बहुत कोशिशों के बाद मैं एक बार CHE बना। तब मुझे बहुत खुशी हुई कि पहली बार मैं कुछ बना हूँ।

एक दिन मेरे अंकल बंदर को भगा रहे थे तो अचानक से उनका पैर लोहे के जाल में आ गया, जिससे उनके पैर में ज़्यादा चोट लग गई और खून बहने लगा। फिर मैंने उनका first aid किया, जिससे खून रुक गया। फिर वो डॉक्टर के पास गए। बाद में अंकल ने मुझसे पूछा कि तुम्हें ये सब कैसे आता है। मैंने उन्हें बताया कि मुझे बटरफ्लाइज़ में डॉक्टर के द्वारा ट्रेनिंग दी गई है इसलिए मुझे यह आता है और वहाँ सब मेरे काम की तारीफ़ कर रहे थे। यह सब सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगा।





12

CDK CHSC

A Journey of Rising Through Responsibility

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Arbaaz	12th	16 year	–

My name is Arbaaz. I study in class 12. I joined Butterflies on 01/02/2020. There are 7 members in my family. My father works as a confectioner. The environment around my neighbourhood is very bad. Boys used to roam around, stand together, and spend time chatting. My father told me about Butterflies and said that apart from studies, they taught about different things. After joining Butterflies, I became disconnected from that environment because I was interested in studies and joined the Okhla Mandi contact point of Butterflies. I started going there daily, then gradually I came to know about CHSC and CDK. The year in which I came to Butterflies, everything was disturbed by a virus called COVID –19. Here we were already taught everything about health, hygiene, how to wash hands and maintain hygiene. Due to this training, no one here got affected by COVID-19. The Child Health Educator (CHE) takes a session on how we can stay clean and why it is important, which can be useful even in our difficult times.

In 2022, Didi announced that the election of child leaders for CDK and CHSC was going to be held, which happens every 6 months. This time, I understood all the programs that are organized here like Bal Sabha (Children's Council), football tournament and many more. As I am interested in football, I thought why not become a Child Sports Educator (CHE) and contribute something. Then I stood for the post of CSE and won through voting by children. I felt very proud.

I promised the children that I would take them to nearby parks for the sports in these 6 months and if there was any issue, we would resolve it. Then we attended training for CSE in which we were told about our responsibilities and how to fulfil them. After the training, our football tournament was approaching, so we decided that we would practice every day, but at that time we did not have a good ground to play the match. There was one ground where condition was very bad, people used to throw garbage and litter the ground.

Collective Action: I organised a meeting with my football team and discussed if we do not play for a day but clean the ground. Everyone agreed to this. We cleaned the ground the next day, we arranged a dustbin from our neighbourhood and placed it in a visible location for disposing the garbage for public. Seeing this initiative, the municipal corporation got motivated and arranged a permanent dustbin.

From the next day we started going there to play and some women also started coming with their children. I felt very good that we did a good work which was not only for us but also for the people around us.

I learned from this experience that by yourself alone, there is a limit to what one can achieve alone, but when we work together in a group then the goal is achieved. Contact points- Okhla Mandi



हिन्दी / कहानी 12

ज़िम्मेदारी से उड़ान की यात्रा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
अरबाज़	**12वीं**	**16 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम अरबाज़ है। मैं 12वीं कक्षा में पढ़ता हूँ। मैंने February 2020 को Butterflies जॉइन किया। मेरे परिवार में 7 सदस्य हैं। मेरे पिताजी हलवाई का काम करते हैं। मेरे आसपास का माहौल बहुत खराब था। लड़के इधर-उधर घूमते रहते थे, साथ खड़े होकर बातें करते थे। तब मेरे पिताजी ने मुझे Butterflies के बारे में बताया कि वहाँ पढ़ाई के अलावा और भी बहुत सी अलग-अलग चीज़ें सिखाई जाती हैं।

फिर मैं उस माहौल से अलग हो गया क्योंकि मेरी पढ़ाई में रुचि थी और मैं Butterflies के ओखला मंडी कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ गया। उसके बाद मैं रोज़ वहाँ जाने लगा। धीरे-धीरे मुझे CHSC और CDK के बारे में पता चला। जिस साल मैं Butterflies में आया, उस समय COVID-19 नाम की बीमारी के कारण सब कुछ अस्त-व्यस्त हो गया था। लेकिन यहाँ हमें स्वास्थ्य और साफ़-सफ़ाई के बारे में सब कुछ सिखाया गया, जैसे हाथ कैसे धोना है, मास्क कैसे पहनना है और साफ़-सफ़ाई कैसे बनाए रखनी है। इस वजह से यहाँ कोई भी COVID-19 से प्रभावित नहीं हुआ। CHE हमें यह भी सिखाते हैं कि हम साफ़-सुथरे कैसे रह सकते हैं और यह क्यों ज़रूरी है, जो मुश्किल समय में भी हमारे बहुत काम आता है।


साल 2022 में दीदी ने घोषणा की कि लीडर्स का चुनाव होने वाला है, जो हर 6 महीने में होता है। तब तक मुझे यहाँ होने वाले सभी कार्यक्रमों जैसे बालसभा, फुटबॉल टूर्नामेंट और कई दूसरी गतिविधियों की समझ हो गई थी। क्योंकि मुझे फुटबॉल में बहुत रुचि थी, मैंने सोचा कि क्यों न मैं CSE - Child Sports Educator बनकर कुछ योगदान दूँ। फिर मैं CSE के पद के लिए चुनाव में खड़ा हुआ और वोटिंग के ज़रिए जीत गया। मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। मैंने बच्चों से वादा किया कि इन 6 महीनों में मैं आपको खेलों के लिए लेकर जाऊँगा और अगर कोई समस्या होगी तो हम मिलकर उसका समाधान करेंगे।

इसके बाद हमने CSE की ट्रेनिंग ली, जिसमें हमें बताया गया कि हमारी ज़िम्मेदारियाँ क्या होंगी और उन्हें कैसे निभाना है। ट्रेनिंग के बाद हमारा फुटबॉल टूर्नामेंट आने वाला था, इसलिए हमने तय किया कि हम रोज़ प्रैक्टिस करेंगे। लेकिन उस समय हमारे पास खेलने के लिए अच्छा मैदान नहीं था। एक मैदान था, लेकिन उसकी हालत बहुत खराब थी और लोग वहाँ कूड़ा फेंकते थे।

सामूहिक कार्यवाही (Collective Action):

मैंने अपनी फुटबॉल टीम के साथ एक मीटिंग की और चर्चा की कि अगर हम एक दिन खेल न खेलकर मैदान की सफ़ाई करें तो कैसा रहेगा। सब लोग इस बात के लिए तैयार हो गए। अगले दिन हमने मैदान की सफ़ाई की और अपने पड़ोस से एक डस्टबिन का इंतज़ाम किया और उसे लोगों के कचरा फेंकने के लिए एक ऐसी जगह पर रखा जहाँ वह आसानी से दिखे। इस पहल को देखकर नगर निगम प्रेरित हुआ और उसने पक्के डस्टबिन का इंतज़ाम किया। फिर अगले दिन से हमने वहाँ खेलना शुरू किया। कुछ आंटियाँ भी अपने बच्चों के साथ वहाँ आने लगीं। तब मुझे बहुत अच्छा लगा कि हमने एक अच्छा काम किया, जो सिर्फ़ हमारे लिए नहीं बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी फ़ायदेमंद था।

मैंने इससे यह सीखा कि अकेले हम सिर्फ़ एक सीमा तक ही कुछ हासिल कर सकते हैं, लेकिन जब हम मिलकर किसी लक्ष्य को पाने के लिए काम करते हैं, तो वह ज़रूर पूरा होता है।



13

COOPERATIVE LEARNING CDK

My Family's Twenty-Two-Year Journey

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Arun	12th	15 Years	Okhla Mandi

My name is Arun, and I am currently 15 years old. I live in Okhla Mandi, Srinivaspuri. My family has been living in Delhi for nearly 22 years. My father sells vegetables in Okhla Mandi, and my mother stays at home and takes care of the household. We are six siblings. My father had the opportunity to study, but he could only complete his education up to Class 5 because of family responsibilities. That is why he wants me and my brothers and sisters to study well and fulfil our dreams.

I grew up with my siblings in the same slum community. There was not much of an environment for education where we lived, and since my father did not earn much, my family could not afford private tuition for me. Even at school, teachers did not pay much attention to me. After school, I spent most of my time playing or sometimes helping my father at the vegetable market.

One day, while my friend and I were playing, he said, "I am leaving." I asked him, "Where are you going?" He replied, "I am going to study at the Butterflies Contact Point." I also wanted to go there, but I was worried that there might be a fee because I had no money. My friend told me that there was no fee, the teaching was very good, and that I should come with him. He even offered to help me get enrolled. So, I went with him to the Butterflies Contact Point and met Sana Didi. She told me that I could join. I started attending the Contact Point in 2021, when I was studying in Class 7.

In the beginning, I did not enjoy going there very much because, due to the COVID-19 pandemic, only a few children were allowed to attend. As the situation gradually improved and more children started coming to the centre, I began to enjoy being there. The way of teaching and learning at the Contact Point was completely different from school. Here, children studied in groups through a method called Cooperative Learning. First, Didi would explain a topic, and then we would work together to discuss and understand it. Once we understood the concept of Cooperative Learning, we realised how studying could actually become more effective.

When we attended a Cooperative Learning training programme, we learned different techniques such as the Circle of Speakers, Pair and Switch, Summariser, and Reflector. I started using these methods in my studies. Mathematics is my favourite subject, and I enjoy helping the children in my group with maths. While helping them, I also revise my own lessons.

I remember one occasion when we had a unit test at school. My friend Anurag was having a lot of difficulty understanding a chapter. We decided that after the Contact Point session, we would meet at my house and study the chapter together. Anurag scored good marks in the test and was very happy. All of us were happy because everyone in our group performed well.

As I progressed in my studies, I also started taking part in other activities. I became interested in the monthly Bal Sabha, cultural programmes, sports activities, and Life Skills sessions.

One of the Life Skills programmes that impressed me the most was CDK. Through CDK, we prepare ourselves for the future by developing the habit of saving money. We learn that even if our income is small, we should save a part of it. In CDK, depositing and withdrawing money feels almost like a game, and it also involves mathematics, which attracted me because I enjoy maths.

CDK is managed by two Child Volunteer Managers (CVMs), who are responsible for handling deposits and withdrawals. It works much like a bank, where managers take care of financial transactions. Watching them do this made me feel that I could also take on such a responsibility.

One day, elections were held at my Contact Point. I decided to stand as a candidate for the position of Child Volunteer Manager (CVM). The children supported me, and I was elected to the role. After attending a training programme, I started managing CDK activities. I collected savings from children and maintained the ledger book, cash book, and passbooks. I really enjoyed doing this work.

We children, created a timetable and fixed a specific time for deposits and passbook updates. This helped me balance both my studies and my CDK responsibilities effectively. Whenever I handled the savings, I felt that my future career was moving towards the banking sector. It was one of the best phases of my life.

One day, I noticed Didi working on some CDK records that showed the balances of all the children. I asked her what it was, and she explained that it was a balance sheet prepared every month. When she taught me how it worked, I became very interested. Since then, I have been helping Didi prepare the monthly balance sheets at the Contact Point. While preparing them, we often faced different challenges, but I enjoyed solving them. During this time, we also visited a bank, where we learned about its day-to-day operations. I even spoke with the bank manager and asked what I would need to do if I wanted to build a career in banking.

That visit gave me a clear direction for my future. It helped me realise that banking is the career I want to pursue, and I am determined to continue working towards that goal.



हिन्दी / कहानी 13

मेरे परिवार की बाईस साल की यात्रा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
अरुण	**12वीं**	**15 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम अरुण है और अभी मैं 15 साल का हूँ। मैं ओखला मंडी, श्रीनिवासपुरी में रहता हूँ। मेरा परिवार लगभग 22 सालों से दिल्ली में रह रहा है। मेरे पिताजी ओखला मंडी में सब्जियाँ बेचते हैं और मेरी माँ घर पर रहकर घर का काम-काज संभालती हैं। हम कुल 6 भाई-बहन हैं। मेरे पिताजी को पढ़ाई का मौका तो मिला था, लेकिन वे सिर्फ़ पाँचवीं कक्षा तक ही पढ़ पाए। परिवार की ज़िम्मेदारियों की वजह से उन्हें ज़्यादा पढ़ने का मौका नहीं मिला। इसलिए, मेरे पिताजी चाहते हैं कि मैं और मेरे भाई-बहन खूब पढ़ें और अपने सपनों को पूरा करें।

मैं भी अपने भाई-बहनों के साथ इस झुग्गी-बस्ती में पला-बढ़ा हूँ। जहाँ हम रहते हैं वहाँ पढ़ाई का माहौल नहीं था, और क्योंकि मेरे पिताजी ज़्यादा नहीं कमाते थे, इसलिए परिवार के पास मेरी पढ़ाई के लिए प्राइवेट ट्यूशन लगवाने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे। स्कूल में भी, कोई भी टीचर मुझ पर ज़्यादा ध्यान नहीं देता था। स्कूल के बाद मैं अपना ज़्यादातर समय खेलने-कूदने में ही बिताता था। और कभी मंडी जाकर पापा की हेल्प करता था।

एक दिन, मैं और मेरा दोस्त खेल रहे थे, तभी मेरे दोस्त ने कहा, "मैं जा रहा हूँ।" मैंने पूछा, "तुम कहाँ जा रहे हो?" उसने कहा, "मैं पढ़ाई करने के लिए 'बटरफ़्लाई कॉन्टैक्ट पॉइंट' जा रहा हूँ।"

मेरा भी वहाँ जाने का मन हुआ, लेकिन मुझे चिंता थी कि कहीं वहाँ पैसे तो नहीं लगेंगे, क्योंकि मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं थे। तब मेरे दोस्त ने कहा कि वहाँ कोई फ़ीस नहीं लगती, वहाँ पढ़ाई बहुत अच्छी होती है, और तुम मेरे साथ चलो, मैं तुम्हारा नाम लिखवा दूँगा। फिर मैं उसके साथ बटरफ़्लाई कॉन्टैक्ट पॉइंट गया और वहाँ सना दीदी से बात की। उन्होंने कहा कि तुम आ सकते हो। मैंने 2021 में कॉन्टैक्ट पॉइंट जाना शुरू किया। तब मैं 7th में पढ़ता था। शुरुआत में मेरा वहाँ मन नहीं लगता था, क्योंकि कोरोना की वजह से बहुत कम बच्चों को ही वहाँ आने की इजाज़त थी। धीरे-धीरे हालात बेहतर हुए और बच्चे हमारे सेंटर में आने लगे, तब मुझे वहाँ बहुत अच्छा लगने लगा।

'कॉन्टैक्ट पॉइंट' पर पढ़ाने और समझने का तरीका स्कूल से बिल्कुल अलग था। यहाँ बच्चे ग्रुप में बैठकर पढ़ाई करते थे, जिसे हम Cooperative Learning कहते हैं। पहले दीदी हमें कोई टॉपिक समझाती थीं, और फिर हम बच्चे आपस में मिलकर उस टॉपिक को पढ़ते और समझते थे। Cooperative Learning को ठीक से समझने के बाद, हमें यह समझ में आया कि असल में पढ़ाई कैसे की जानी चाहिए। जब हम कोऑपरेटिव लर्निंग ट्रेनिंग के लिए गए, तो वहाँ हमने कोऑपरेटिव लर्निंग के कुछ तरीके सीखे, जिनका हमने पालन किया —जैसे 'सर्कल ऑफ़ स्पीकर्स', 'पेयर एंड स्विच', 'समराइज़र' और 'रिफ्लेक्टर'। मैंने इन तरीकों को अपनाया और इस तरह पढ़ाई करने लगा।

मुझे गणित बहुत अच्छा लगता है और मैं अपने ग्रुप में सबको गणित में मदद करता हूँ तो मुझे बहुत अच्छा लगता है इस तरह से मेरा भी revision हो जाता है। मुझे याद है एक बार हमारा स्कूल में यूनिट टेस्ट था और मेरे दोस्त अनुराग को बहुत परेशानी हो रही थी समझने में, तो हमने निर्णय किया कि हम लोग कॉन्टैक्ट पॉइंट के बाद मेरे घर में मिल कर चैप्टर को समझेंगे, अनुराग के टेस्ट में अच्छे नंबर आये वो बहुत खुश था, और हम सब भी बहुत खुश थे क्योंकि हम सबके अच्छे नंबर आये थे।

जैसे-जैसे मैं पढ़ाई में आगे बढ़ा, मैंने दूसरी गतिविधियों में भी हिस्सा लेना शुरू कर दिया। हर महीने होने वाली 'बाल सभा', सांस्कृतिक, स्पोर्ट्स, और 'जीवन कौशल सत्र' जैसी गतिविधियों में मेरी दिलचस्पी बढ़ती गई। CDK एक ऐसा 'जीवन कौशल' है जिसके ज़रिए हम भविष्य के लिए पहले से तैयारी करते हैं; हम अपने अंदर इस कौशल को विकसित करते हैं। बड़े होने पर हमें पैसे बचाने चाहिए —भले ही हमारी आमदनी कम हो, हमें उसमें से कुछ पैसे बचाना सिखाता है। CDK में बचत की जाती है, जिसमें पैसे जमा करना और निकालना एक खेल जैसा होता है; यह बिल्कुल गणित जैसा ही है और मैं इससे बहुत प्रभावित हुआ, क्योंकि मुझे गणित आता था।

CDK में दो Child Volunteer Managers भी होते हैं जो हमारे पैसे जमा करते और निकालते हैं। यह बिल्कुल एक बैंक की तरह कार्य करता है -ठीक वैसे ही जैसे बैंक में कोई प्रबंधक पैसे जमा करता और निकालता है। जब मैंने उन्हें ऐसा करते देखा, तो मुझे लगा कि मैं भी यह काम कर सकता हूँ।


एक दिन, मेरे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर चुनाव हुए। मैंने भी उस चुनाव में 'CVM' के पद के लिए उम्मीदवारी पेश की। बच्चों ने मेरा बहुत साथ दिया और मुझे CVM का पद मिल गया। हमारी एक ट्रेनिंग हुई, जिसके बाद मैंने CDK का काम संभालना शुरू कर दिया। मैं बच्चों से पैसे जमा करता था और 'लेजर बुक', 'कैश बुक' और 'पासबुक' अपडेट का काम करता था; मुझे यह काम करने में बहुत मज़ा आता था।

हम बच्चों ने मिल कर टाइम टेबल बना रखा था, बच्चों के लिए पैसे जमा करने और अपनी पासबुक अपडेट करवाने के लिए एक निश्चित समय तय कर दिया था। इसकी वजह से मेरी पढ़ाई और CDK—दोनों ही काम बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित रहे। जब मैं पैसे जमा करने का काम करता था, तो मुझे महसूस होता था कि मेरा करियर बैंकिंग के क्षेत्र की ओर ही आगे बढ़ रहा है; यह मेरी ज़िंदगी का सबसे बेहतरीन दौर था।

एक दिन मैंने दीदी को देखा कि वह कुछ CDK का काम कर रही हैं, उसमें सब बच्चों का बैलेंस दिख रहा था तो मैंने दीदी से पूछा कि ये क्या है। तब उन्होंने मुझे बताया कि यह बैलेंस शीट है जो हर महीने बनाई जाती है। जब उन्होंने मुझे समझाया तो मुझे बहुत interest आया। तब से मैं कॉन्टैक्ट पॉइंट पर दीदी के साथ मिलकर 'बैलेंस शीट' तैयार करने लगा। बैलेंस शीट बनाते समय कई तरह की दिक्कतें आती थीं, लेकिन मैं उन सभी दिक्कतों को हल कर लेता था।

इस दौरान हमने बैंक विज़िट भी किया था जहाँ हमें बैंक के कामों के बारे में बताया गया, मैंने वहाँ बैंक के मैनेजर से भी बात की और जाना कि अगर मुझे बैंक के क्षेत्र में अपना करियर बनाना है तो मुझे क्या तैयारी करनी होगी। वहाँ से मुझे अपने करियर के लिए एक दिशा मिली है और मैं इस दिशा को अपने जीवन में फॉलो करूँगा।





14

CHSC

Steps Toward a Brighter Future

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Aryan	10th	16 years	Uttarakhand

My name is Aryan, and I am a student in class 10th. There are seven members in my family. My father's name is Mr Nandkishore, and my mother's name is Mrs Anju Devi. We are three siblings. My sister and I are involved with the Butterflies. One of my brothers is not involved with the Butterflies because he is too young at present. My father works as a labour, and my mother is a homemaker.

I am a resident of Rajiv Nagar, Doiwala, Uttarakhand and my family has been living here for 20 years. I have been associated with Butterflies for five years. There is a significant difference between my life before joining Butterflies and now. I had previously dropped out of school. Then I joined Butterflies through Bhaiya-Didi, where I got back to my education and experience of cooperative.

Cooperative gave me the freedom to express my views. Earlier, there was hesitation in expressing one's views in front of anyone, but now that hesitation has ended through the cooperative. We were taught to work together in unity. This is a cooperative which all of us children run together. Here we get to lead as leaders. We also receive training that teaches us how to run a cooperative as leaders. We were also taught how to save money at the cooperative, which can make a huge difference in our lives. We also learned about life skills here.

Learning about life skills played a crucial role in my personal transformation. I save money and, as a child leader, encourage others to do the same. I also had the opportunity to become a CVM. We were taken to Dehradun for training to become effective CVMs. We were taught about cooperatives. In our cooperative, we also find solutions to the financial problems that we face in our lives.

We can take advances here and I also took an advance for my studies because my father was unwell and his earning stopped. I also participated in the GBM. We addressed issues related to the cooperative. The problems that the cooperative members brought up were solved by the members themselves. In our cooperative, we also learn to look after our health.

Through the CHE, we receive guidance on health, such as what to eat during different seasons and how to prevent illnesses and undergo health check-ups to ensure everyone stays healthy. The reason I am able to write all this today is because of the cooperative, which made me a child who could take care of his own and his friends' health and life and teach them something. CSE teaches us about games and encourages us to play new games.

I am so happy that I had the opportunity to join the cooperative and have a memorable experience of my life.

हिन्दी / कहानी 14

उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
आर्यन	**10th**	**16 साल**	**उत्तराखंड**

मेरा नाम आर्यन है। मैं कक्षा 10 का छात्र हूँ। मेरे परिवार में 7 सदस्य हैं। मेरे पिताजी का नाम श्री नंदकिशोर जी है तथा मेरी माताजी का नाम श्रीमती अंजू देवी है। हम तीन भाई-बहन हैं। मैं और मेरी बहन बटरफ्लाइज़ से जुड़े हैं। मेरे एक भाई की कम उम्र होने के कारण वह बटरफ्लाइज़ से नहीं जुड़ा है। मेरे पिताजी मज़दूरी करते हैं और मेरी माताजी गृहिणी हैं।

मैं राजीव नगर, डोईवाला, उत्तराखंड का रहने वाला हूँ तथा मेरे परिवार को यहाँ 20 वर्ष हो चुके हैं। मैं बटरफ्लाई से 5 वर्षों से जुड़ा हूँ। बटरफ्लाइज़ से जुड़ने से पहले और अब में बहुत फ़र्क दिखाई दिया है। पहले मैं स्कूल छोड़ चुका था। तब मैं भैया-दीदी के माध्यम से बटरफ्लाइज़ से जुड़ा, जहाँ मुझे शिक्षा तथा कोऑपरेटिव का अनुभव प्राप्त हुआ।


कोऑपरेटिव में मुझे अपनी बात रखने की स्वतंत्रता मिली। पहले किसी के सामने अपनी बात रखने में झिझक होती थी, लेकिन अब वह झिझक कोऑपरेटिव के माध्यम से खत्म हो गई। यहाँ हमें एकजुट होकर काम करना सिखाया गया। यह एक ऐसा कोऑपरेटिव है जिसे हम सभी बच्चे मिलकर चलाते हैं। यहाँ हमें नेता के रूप में नेतृत्व करने के लिए मिला। हमें ट्रेनिंग भी दी जाती है जिससे हमें नेता के रूप में किस तरह कोऑपरेटिव को चलाया जाता है, यह सिखाया गया। हमें कोऑपरेटिव में पैसे बचाना भी सिखाया गया, जिससे जीवन में काफ़ी परिवर्तन भी लाते हैं। हमें यहाँ जीवन कौशल के बारे में भी जानने को मिला।


जीवन कौशल के बारे में काफ़ी जानकारी दी, जो कि मेरे बदलाव का एक अहम कारण बना। मैं पैसे की बचत करता हूँ और सभी को एक बाल नेता के रूप में बचत के बारे में बताता हूँ। मुझे यहाँ CVM बनने का भी मौका मिला। हमें यहाँ देहरादून ट्रेनिंग में ले जाया गया ताकि हम अच्छे CVM बनें। हमें कोऑपरेटिव के बारे में बताया गया। हमारे कोऑपरेटिव में हमारे जीवन में होने वाली आर्थिक समस्याओं का भी हम समाधान निकालते हैं।

हम यहाँ एडवांस लेते हैं और मैंने भी यहाँ एडवांस लिया, जो कि मेरे पिताजी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अपनी पढ़ाई के लिए था। मैंने GBM में भी भाग लिया। हमने कोऑपरेटिव से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया। जो समस्याएँ कोऑपरेटिव के सदस्य बताते थे, उनका समाधान भी स्वयं निकालते थे। हमारे कोऑपरेटिव में हम अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखते हैं।

CHE के द्वारा हमें स्वास्थ्य के बारे में भी बताया जाता है कि हमें किस मौसम में क्या खाना चाहिए, किस बीमारी से कैसे बचना चाहिए और हमारा हेल्थ चेकअप भी किया जाता है, जिससे सभी स्वस्थ रहें। मैं आज यह सब लिख पा रहा हूँ, उसका कारण कोऑपरेटिव है, जिसने मुझे एक ऐसा बच्चा बनाया जो अपना और अपने साथियों के स्वास्थ्य और जीवन का ध्यान रखते हुए उन्हें कुछ सिखा सके। CSE जहाँ हमें नए-नए खेलों के बारे में बताता है और खिलवाता है।

मैं बहुत खुश हूँ कि मुझे कोऑपरेटिव से जुड़ने का मौका मिला और जीवन का एक यादगार अनुभव प्राप्त हुआ।





15

CDK CHSC

New Surroundings, A Place of My Own

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Bidya Sagar Ram	12th	16 years	Hathi Park

My name is Bidya Sagar Ram, and I am originally from Dhulia village, Sahibganj district, Jharkhand. My parents have been living in Delhi for the past 19–20 years. My father works at a tea stall and earns around ₹15,000 per month. With this income, it is difficult to manage household expenses such as rent, daily necessities, and other responsibilities. In addition, my father is also responsible for supporting both my paternal grandmother and maternal grandmother. Since my mother is the only daughter in her family, my parents also take care of my maternal grandmother, as there is no one else to support her.

To help manage our family's financial situation, every Sunday we set up a small roadside stall, which provides some extra income and makes it easier to run our household. I actively support my father in this work, and from the earnings, he gives me a small amount, which I save for my future.

A major turning point in my life came in August 2018, when I joined Butterflies through my friend Akash. At that time, I was studying in fourth grade. I had very little interest in studies because I often did not understand what was being taught, and I never had the confidence to ask questions when I was confused. When I first joined the Butterflies Contact Point, I also found many things difficult to understand.

I observed how other children actively participated in activities like Bal Sabha, CDK, CHSC, and Life Skills sessions, expressing themselves openly and confidently. Watching them inspired me, and I slowly began participating as well.

Then, between 2019 and 2022, the COVID-19 lockdown disrupted everything, and once again, my interest in studies began to decline. But in 2022, when the Contact Point reopened fully and I started attending regularly again, I gradually regained my motivation and interest in learning.

Earlier, I never used to save money because I felt that saving small amounts would not make much difference. But the Bhaiyas and Didis at Butterflies explained to me the importance of savings. Through the Life Skills sessions, I learned the important difference between “wants” and “needs” and understood that we should focus more on our needs than unnecessary desires. This lesson changed my mindset. I started controlling unnecessary spending and began saving money little by little.

Today, I am proud to say that I have saved nearly ₹20,000 in my CDK account. These savings have also helped me support my family whenever needed. I still remember one emotional moment when my parents were in our village and needed ₹4,000 for tickets to return to Delhi. Without hesitation, I withdrew ₹4,000 from my savings and sent it to them. When they found out that the money came from my own savings, not borrowed from anyone, they were deeply touched. That moment made me realize the true value of saving and responsibility.

Since then, I have set a goal for myself—to save at least ₹2 lakh in the future so that I can start my own business. My dream is to build something of my own and provide every comfort to my parents. I especially want to help my father start his own business, so he never has to struggle or face financial hardship again.

Along with learning about saving and responsibility, Butterflies has also given me opportunities to develop as a leader. I have participated in different leadership roles such as Child Sport Educator (CSE), Child Volunteer Manager (CVM), Child Health Educator (CHE) and various workshops. These experiences have helped me build confidence and taught me how to express my thoughts openly in front of others.

There is a huge difference between the Bida Sagar I was before and the person I am today. Earlier, I was shy, unsure of myself, and lacked confidence. Today, I am more responsible, more confident, and more determined to achieve my dreams and support my family. I believe that Butterflies programmes have taught me things that schools often do not teach like responsibility, confidence, the importance of saving, and the courage to dream big. Schools mainly focus on academics, but Butterflies has taught me how to live, grow, and believe in myself. These lessons have become the greatest strength for my future.

हिन्दी / कहानी 15

नया परिवेश, उचित स्थान

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
विद्यासागर राम	**12th**	**16 साल**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम विद्यासागर राम है और मैं मूल रूप से ग्राम धुलिया, ज़िला साहिबगंज, झारखंड का निवासी हूँ। मेरे माता-पिता पिछले 19–20 वर्षों से दिल्ली में रह रहे हैं। मेरे पिताजी एक चाय की दुकान पर काम करते हैं, जहाँ उन्हें लगभग ₹15,000 प्रतिमाह वेतन मिलता है। इतनी आय में घर का किराया, रोज़मर्रा का खर्च और अन्य ज़रूरतों को पूरा करना आसान नहीं होता। इसके साथ-साथ मेरे पिताजी पर मेरी दादी और नानी, दोनों परिवारों की ज़िम्मेदारी भी है। मेरी नानी की केवल एक ही बेटी है—मेरी माँ—इसलिए उनकी देखभाल की ज़िम्मेदारी भी मेरे माता-पिता ही निभाते हैं।

परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए हम हर रविवार को सड़क किनारे पर दुकान लगाते हैं, जिससे कुछ अतिरिक्त आय हो जाती है और घर चलाने में मदद मिलती है। इस काम में मैं भी अपने पिताजी का पूरा साथ देता हूँ। इस काम से जो कुछ पैसे मिलते हैं, उनमें से कुछ पैसे पिताजी मुझे भी देते हैं, जिन्हें मैं अपनी बचत के लिए अलग रखता हूँ।

मेरी ज़िंदगी में एक बड़ा बदलाव तब आया जब मैं अगस्त 2018 में अपने दोस्त आकाश के माध्यम से Butterflies संस्था से जुड़ा। उस समय मैं चौथी कक्षा में पढ़ता था। उस समय पढ़ाई में मेरी बिल्कुल रुचि नहीं थी। मुझे जो पढ़ाया जाता था, वह समझ नहीं आता था, और समझ न आने पर मैं किसी से पूछने की हिम्मत भी नहीं करता था। जब मैं पहली बार कॉन्टैक्ट पॉइंट पर आया, तो यहाँ भी मुझे बहुत कुछ नया और कठिन लगा। लेकिन धीरे-धीरे मैंने देखा कि यहाँ बच्चे बालसभा, CDK, CHSC, Life Skills जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में खुलकर भाग लेते हैं, अपनी बात रखते हैं और आत्मविश्वास के साथ सीखते हैं। उन्हें देखकर मेरे मन में भी इच्छा जगी कि मैं भी ऐसा करूँ।

फिर 2019 से 2022 के बीच कोविड के कारण लॉकडाउन लग गया, जिससे मेरी पढ़ाई में रुचि फिर से कम होने लगी। लेकिन 2022 में जब कॉन्टैक्ट पॉइंट दोबारा खुला और मैंने वहाँ नियमित रूप से जाना शुरू किया, तो धीरे-धीरे मेरा पढ़ाई की ओर झुकाव फिर से बढ़ने लगा।

पहले मैं पैसों की बचत नहीं करता था, क्योंकि मुझे लगता था कि थोड़े-थोड़े पैसे बचाने से क्या होगा। लेकिन भैया और दीदी ने मुझे CDK (Child Development Khazana) के महत्व के बारे में समझाया। साथ ही, Life Skills के सत्रों में मैंने सीखा कि “इच्छा” और “ज़रूरत” में अंतर होता है, और हमें अपनी इच्छाओं के बजाय ज़रूरतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस सीख ने मेरे सोचने का तरीका बदल दिया। मैंने अपने अनावश्यक खर्चों को रोकना शुरू किया और धीरे-धीरे पैसे जमा करने लगा।


आज मुझे गर्व है कि मैंने अपने CDK अकाउंट में लगभग ₹20,000 जमा किए हैं। इन पैसों से मैंने कई बार अपने माता-पिता की मदद भी की है। एक बार मेरे माता-पिता गाँव गए हुए थे और उन्हें दिल्ली वापस आने के लिए ₹4,000 की ज़रूरत थी। उस समय मैंने अपनी बचत में से ₹4,000 निकालकर उन्हें भेज दिए। जब उन्हें पता चला कि यह पैसे मैंने अपनी खुद की बचत से दिए हैं, किसी से उधार लेकर नहीं, तो वह पल मेरे लिए बहुत भावनात्मक था। उस दिन मैंने यह ठान लिया कि मैं भविष्य में कम से कम ₹2 लाख रुपए बचाऊँगा, ताकि अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकूँ और अपने माता-पिता को हर वह सुविधा दे सकूँ, जिसके वे हकदार हैं। मेरा सपना है कि मैं अपने पिताजी के लिए एक व्यवसाय शुरू करूँ, ताकि उन्हें जीवन में कभी किसी चीज़ की कमी न हो।

Butterflies से जुड़कर मैंने केवल बचत करना ही नहीं सीखा, बल्कि नेतृत्व करना भी सीखा है। मैंने Child Sport Educator (CSE), Child Volunteer Manager (CVM), Child Health Educator (CHE) और कई वर्कशॉप्स में एक लीडर के रूप में भाग लिया है। इन अनुभवों ने मेरे अंदर आत्मविश्वास पैदा किया और मुझे अपनी बात सबके सामने रखने की हिम्मत दी।

आज के विद्यासागर और पहले के विद्यासागर में बहुत बड़ा अंतर है। पहले मैं चुप रहने वाला, डरने वाला और खुद पर विश्वास न करने वाला बच्चा था। आज मैं अपने सपनों को लेकर स्पष्ट हूँ, ज़िम्मेदार हूँ और अपने परिवार का सहारा बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा हूँ।

मुझे लगता है कि Butterflies ने मुझे वह सिखाया है, जो शायद स्कूल में कभी नहीं सिखाया जाता—ज़िम्मेदारी, आत्मविश्वास, बचत का महत्व, और अपने सपनों को सच करने का साहस। स्कूल में हमें केवल पढ़ाई पर ध्यान देना सिखाया जाता है, लेकिन यहाँ मैंने जीवन जीना सीखा है। यही सीख मेरे भविष्य की सबसे बड़ी पूँजी है।





16

COOPERATIVE LEARNING

My Experience with First Aid

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Deepika	9	13 years	Dayal Singh Camp

My name is Deepika. I am a student of Class 9 and have been associated with Butterflies for the past two years. I am a member of the Cooperative. Today, I want to share how Cooperative Learning and Bachpan Express have changed my life.

When I first came to the Contact Point, everything felt different. There was no one to scold us and there was no unnecessary pressure. But slowly, I realised that here we are expected to take responsibility for ourselves. No one is left behind, and everyone supports one another.

Cooperative Learning has changed the way I think. Earlier, I believed that only teachers speak and children simply listen. But now, I confidently share my ideas with the members of my group. Before joining, I rarely got the opportunity to express my thoughts. Today, I am able to speak openly and confidently in my group. I have also learned to listen to and understand the opinions of others.

Through Cooperative Learning, I learned that education is not limited to textbooks. We learn by helping each other, discussing ideas, and working together. In our group, every child's opinion matters and respected.

One day, during a discussion, Bhaiya told us about our children's newspaper called Bachpan Express. This newspaper is created entirely by children. Children take on the roles of reporters, editors, and writers. I found this very exciting and became interested in being a part of it. I told Bhaiya that I also wanted to contribute to the newspaper. I wrote a story and made a drawing, and when both were published in the newspaper, I felt very happy and proud.

Slowly, my interest in the media programme grew. I also became a part of BBC (Butterflies Broadcasting Children). Through this programme, I learned how to conduct interviews and create radio programmes—something I had always thought was only for adults. Through radio, I have also worked to spread awareness among people. Slowly, I learned how to write reports. I have written about the work that we children do together. Our Contact Point is located in an open space near a temple, where cleanliness is sometimes a challenge. We children decided that we would work together to make our Contact Point a better place. We cleaned the area, decorated it with drawings made by the children, and planted trees and plants together.

To share these efforts with others, I chose Bachpan Express as a medium to tell the story of our Contact Point and the work we had done. This experience greatly increased my self-confidence. Now, I believe that every child is special and that every child's voice matters.

Cooperative Learning has taught me that learning does not happen alone—it happens when we learn together. Bachpan Express has taught me that children's voices are important and deserve to be heard.

Today, I am Deepika—a proud member of Cooperative Learning and a young reporter for Bachpan Express.

हिन्दी / कहानी 16

प्राथमिक उपचार का अनुभव

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
दीपिका	**9**	**13 साल**	**दयाल सिंह कैंप**

मेरा नाम दीपिका है। मैं कक्षा नौवीं में पढ़ती हूँ और मैं Butterflies से 2 साल से जुड़ी हूँ। मैं कोऑपरेटिव की सदस्य हूँ। आज मैं बताऊँगी कि Cooperative Learning और Bachpan Express ने मुझे कैसे बदल दिया।

पहले दिन मुझे थोड़ा अलग लगा। कॉन्टैक्ट पॉइंट पर कोई डाँटने वाला नहीं, किसी भी तरह का कोई दबाव नहीं था। पर धीरे-धीरे समझ आया कि यहाँ ज़िम्मेदारी खुद लेनी पड़ती है। कोई किसी को छोड़ता नहीं, सब साथ लेकर चलते हैं।

Cooperative Learning ने मेरी सोच को बदल दिया है। पहले मुझे लगता था कि सिर्फ़ टीचर बोलते हैं और बच्चे सुनते हैं, लेकिन अब मैं अपने ग्रुप के साथियों के साथ खुद अपनी बात रखती हूँ। पहले मुझे अपने विचार रखने का कहीं मौका नहीं मिलता था, पर अब मैं अपने ग्रुप में अपना विचार बोलने लगी हूँ। मैंने अपने ग्रुप के सदस्यों की बातों को सुनना और समझना भी सीखा है।

Cooperative में मैंने सीखा कि पढ़ाई सिर्फ़ किताबों तक नहीं होती। हम एक-दूसरे की मदद करके, चर्चा करके और साथ मिलकर सीखते हैं। ग्रुप में हर बच्चे की राय की अहमियत होती है।


एक दिन चर्चा के दौरान भैया ने हमें बच्चों के अख़बार के बारे में बताया हमारे अख़बार का नाम Bachpan Express है। ये अख़बार बच्चों द्वारा ही बनाया जाता है। इसमें बच्चे reporter, editor और writer बनते हैं। मुझे ये बहुत अद्भुत लगा, और मुझे इसमें इंटरेस्ट भी आया। मैंने भैया को बोला कि मैं भी अख़बार का हिस्सा बनना चाहती हूँ। मैंने एक कहानी लिखी और ड्राइंग भी बनाई जो अख़बार में आई तब मुझे बहुत अच्छा लगा।

धीरे-धीरे मेरी रुचि मीडिया प्रोग्राम में बढ़ने लगी मैं बी.बी.सी. (बटरफ्लाईज़ ब्रॉडकास्टिंग चिल्ड्रन) का भी हिस्सा हूँ। मैंने इंटरव्यू लेना और रेडियो प्रोग्राम बनाना भी सीखा, जो मुझे लगता था कि बड़े लोगों का काम है। रेडियो के माध्यम से मैंने लोगों को जागरूक करने का काम किया।

धीरे-धीरे मैंने रिपोर्ट लिखना सीखा। मैंने हम बच्चों द्वारा किये गए कार्यों के बारे में लिखा है। हम बच्चे मंदिर के पास एक खुले स्थान पर पढ़ते हैं, यहाँ थोड़ी साफ़-सफ़ाई की परेशानी रहती है तो हम सब बच्चों ने मिल कर निर्णय लिया कि हम अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट को अच्छा बनाएँगे। जिसके लिए हमने साफ़-सफ़ाई की, बच्चों द्वारा बनाई गई ड्राइंग से हमने अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट को सजाया, हम बच्चों ने मिल कर पौधे लगाए।

अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट के बारे में मैंने सबको बताने के लिए अख़बार का माध्यम चुना। जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। अब मुझे लगता है कि हर बच्चा खास है और उसकी आवाज़ मायने रखती है।

Cooperative Learning ने सिखाया कि सीखना अकेले नहीं, सबके साथ होता है। और Bachpan Express ने सिखाया कि बच्चों की आवाज़ भी ज़रूरी होती है। आज मैं दीपिका Cooperative Learning की सदस्य और Bachpan Express की छोटी सी पत्रकार हूँ।



17

COOPERATIVE LEARNING CDK CHSC

Finding My Path in Old Delhi

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Faiza	12th	16 years	Chandni Chowk

Hello everyone, My name is Faiza. I live in the Jama Masjid area of Old Delhi. Our family has been living here for a long time. My family consists of my father, mother, and a brother; my father works as a tailor, and my mother is a homemaker.

I was associated with Butterflies organization from 4th class (2019) through Jama Masjid Point. Presently I am studying in class 12th in GGSSS Urdu Medium School, Government School, Jama Masjid.

Initially I used to study at Jama Masjid point, but due to some problems that point was closed. However, I understood the importance of the Butterflies organization for my future, so I decided to join another center and went to the Chandni Chowk contact point. I really liked the atmosphere there. The children there were very cooperative, and the studies were also good. I found the environment there even better than at the Jama Masjid center, so I started attending the Chandni Chowk contact point and continue to go there to this day.

First, I would like to share my experience regarding our radio program, BBC (Butterflies Broadcasting Children).' It brought about a major change in my life. Previously, I used to be very quiet and afraid to speak in front of others. But through BBC, I learned how to speak up and make my voice heard. I realized how big a thing it is for a child, especially a girl, to speak out openly.

I learned about radio and FM broadcasting here. For its training, Bhaiya and Didi also took me to the Indian Institute of Mass Communication, where we got to learn a lot of new things. After joining BBC, I got many new opportunities.

I had the opportunity to interview the CEO of British Airways. I also got the chance to interview a renowned nutrition expert. Interviewing them was a tremendous experience for me. At the same event, our artwork was displayed, and prizes were awarded for first, second, and third places. I won the first prize, and I received it directly from the hands of the British Airways CEO. That moment is one of the most wonderful moments of my life and will always be remembered. Through cooperative learning, I learned how to study and work in a group. This increased my interest in studies, and I also made friends at the point. Gradually, my self-confidence grew, and I began to improve in all my subjects. Now, I can express myself clearly and explain things to others effectively. The lessons I learned through cooperative learning have become an integral part of my life. Earlier I was not able to speak much. I was afraid of what others might think. But now, I can voice my thoughts without fear. Today I am standing in front of you all, this is a big thing for me.

Since joining the contact Point, I have made many new friends. We are like a family. We study together, help one another, and find solutions to a problem collectively. We choose a topic in the group, discuss it and then solve the question. This helps us understand whether we have learnt correctly or not. If someone doesn't understand something, we explain it to them together.

I am also a member of the CDK here, where I learned the habit of saving. I used to spend money freely, but now I understand its value and save it.

I have also developed leadership skills here through the 'Chhoti Bal Sabha'. When I was studying at the Jama Masjid Point, we undertook a 'Collective Action' initiative. The place where we studied was very dirty and people used to throw garbage there. So together we cleaned that place, got it plastered and also made beautiful paintings. After that, people stopped littering there. We also took out a rally there and appealed to the shopkeepers not to litter. The local community fully supported us in this effort. Collective action is a key program of our 'Child Health and Sports Cooperatives'.

Here, I learned that we have the freedom to speak openly. Whether we are right or wrong, we are always encouraged to express our views. This has greatly boosted my self- confidence, and I have learned about leadership, teamwork, and taking responsibility for society. In the end, I would just like to say that if we have to move forward, it is very important for us to learn together and help each other.



हिन्दी / कहानी 17

पुरानी दिल्ली में अपनी राह खोजी

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
फ़ैज़ा	**12वीं**	**16 साल**	**चांदनी चौक**

नमस्कार सभी को,

मेरा नाम फ़ाइज़ा है। मैं पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके की रहने वाली हूँ। हमारा परिवार बहुत लंबे समय से यहीं रह रहा है। मेरे परिवार में पापा, मम्मी और एक भाई हैं। पापा टेलर का काम करते हैं और मम्मी गृहिणी हैं।

मैं Butterflies संस्था से चौथी कक्षा (2019) से जामा मस्जिद पॉइंट के माध्यम से जुड़ी थी। वर्तमान में मैं जामा मस्जिद के सरकारी विद्यालय GGSSS उर्दू मीडियम स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती हूँ।

शुरुआत में मैं जामा मस्जिद पॉइंट पर पढ़ती थी, लेकिन कुछ परेशानियों के कारण वह पॉइंट बंद हो गया। फिर भी मुझे विश्वास था कि मेरे भविष्य के लिए Butterflies संस्था का क्या महत्व है। इसलिए मैंने दूसरे पॉइंट से जुड़ने का फ़ैसला किया और मैं चाँदनी चौक के कॉन्टैक्ट पॉइंट गई। वहाँ का माहौल बहुत अच्छा लगा। वहाँ के बच्चे बहुत सहयोगी थे और पढ़ाई भी अच्छी होती थी। जामा मस्जिद की तुलना में वहाँ का वातावरण मुझे और बेहतर लगा, इसलिए मैंने चाँदनी चौक कॉन्टैक्ट पॉइंट जाना शुरू कर लिया और आज तक वहीं जाती हूँ।

मैं सबसे पहले अपना अनुभव हमारे रेडियो कार्यक्रम BBC यानी Butterflies Broadcasting Children के बारे में बताना चाहूँगी। यह मेरे जीवन का एक बहुत बड़ा बदलाव था। पहले मैं बहुत चुप रहती थी और लोगों के सामने बोलने से डरती थी। लेकिन BBC के माध्यम से मैंने बोलना सीखा, अपनी आवाज़ दूसरों तक पहुँचाना सीखा। मैंने महसूस किया कि एक बच्ची, खासकर एक लड़की के लिए खुलकर अपनी बात कहना कितनी बड़ी बात होती है।

मैंने यहाँ रेडियो और FM के बारे में सीखा। इसकी ट्रेनिंग के लिए भैया-दीदी मुझे Indian Institute of Mass Communication भी लेकर गए, जहाँ हमें बहुत कुछ नया सीखने को मिला। BBC से जुड़ने के बाद मुझे कई नए मौके मिले।

मुझे ब्रिटिश एयरवेज़ के CEO का इंटरव्यू लेने का अवसर मिला। मुझे एक मशहूर Nutrition Expert का भी इंटरव्यू करने का मौका मिला। उनका इंटरव्यू लेना मेरे लिए बहुत बड़ा अनुभव था। उस कार्यक्रम में हमारी चित्रकला भी प्रदर्शित की गई थी, जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार चुने गए। मुझे वहाँ प्रथम पुरस्कार मिला और वह भी ब्रिटिश एयरवेज़ के CEO के हाथों से। वह पल मेरे जीवन के सबसे शानदार पलों में से एक है और हमेशा याद रहेगा।

मैंने cooperative learning के माध्यम से समूह में पढ़ना और काम करना सीखा। इससे मेरा पढ़ाई की तरफ़ रुझान बढ़ा और पॉइंट पर मेरे दोस्त भी बने। धीरे-धीरे मेरा आत्मविश्वास बढ़ने लगा और सभी विषयों में सुधार होने लगा। अब मैं अपनी बात अच्छे से बोल पाती हूँ और दूसरों को समझा भी पाती हूँ। Cooperative learning से सीखी हुई बातें अब मेरी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी हैं।

पहले मैं ज़्यादा बोल नहीं पाती थी। मुझे डर लगता था कि लोग क्या सोचेंगे। लेकिन अब मैं बिना डरे अपनी बात रख पाती हूँ। आज मैं आप सभी के सामने खड़ी हूँ, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

पॉइंट पर आने के बाद मैंने बहुत सारे नए दोस्त बनाए। हम सब एक परिवार की तरह हैं। हम साथ पढ़ते हैं, एक-दूसरे की मदद करते हैं और मिलकर हर समस्या का हल निकालते हैं। हम समूह में एक विषय चुनते हैं, उस पर चर्चा करते हैं और फिर सवाल हल करते हैं। इससे हमें समझ आता है कि हमने सही सीखा है या नहीं। अगर किसी को समझ नहीं आता, तो हम मिलकर उसे समझाते हैं।


मैं यहाँ CDK की भी सदस्य हूँ, जहाँ मैंने बचत करना सीखा। पहले मैं पैसे खर्च कर देती थी, लेकिन अब मैं पैसे की अहमियत को समझती हूँ और बचाती हूँ।

मैंने यहाँ छोटी बाल सभा के माध्यम से नेतृत्व कौशल भी सीखा है। जब मैं जामा मस्जिद पॉइंट पर पढ़ती थी, तब हम सबने मिलकर एक सामूहिक कदम (Collective Action) उठाया था। जहाँ हम पढ़ते थे, वह जगह बहुत गंदी रहती थी और लोग वहाँ कूड़ा-कचरा फेंकते थे। इसलिए हमने मिलकर उस जगह की सफ़ाई की, वहाँ प्लास्टर करवाया और सुंदर चित्र भी बनाए। इसके बाद लोगों ने वहाँ कूड़ा फेंकना बंद कर दिया। हमने वहाँ एक रैली भी निकाली और दुकानदारों से कूड़ा न फैलाने की अपील की। वहाँ के लोगों ने भी हमारा पूरा साथ दिया। सामूहिक कदम हमारे child health and sports cooperatives का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

यहाँ पर मैंने सीखा कि हमें अपनी बात खुलकर कहने की आज़ादी मिलती है। चाहे हम सही बोलें या गलत, हमें अपनी बात रखने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। इससे मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है और मैंने नेतृत्व, मिल-जुलकर काम करना और समाज के लिए ज़िम्मेदारी लेना सीखा है।

अंत में, मैं बस यही कहना चाहूँगी कि अगर हमें आगे बढ़ना है, तो हमें साथ मिलकर सीखना और एक-दूसरे की मदद करना बहुत ज़रूरी है।





18

COOPERATIVE LEARNING CDK

Born in Delhi, Shaped by Butterflies

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Deepika	12th	17 years	Hathi Park

My name is Deepika, and I originally belong to Jharkhand. Sometimes I think that if I had not been born in Delhi, my life might have been very different today. My story begins in 1998, when my mother was about to give birth to me. At that time, our village did not have proper healthcare facilities, and doctors did not have enough knowledge or resources to provide the right treatment for every medical complication.

During her pregnancy, my mother faced some health difficulties. Many women in the village made different assumptions and comments, but there was no one to guide her properly. At that time, my father and grandparents decided to bring her to the city so that she could receive proper medical care and understand what the issue was. In Delhi, my mother received treatment, and then I was born. When I look back today, I realize that if my grandmother had not taken that decision, I might still be living in the village and perhaps would not even have had the opportunity to study.

As I grew older, I started going to school. I was good at studying, but I had one major fear— speaking in front of people. Whenever there was an opportunity to go on stage, participate in school programs, or express my thoughts, I would become extremely nervous. My hands and legs would shake, and I was always afraid that if I made a mistake or said something wrong, people would scold me or laugh at me.

Because of this fear, I only spoke to one friend in my class and remained quiet most of the time. I avoided participating in any activities.

Then my friend Roshni told me about Butterflies. She said that it was a place where children received good education and participated in many different programs. Listening to her, I decided to join the Hathi Park Contact Point in 2023.

There, we had a Didi (Butterflies facilitator) who taught us with great care and encouraged us to participate in every activity. What I liked the most was Cooperative Learning. In the beginning, I remained very quiet. But one day, while I was sitting there, Didi asked us to read a chapter together in a group. I was very nervous, but when I started reading, I noticed something that made me feel comfortable—everyone was listening to me carefully. Even when I made mistakes because of nervousness, no one laughed at me. That was the moment I began to gain confidence little by little.

Butterflies organizes many different sessions, one of which is called the Bal Sabha. When I first heard about it, I asked Didi what it was. She explained that it is a space where children discuss issues related to their school, home, neighbourhood, and park, and together they find solutions to those problems. I found this very interesting and decided to participate.

Gradually, I got the opportunity to become a Convener in the Bal Sabha, and many times I also served as the Secretary. These roles helped me develop the courage to speak and express my thoughts in front of others. Later, Didi also nominated me for the Big Bal Sabha, where children from different contact points had gathered. The idea of speaking in front of so many children made me nervous, but Didi encouraged me. Finally, I was able to represent my contact point and share my thoughts there. Even though I spoke only one or two points, I felt extremely proud of myself that day.

Another major benefit of being part of the Cooperative was that I learned how to make friends with other children, and I also started doing better in my studies. Earlier, I spoke to very few people, but now I had learned how to interact openly and confidently with others.

Then I received another wonderful opportunity—to participate in a street play. At first, I was very scared because we had to perform in front of many people. We practiced a lot, but when I performed for the first time, my voice was very low because I was nervous. Then Didi said to me, “You are speaking very well, just speak a little louder.” Her words gave me courage. The next time we performed at another place, I spoke with confidence. That performance turned out to be the best experience for me.

Today, when I reflect on my journey, I realize that if I had not found Butterflies, Cooperative Learning, and the support of our Didi, I might still be afraid of speaking in front of others.

Now, I am a class monitor in my school and am playing the role of a responsible leader. All of this has become possible because I was given opportunities to participate and was encouraged every step of the way.

Today, I want to tell my younger friends that the most important thing I am taking from this journey is confidence. Now, if I am asked to speak anywhere in the future, I know that I can do it without hesitation.

Along with this, I would also like to encourage children to save money in CDK, because even small savings can be very helpful in the future and can help us become self- independent.

My story is not just about me—it is a story of transformation. It shows how the right guidance, opportunities, and encouragement can bring meaningful change to a child's life.



हिन्दी / कहानी 18

दिल्ली में जन्मी, Butterflies ने संवारा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
दीपिका	**12वीं**	**17 साल**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम दीपिका है और मैं मूल रूप से झारखंड से हूँ। मैं अभी 17 साल की हूँ। कभी-कभी मैं सोचती हूँ कि अगर मेरा जन्म दिल्ली में न हुआ होता, तो शायद आज मेरी ज़िंदगी कुछ और ही होती। यह कहानी 1998 से शुरू होती है, जब मेरी माँ मुझे जन्म देने वाली थीं। उस समय हमारे गाँव में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ नहीं थीं, और डॉक्टरों के पास भी इतनी जानकारी और संसाधन नहीं थे कि वे हर तरह की परेशानी का सही इलाज कर सकें।

मेरी माँ को गर्भावस्था के दौरान कुछ दिक्कतें हो रही थीं। गाँव की कई महिलाएँ तरह-तरह की बातें करती थीं, लेकिन सही सलाह देने वाला कोई नहीं था। तब मेरे पापा और दादा-दादी ने फ़ैसला किया कि माँ को शहर ले जाना चाहिए, ताकि सही इलाज मिल सके और समस्या समझी जा सके। दिल्ली आकर मेरी माँ का इलाज हुआ, और फिर मेरा जन्म हुआ। आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो महसूस करती हूँ कि अगर उस समय मेरी दादी ने यह निर्णय न लिया होता, तो शायद आज मैं गाँव में होती और शायद पढ़ाई भी न कर पाती।

धीरे-धीरे मेरी पढ़ाई शुरू हुई। पढ़ने में मैं ठीक थी, लेकिन मेरे अंदर एक बहुत बड़ा डर था—लोगों के सामने बोलने का डर। स्कूल में जब भी स्टेज पर जाने, किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने या अपनी बात रखने का मौका आता, मैं बहुत घबरा जाती थी। मेरे हाथ-पैर काँपने लगते थे। मुझे हमेशा यह डर रहता था कि अगर मैंने कुछ गलत बोल दिया, या मुझसे कोई गलती हो गई, तो लोग मुझे डाँटेंगे या मेरा मज़ाक उड़ाएँगे। इस वजह से मैं अपनी कक्षा में सिर्फ़ एक दोस्त से बात करती थी और बाकी समय चुपचाप बैठी रहती थी। मैं किसी भी गतिविधि में भाग लेने से बचती थी।

फिर मेरी दोस्त रोशनी ने मुझे Butterflies के बारे में बताया। उसने कहा कि वहाँ पढ़ाई भी अच्छी होती है और बच्चों के लिए कई तरह के कार्यक्रम भी होते हैं। उसकी बात सुनकर मैंने 2023 में हाथी पार्क कॉन्टैक्ट पॉइंट जॉइन किया।

वहाँ हमारी एक दीदी थीं, जो हमें बहुत प्यार से पढ़ाती थीं और हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती थीं। मुझे सबसे ज़्यादा Cooperative Learning पसंद आया। शुरुआत में मैं बहुत चुप रहती थी, लेकिन एक दिन जब मैं वहाँ बैठी थी, दीदी ने हमें ग्रुप में एक चैप्टर पढ़ने के लिए कहा। मैं घबराई हुई थी, लेकिन जब मैंने पढ़ना शुरू किया, तो सबसे अच्छी बात यह लगी कि सब बच्चे मेरी बात ध्यान से सुन रहे थे। जब घबराहट में मुझसे कुछ गलत हो जाता, तो कोई मेरा मज़ाक नहीं उड़ाता था। इससे मुझे थोड़ा-थोड़ा आत्मविश्वास मिलने लगा।

Butterflies में कई तरह के सेशन होते हैं, जिनमें से एक है बाल सभा। जब मैंने पहली बार इसके बारे में सुना, तो मैंने दीदी से पूछा कि बाल सभा क्या होती है। उन्होंने बताया कि यहाँ बच्चे अपने स्कूल, घर, मोहल्ले और पार्क से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं और मिलकर उनका समाधान निकालते हैं। यह सुनकर मुझे बहुत दिलचस्पी हुई, और मैंने इसमें भाग लेना शुरू किया।

धीरे-धीरे मुझे बाल सभा में Convener बनने का मौका मिला, और कई बार मैं Secretary भी बनी। इन भूमिकाओं ने मुझे अपनी बात रखने और दूसरों के सामने बोलने का साहस दिया। फिर दीदी ने मेरा नाम Big Bal Sabha के लिए भी भेजा। वहाँ अलग-अलग कॉन्टैक्ट पॉइंट के बच्चे आये थे इतने सारे बच्चों के सामने बोलने का विचार ही मुझे डरा रहा था, लेकिन दीदी ने मेरा हौसला बढ़ाया। आखिरकार, मैंने वहाँ अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट की ओर से अपनी बात रखी। चाहे मैंने सिर्फ़ एक-दो बातें ही कहीं, लेकिन उस दिन मुझे अपने ऊपर बहुत गर्व महसूस हुआ।

Cooperative में शामिल होने का एक और बड़ा फ़ायदा यह हुआ कि मैंने दूसरे बच्चों से दोस्ती करना सीखा और अपनी पढ़ाई में भी पहले से बेहतर कर रही थी। पहले मैं बहुत सीमित लोगों से बात करती थी, लेकिन अब मैंने खुलकर लोगों से मिलना-जुलना सीखा।


फिर मुझे एक और बड़ा अवसर मिला—नुक्कड़ नाटक में भाग लेने का। शुरुआत में मैं इसमें भी बहुत घबरा रही थी, क्योंकि इसमें हमें बहुत सारे लोगों के सामने प्रदर्शन करना था। हमने खूब तैयारी की, लेकिन जब पहली बार मैंने नाटक प्रस्तुत किया, तो मेरी आवाज़ बहुत धीमी थी। मैं डर रही थी। तब दीदी ने कहा, “तुम बहुत अच्छा बोल रही हो, बस थोड़ा ज़ोर से बोलो।” उनकी इस बात ने मुझे हिम्मत दी। अगली बार जब हमने दूसरी जगह नाटक प्रस्तुत किया, तो मैंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभाई। वह नाटक मेरे लिए अब तक का सबसे बेहतरीन अनुभव था।

आज जब मैं अपने सफ़र को देखती हूँ, तो महसूस करती हूँ कि अगर मुझे Butterflies Cooperative, और हमारी दीदी का साथ न मिला होता, तो शायद मैं आज भी लोगों के सामने बोलने से डरती रहती। अब मैं अपने स्कूल में क्लास मॉनिटर हूँ और एक ज़िम्मेदार लीडर की भूमिका निभा रही हूँ। यह सब संभव हुआ है क्योंकि मुझे भाग लेने के मौके मिले, और हर कदम पर प्रोत्साहन मिला।

आज मैं अपने छोटे साथियों से यही कहना चाहती हूँ कि यहाँ से मैं सबसे बड़ी चीज़ आत्मविश्वास सीखकर जा रही हूँ। अब अगर भविष्य में मुझे कहीं भी अपनी बात रखने के लिए कहा जाएगा, तो मैं बिना झिझक बोल सकूँगी।

इसके साथ ही, मैं बच्चों को यह भी कहना चाहूँगी कि वे CDK में पैसे बचाएँ। छोटी-छोटी बचत भविष्य में बहुत काम आती है और हमें self-independent बनने में मदद करती है।





19

Now the Path Feels Easier

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Gaurav	8th	12 years	Hathi Park

My name is Gaurav, and I am 12 years old. There are four members in my family, and we live in a rented house. My father works as a sanitation worker with the Municipal Corporation, and my mother takes care of our home and family. Our family originally belongs to Rajasthan, but I moved to Delhi with my family in 2013.

After coming to Delhi, I was enrolled in the first grade at school. Around the same time, my elder brother told me about the Butterflies Contact Point in our area. One day, I went there for the first time, where I saw the Didi and Bhaiya teaching children, and my brother also enrolled my name there.

In the beginning, I used to sit quietly during the cooperative meetings and other activities at the Contact Point. I did not understand what was happening or what was being discussed. At that time, I could not read or write properly. Whenever I was given a task, I often could not understand it, which made me feel very embarrassed. Many times, I felt like I was behind others, but gradually things started to change.

By attending the Contact Point regularly and learning there, my studies began to improve. Now, I can read and write much better than before. One day, Didi taught me a poem and encouraged me to participate in a cultural program. At first, I was very scared of going on stage and performing, and I refused many times. But Didi and Bhaiya motivated me a lot, encouraged me, and showed confidence in me.

With their support and encouragement, I performed on stage for the first time and recited my poem. Everyone liked my performance very much. That day, I felt proud of myself, and my confidence grew stronger than ever before. That experience taught me that if we try and believe in ourselves, we can overcome our fears.

After that, I participated in two more cultural programs at the contact point and performed three times at my school. Now, I am no longer afraid of performing in front of others. I actively take part in every activity and can express myself confidently in front of everyone.

Butterflies has not only helped me improve in my studies but has also given me the courage to build my identity, raise my voice, and recognize the talent within myself. Today, I am much more confident, and I want to continue learning and work towards achieving my dreams.



हिन्दी / कहानी 19

अब राहें आसान लगती हैं

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
गौरव	**8वीं**	**12 साल**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम गौरव है और मैं 12 साल का हूँ। मेरे परिवार में कुल चार सदस्य हैं, और हम किराए के मकान में रहते हैं। मेरे पापा का नाम महावीर है, जो नगर निगम में काम करते हैं और मेरी मम्मी का नाम अर्चना जो घर की ज़िम्मेदारी संभालती हैं। हमारा परिवार मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है, लेकिन मैं वर्ष 2013 में, अपने परिवार के साथ दिल्ली आ गया।

दिल्ली आने के बाद मेरा पहली कक्षा में दाखिला करवाया गया। उस दौरान मेरे बड़े भाई ने मुझे हमारे इलाके के कॉन्टैक्ट पॉइंट के बारे में बताया। एक दिन मैं पहली बार वहाँ गया, जहाँ मैंने देखा कि दीदी और भैया बच्चों को पढ़ा रहे थे। मेरे भाई ने अपने साथ मेरा नाम भी वहाँ दाखिल करवा दिया।

शुरुआत में कॉन्टैक्ट पॉइंट पर होने वाली कोऑपरेटिव मीटिंग्स और अन्य गतिविधियों को मैं बस चुपचाप बैठकर देखता रहता था। मुझे समझ नहीं आता था कि वहाँ क्या हो रहा है और किस बारे में चर्चा की जा रही है। उस समय मुझे ठीक से पढ़ना-लिखना भी नहीं आता था। जब मुझे कोई टास्क दिया जाता, तो मैं उसे समझ नहीं पाता था, जिससे मुझे बहुत शर्मिंदगी महसूस होती थी। कई बार मुझे लगता था कि मैं दूसरों से पीछे हूँ, लेकिन धीरे-धीरे चीज़ें बदलने लगीं।


कॉन्टैक्ट पॉइंट पर नियमित रूप से आने और सीखने से मेरी पढ़ाई में सुधार होने लगा। अब मैं पहले से बेहतर पढ़ और लिख पाता हूँ। एक दिन दीदी ने मुझे सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने को कहा और बताया कि मैं एक कविता लिखकर पढ़ सकता हूँ। शुरुआत में मैं मंच पर जाने और प्रदर्शन करने से बहुत डर रहा था और बार-बार मना कर रहा था। पर अपने दूसरे साथियों को भी भाग लेते, प्रैक्टिस करते और उनसे बात कर के मेरा हौसला थोड़ा और बढ़ा।

उनके समर्थन और प्रेरणा से मैंने पहली बार मंच पर जाकर अपनी कविता प्रस्तुत की। मेरी कविता सभी को बहुत पसंद आई। उस दिन मुझे अपने ऊपर गर्व महसूस हुआ और मेरा आत्मविश्वास भी बहुत बढ़ गया। उस अनुभव ने मुझे यह सिखाया कि अगर हम कोशिश करें और खुद पर विश्वास रखें, तो हम अपने डर को पार कर सकते हैं।

इसके बाद मैंने दो बार कॉन्टैक्ट पॉइंट के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में और तीन बार अपने स्कूल में मंच पर प्रस्तुत किया। अब मैं मंच पर जाने से घबराता नहीं हूँ। मैं हर गतिविधि में खुलकर भाग लेता हूँ। और अपनी बात आत्मविश्वास के साथ सबके सामने रख पाता हूँ।

आज मुझमें पहले से अधिक आत्मविश्वास है और आगे भी सीखते हुए अपने सपनों को पूरा करना चाहता हूँ।





20

COOPERATIVE LEARNING

New City, New Dreams

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Golu	9th	14 years	Sadar Bazar

My name is Golu. There are five members in my family. I came to Delhi on 10 June 2022, and after that, I was admitted to school. My father's name is Ganesh Kumar, and he is 48 years old. We originally belong to Uttar Pradesh.

When I was admitted to school, I was very scared because I thought that the studies here would be very difficult. I could not understand anything and started feeling very worried. At one point, I even felt that coming to Delhi had been a mistake. There was an older brother (bhaiya) in my neighbourhood who was very good at studies. Every day, I spent an hour at his house learning my school subjects and playing with him. However, he was unable to explain everything properly, and because of this, I scored only enough marks to barely pass my half-yearly examination. This made me even more upset.

Prince Bhaiya, who lives near my house, noticed that I was unhappy. He brought me to the Butterflies Sadar Bazar Contact Point. There, I met a didi named Anita. I told her about my difficulties and asked what I needed to do to join the Contact Point. She told me that I would need to bring my Aadhaar card along with my parents' Aadhaar cards and attend the Contact Point regularly.

After I started coming here, I heard a new term called “Cooperative Learning.” When I first heard it, I wondered what kind of word it was because I had never heard it before. Didi explained that a cooperative is a group of children who study together, helping and learning from one another. At first, I found this a little strange because I had never seen anything like it in my village. But as I attended the cooperative learning circles every day, I gradually began to understand it better. Slowly, I started enjoying coming here. Because of Cooperative Learning, I scored 87% marks in my annual examination, which was the highest I had ever achieved. Everyone was surprised by my result, including me. I could hardly believe that a child who used to struggle to get even 34% marks had now scored 87%. That was one of the happiest days of my life.

The first thing I did after getting my result was to come to the Contact Point and show it to Didi. She was very happy. At that time, I was the first child from my Contact Point to achieve the top rank. My parents were also very proud of me. Our respected Butterflies Head, Rita Didi, was equally happy and even gave me a gift. Receiving that gift made me very happy. It remains one of the most memorable moments of my life—to see how a child who could barely pass had become a topper. This would not have been possible without Butterflies.

At Butterflies, along with studies, children also get opportunities to play sports so that learning remains enjoyable and we do not get bored. I liked this very much. There were some games that I had never played or even heard of before, such as football. I found football very interesting, but at first, I knew nothing about it and could only watch others play. Gradually, I learned about the game and got the chance to play with the team for the first time. In my first match, I played as a defender, and I really enjoyed it. Soon, a game that I had never even known about became my favourite sport.

I improved so much that when a football tournament was organised, my team captain noticed my performance and decided to play me in the midfield position. I played well, and our team won the tournament. We celebrated our victory with great happiness. Apart from football, I also enjoy playing chess, which I learned at the Butterflies Contact Point. Here, we are taught that sports are important for both physical and mental health. Because of these experiences, I have become a happier person and have learned how important sports are in life.



हिन्दी / कहानी 20

नया शहर, नए सपने

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
गोलू	**9वीं**	**14 साल**	**सदर बाज़ार**

मेरा नाम गोलू है। मेरे परिवार में कुल पाँच सदस्य हैं। मैं 10 जून 2022 को दिल्ली आया था। उसके बाद मेरा स्कूल में दाखिला हुआ। मेरे पिताजी का नाम गणेश कुमार है और उनकी उम्र 48 वर्ष है। मैं मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूँ।

जब मेरा स्कूल में दाखिला हुआ, तब मुझे बहुत डर लग रहा था। मुझे लगता था कि यहाँ की पढ़ाई बहुत कठिन होगी और मुझे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। मैं बहुत परेशान रहने लगा। एक समय तो मुझे ऐसा लगने लगा कि शायद दिल्ली आकर मैंने गलती कर दी है। हमारे मोहल्ले में एक भैया रहते थे, जो पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। इसलिए मैं रोज़ एक घंटे उनके घर जाकर अपने स्कूल के विषय समझने की कोशिश करता और उनके साथ खेलता भी था। लेकिन वे मुझे अच्छी तरह से समझा नहीं पाते थे। इस कारण मेरी अर्धवार्षिक परीक्षा में केवल पास होने लायक अंक आए और मैं पहले से भी ज़्यादा परेशान हो गया।

मेरे घर के पास रहने वाले प्रिंस भैया से मुझे उदास नहीं देखा गया। वे मुझे बटरफ्लाई.ज़ संस्था के सदर बाज़ार कॉन्टैक्ट पॉइंट पर लेकर आए। वहाँ अनीता दीदी थीं। मैंने उन्हें अपनी परेशानी बताई और पूछा कि यहाँ जुड़ने के लिए मुझे क्या करना होगा। उन्होंने बताया कि मुझे अपना और अपने माता-पिता का आधार कार्ड लाना होगा और प्रतिदिन कॉन्टैक्ट पॉइंट आना होगा।

यहाँ आने के बाद मैंने पहली बार एक नया शब्द सुना—"कोऑपरेटिव लर्निंग"। यह सुनकर मुझे बहुत अजीब लगा क्योंकि मैंने पहले कभी इसके बारे में नहीं सुना था। फिर दीदी ने समझाया कि कोऑपरेटिव का मतलब बच्चों का ऐसा समूह होता है, जिसमें बच्चे मिल-जुलकर पढ़ते हैं और एक-दूसरे की मदद से सीखते हैं। शुरुआत में मुझे यह थोड़ा अजीब लगा क्योंकि मैंने गाँव में ऐसा कभी नहीं देखा था। लेकिन जब मैं रोज़ कोऑपरेटिव सर्किल में आने लगा और सबके साथ पढ़ने लगा, तो मुझे यह अच्छी तरह समझ में आने लगा। धीरे-धीरे मुझे यहाँ आना अच्छा लगने लगा।

कोऑपरेटिव लर्निंग से जुड़ने के बाद मेरी पढ़ाई में बहुत सुधार हुआ। वार्षिक परीक्षा में मुझे 87 प्रतिशत अंक मिले, जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मेरे अंक देखकर सभी लोग हैरान रह गए। यहाँ तक कि मैं खुद भी विश्वास नहीं कर पा रहा था कि जो बच्चा मुश्किल से 34 प्रतिशत अंक लाता था, वह अब 87 प्रतिशत अंक ले आया है। वह दिन मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन था।


रिज़ल्ट मिलने के बाद सबसे पहले मैं अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट पहुँचा और दीदी को अपना परिणाम दिखाया। दीदी बहुत खुश हुईं। उस समय मैं अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट का पहला बच्चा था जिसने टॉप रैंक हासिल की थी। मेरे माता-पिता भी बहुत खुश हुए। हमारी माननीय बटरफ्लाईज़ की हेड, रीता दीदी, भी मेरी सफलता से बहुत खुश हुईं और उन्होंने मुझे एक उपहार दिया। वह उपहार पाकर मुझे बहुत खुशी हुई। मेरे जीवन का यह सबसे यादगार अनुभव है कि जो बच्चा कभी मुश्किल से पास होता था, वही अब टॉपर बन गया। यह सब बटरफ्लाईज़ के बिना संभव नहीं था।

बटरफ्लाईज़ में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद के अवसर भी दिए जाते हैं, ताकि वे बोर न हों। मुझे यह बात सबसे अच्छी लगी। यहाँ मैंने कुछ ऐसे खेल भी देखे, जिनके बारे में मैंने पहले न कभी सुना था और न ही उन्हें खेला था। उनमें से एक फुटबॉल था। मुझे यह खेल बहुत अच्छा लगा, लेकिन शुरुआत में मुझे इसके बारे में कुछ भी पता नहीं था, इसलिए मैं केवल दूसरों को खेलते हुए देखता था।

धीरे-धीरे मुझे इस खेल की समझ आने लगी और पहली बार मुझे टीम के साथ खेलने का मौका मिला। शुरुआत में मैं डिफेंडर बना और खेलकर मुझे बहुत अच्छा लगा। जिस खेल को मैं पहले जानता भी नहीं था, वही मेरा सबसे पसंदीदा खेल बन गया। मैं इतना अच्छा खेलने लगा कि जब फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ, तो मेरी टीम के कप्तान ने मेरा खेल देखकर मुझे मिडफील्ड में खेलने का मौका दिया। मैंने अच्छा खेला और हमारी टीम जीत गई। हमने अपनी जीत की बहुत खुशियाँ मनाईं।

इसके अलावा, मुझे शतरंज खेलना भी पसंद है और यह खेल भी मैंने बटरफ्लाईज़ कॉन्टैक्ट पॉइंट पर आकर सीखा। यहाँ हमें सिखाया जाता है कि खेल हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इससे मेरे जीवन में एक बड़ा बदलाव आया। मैं पहले से ज़्यादा खुश रहने लगा और मैंने जाना कि जीवन में खेलों का कितना महत्वपूर्ण स्थान है।





21

COOPERATIVE LEARNING CHSC

What I Learned from Different Responsibilities

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Himanshu	10	15 years	Sadar Bazar

My name is Himanshu Yadav. Currently (2026), I am a CSE (Child Sports Educator). Before that, I was a CVM (Child Volunteer Manager). While managing finances and managing responsibilities is important, taking care of your health is also crucial. I used to be very lazy, lethargic, and overweight. Everyone made fun of me. But the kids at my contact point encouraged me to play football. So, despite my reluctance, I had to play football. After that, I too was inspired. At my mother's insistence, I enrolled in the football team at Butterflies contact point. At first, I thought my mother would say no, because when I wasn't associated with the Butterflies, she would scold me and forbid me from going to the contact point. Sometimes, if I insisted on going to the contact point, she would even slap me on the cheek. Seeing my interest to attend Butterflies contact point, my mother one day visited the contact point and observed other children studying, she also interacted with Bhaiyya and since then she allowed me to attend the contact point.

Then, I performed well in my first match as a defender. After that, everyone started considering me a good player. Little did they know that a fat, lazy kid from just a few months ago would transform so much mentally, physically, and socially through football. Football improved my health and physical condition. Then I learned something else: cooperation. There was no space to play at our contact point; there was rocky floor everywhere.

Children would fall while playing and get injured, but even then, we saw the spirit of cooperation.

All of us together filled the holes. Our Butterflies Bhaiyya also helped us a lot. He arranged for us with a hoe, a bucket, gloves, masks, and sanitizer. Because of this cooperation and teamwork, we were able to solve such a big problem so easily. Today, I play, football at the contact point along with my studies. As part of my studies, I spend two hours a day at Contact Point, studying with children through Cooperative Learning. Cooperative Learning has significantly improved my studies. Afterward, I play football with the children for an hour, which helps develop a sense of teamwork, discipline, and cooperation.



मैंने विभिन्न ज़िम्मेदारियों से क्या सीखा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
हिमांशु	**10**	**15 साल**	**सदर बाज़ार**


मेरा नाम हिमांशु यादव है। वर्तमान में (2026), मैं एक CSE (Child Sports Educator) हूँ। इससे पहले मैं CVM (Child Volunteer Manager) था। पैसों का हिसाब रखना, ज़िम्मेदारियाँ संभालना तो ज़रूरी है, मगर उसके साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बहुत ज़रूरी है। मैं भी पहले बहुत आलसी, सुस्त और मोटा था। सभी मेरा मज़ाक उड़ाते थे। लेकिन मेरे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर बच्चों ने मुझे फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। तो मेरे न चाहने के बावजूद भी मुझे फुटबॉल खेलना पड़ा। उसके बाद मैं भी प्रेरित हुआ।


मम्मी के कहने पर मैंने अपना नाम फुटबॉल टीम में दाखिल करवाया। मुझे पहले लगा कि मम्मी ना ही कहेंगी, क्योंकि जब मैं बटरफ्लाईज़ संस्था से नहीं जुड़ा था तब माँ मुझे डाँटकर कॉन्टैक्ट पॉइंट पर जाने को मना करती थीं। कभी-कभी कॉन्टैक्ट पॉइंट पर जाने के लिए ज़िद करने पर गाल पर एक चाँटा भी मार देती थीं। 'बटरफ्लाइज़' के कॉन्टैक्ट पॉइंट में जाने में मेरी दिलचस्पी देखकर, एक दिन मेरी माँ वहाँ गईं और दूसरे बच्चों को पढ़ते हुए देखा। उन्होंने 'भैया' से भी बात की और उसके बाद उन्होंने मुझे कॉन्टैक्ट पॉइंट में जाने की इजाज़त दे दी।

फिर मैंने पहले मैच में डिफेंडर के रोल में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बाद सब मुझे अच्छा खिलाड़ी मानने लगे। उन्हें क्या पता था कि कुछ महीने पहले एक मोटा और आलसी बच्चा फुटबॉल से मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से इतना बदल जाएगा। फुटबॉल से मेरा स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति ठीक हुई।

फिर मैंने एक और चीज़ सीखी, वह है cooperation। हमारे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर खेलने की जगह थी ही नहीं, हर तरफ़ पथरीला फ़र्श था। बच्चे खेलते-खेलते गिर जाते थे। चोट लग जाती थी, पर फिर भी cooperation का जज़्बा हमने देखा। हम सभी साथियों ने मिलकर उन गड्ढों को भरा। हमारे Butterflies के भैया ने भी हमारी बहुत मदद की। उन्होंने हमारे लिए खुरपी, तसला, ग्लव्स, मास्क और सैनिटाइज़र का इंतज़ाम करवाया। इस सहयोग और टीमवर्क की वजह से हम इतनी बड़ी समस्या को आसानी से हल कर पाए।

आज मैं पढ़ाई के साथ-साथ कॉन्टैक्ट पॉइंट पर फुटबॉल भी खेलता हूँ। मैं रोज़ 2 घंटे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर Cooperative Learning के माध्यम से बच्चों के साथ पढ़ाई करता हूँ। Cooperative Learning से मेरी पढ़ाई भी काफ़ी अच्छी हो गई है। इसके बाद 1 घंटे तक बच्चों के साथ फुटबॉल खेलता हूँ, जिससे बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना विकसित होने लगी है।





22

CHSC

Light in the Narrow Lanes

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Lazeena	6th	10 years	Okhla Mandi

My name is Lazeena and I study in Class 6 at Okhla Mandi contact point of 'Butterflies'. I live with my family in the narrow lanes of Okhla Mandi. I joined Butterflies when two of my sisters told me about Contact Point and encouraged me to join there. I went there and got admission.

The very next day, I saw something quite interesting. I observed one child carefully bandaging another child who was injured. Curious to know more, I asked Didi if any child could bandage an injured child. Didi explained that only a CHE (Child Health Educator) could perform this task. I was immediately interested and asked if I could become a CHE too. Didi smiled and told me that I was too young because only children above 9 years of age could become CHE. She encouraged me to wait until the following year.

When I finally turned 9 and the elections for CHE were held, I raised my hand with full confidence. The other children trusted me and voted for me, and that is how I became a CHE. After being selected, we participated in training sessions where we learned about first aid, health awareness, and how to help children during emergencies.

I still remember that it was summer when I became a CHE. During that time, I conducted a session on dehydration because many children were falling ill from not drinking enough water. I explained to them that dehydration could cause weakness, dizziness, and even fainting. I also explained why many children looked tired during the morning assembly- simply because they weren't drinking enough water to meet their bodies' needs.

After the session, many children started carrying water bottles and became more mindful about drinking water regularly. I felt proud and happy to see this positive change. As part of our training, we were also taken to a hospital where we learned more about first aid. Bhaiya asked us several interesting questions. One day, he asked, "If someone gets injured, how would you help them without a doctor?" We replied that if the injury was minor, we would administer first aid and bandage the wound, but if it was serious, we would immediately send the person to a nearby hospital.

Then, Bhaiya asked another unique question-"Suppose you are in Rajasthan, and there is no one around you except a camel. If you suffered a severe leg injury, how would you get to the hospital?" Some children answered that they would ride the camel, while others said they would not go at all. Bhaiya explained that the second answer was correct because with a serious leg injury, moving around could worsen the condition. The children who gave the correct answer were rewarded, and through this activity, we learned the importance of making safe decisions during emergencies.

Becoming a CHE has been one of the most meaningful experiences of my life. It taught me the importance of first aid and how even small actions can help save a life. I learned how to assist others during emergencies and how to spread awareness about health and safety among children. Today, I am proud that I can help others and bring about positive change in my community.



हिन्दी / कहानी 22

तंग गलियों में रोशनी

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
लज़ीना	**6**	**10 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम लज़ीना है और मैं 'बटरफ्लाइज़' के ओखला मंडी कॉन्टैक्ट पॉइंट पर छठी क्लास में पढ़ती हूँ। मैं अपने परिवार के साथ ओखला मंडी की छोटी गलियों में रहती हूँ। मैं 'बटरफ्लाइज़' से तब जुड़ी जब मेरी दो बहनों ने मुझे कॉन्टैक्ट पॉइंट के बारे में बताया और मुझे वहाँ शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं वहाँ गई और अपना नाम लिखवाया।

अगले ही दिन, मैंने कुछ बहुत दिलचस्प देखा। मैंने देखा कि एक बच्चा दूसरे घायल बच्चे की पट्टी बहुत ध्यान से बाँध रहा था। और जानने की उत्सुकता में, मैंने दीदी से पूछा कि क्या कोई भी बच्चा घायल बच्चे की पट्टी बाँध सकता है। दीदी ने समझाया कि यह काम सिर्फ़ CHE (चाइल्ड हेल्थ एजुकेटर) ही कर सकता है। मुझे तुरंत दिलचस्पी हुई और मैंने पूछा कि क्या मैं भी CHE बन सकती हूँ। दीदी मुस्कुराईं और मुझसे कहा कि मैं अभी बहुत छोटी हूँ क्योंकि सिर्फ़ 9 साल से ज़्यादा उम्र के बच्चे ही CHE बन सकते हैं। उन्होंने मुझे अगले साल तक इंतज़ार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जब मैं आखिरकार 9 साल की हुई और CHE के लिए चुनाव हुए, तो मैंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना हाथ उठाया। बच्चों ने मुझ पर भरोसा किया और मुझे वोट दिया, और इस तरह मैं CHE बनी। चुने जाने के बाद, हमने ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया जहाँ हमने फ़र्स्ट एड, हेल्थ अवेयरनेस और इमरजेंसी के समय बच्चों की मदद कैसे करें, इसके बारे में सीखा।


मुझे आज भी याद है कि जब मैं CHE बनी, तब गर्मी का मौसम था। उस दौरान, मैंने डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) पर एक सेशन किया क्योंकि बहुत से बच्चे पर्याप्त पानी न पीने की वजह से बीमार पड़ रहे थे। मैंने उन्हें समझाया कि डिहाइड्रेशन से हमें कमज़ोरी, चक्कर आना और यहाँ तक कि बेहोशी भी महसूस हो सकती है। मैंने यह भी बताया कि सुबह की असेंबली के दौरान कई बच्चे थके हुए क्यों दिखते थे - सिर्फ़ इसलिए क्योंकि वे अपने शरीर की ज़रूरत के हिसाब से पर्याप्त पानी नहीं पी रहे थे। सेशन के बाद, कई बच्चे अपने साथ पानी की बोतलें रखने लगे और नियमित रूप से पानी पीने के प्रति ज़्यादा सावधान हो गए। यह सकारात्मक बदलाव देखकर मुझे गर्व और खुशी महसूस हुई।

हमारी ट्रेनिंग के हिस्से के तौर पर, हमें एक अस्पताल भी ले जाया गया जहाँ हमने फ़र्स्ट एड के बारे में और जानकारी हासिल की। भैया ने हमसे कई दिलचस्प सवाल पूछे। एक दिन, उन्होंने पूछा, "अगर कोई व्यक्ति घायल हो जाता है, तो आप डॉक्टर के बिना उसकी मदद कैसे करेंगे?" हमने जवाब दिया कि अगर चोट मामूली है, तो हम फ़र्स्ट एड देंगे और घाव पर पट्टी बाँधेंगे, लेकिन अगर चोट गंभीर है, तो हम तुरंत उस व्यक्ति को पास के अस्पताल भेज देंगे।

फिर भैया ने एक और अनोखा सवाल पूछा: “मान लीजिए आप राजस्थान में हैं, और आपके आस-पास आपके और एक ऊँट के अलावा कोई नहीं है। अगर आपके पैर में गंभीर चोट लग जाए, तो आप अस्पताल कैसे जाएँगे?” कुछ बच्चों ने जवाब दिया कि वे ऊँट की सवारी करेंगे, जबकि दूसरों ने कहा कि वे कभी नहीं जाएँगे। भैया ने समझाया कि दूसरा जवाब सही था क्योंकि पैर की गंभीर चोट के साथ हिलने-डुलने से हालत और खराब हो सकती है। जिन बच्चों ने सही जवाब दिया, उन्हें इनाम दिया गया, और इस गतिविधि के ज़रिए हमने आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षित फ़ैसले लेने का महत्व सीखा।

CHE बनना मेरे जीवन के सबसे सार्थक अनुभवों में से एक रहा है। इसने मुझे सिखाया कि प्राथमिक चिकित्सा (first aid) कितनी महत्वपूर्ण है और कैसे छोटे-छोटे काम भी किसी की जान बचाने में मदद कर सकते हैं। मैंने सीखा कि आपातकालीन स्थितियों में दूसरों की मदद कैसे की जाए और बच्चों के बीच स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में जागरूकता कैसे फैलाई जाए। आज, मुझे गर्व है कि मैं दूसरों की मदद कर सकती हूँ और अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव ला सकती हूँ।





23

COOPERATIVE LEARNING

When Studies Meet Solidarity

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Mayank	8	13 years	Chandni Chowk

My name is Mayank. There are four members in my family — my father, mother, younger brother, and me. My father works as a sanitation worker, and my mother is a homemaker. I have been associated with the Chandni Chowk Point since 2022.

In the beginning, when I first came to the contact point, I could not understand what was happening there. All the children used to sit in groups according to their classes and start studying together. This method of learning was completely new to me because I had never seen such a way of studying in school. Gradually, when I also started studying with the group, I noticed improvement in my studies. Then I realised this was a new and effective way of learning.

Cooperative Learning is a learning process in which students' study together, help one another, and actively participate in different activities. It helps improve reading, writing, and self-confidence. Cooperative Learning has benefited me a lot and brought many positive changes to my life. Before joining to cooperative learning group, I was weak in studies. I did not know how to read and write properly. But after studying together in groups, I started learning new and difficult words and practiced their correct pronunciation. Watching children explain difficult words to each other made my learning easier and more interesting. This year in 7th grade I got 65 % marks in my final exams. In our group, only two children were initially good at studies, but slowly all the other children also started improving.

We discuss different topics together. This helps us improve our communication skills, cooperation, politeness, and mutual understanding. The best part of Cooperative Learning is that while studying together, we also play and learn at the same time. This keeps us happy and interested in studies.

According to me, Cooperative Learning provides children with a wonderful opportunity to learn together, build friendships, and grow in life. It is not limited only to studies but also helps develop important qualities like discipline, confidence, cooperation, and hard work in children.



हिन्दी / कहानी 23

जब पढ़ाई और एकता मिली

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
मयंक	**8**	**13 साल**	**चाँदनी चौक**

मेरा नाम मयंक है। मेरे परिवार में पापा, मम्मी और एक छोटा भाई है। पापा सफ़ाई कर्मचारी हैं। और मम्मी गृहिणी हैं। मैं वर्ष 2022 से चाँदनी चौक पॉइंट से जुड़ा हूँ।

शुरुआत में जब मैं पॉइंट पर आया था, तब मुझे कुछ भी समझ नहीं आता था कि यहाँ क्या हो रहा है। सभी बच्चे अपनी-अपनी कक्षा के अनुसार समूह में बैठकर पढ़ाई करते थे। यह तरीका मेरे लिए बिल्कुल नया था, क्योंकि मैंने स्कूल में कभी इस तरह की पढ़ाई नहीं देखी थी। धीरे-धीरे जब मैं भी समूह के साथ पढ़ने लगा, तब मेरी पढ़ाई में सुधार होने लगा और मुझे समझ आया कि पढ़ाई का यह एक बहुत अच्छा तरीका है।

Cooperative Learning एक ऐसी शिक्षण पढ़ाई करने की प्रक्रिया है, जिसमें हम सभी बच्चे मिल-जुलकर पढ़ते हैं, एक-दूसरे की मदद करते हैं और सभी गतिविधियों में भाग लेते हैं। इस प्रक्रिया से पढ़ने-लिखने की क्षमता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं। मुझे भी Cooperative Learning से बहुत लाभ मिला और मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आए।


शुरू में, मैं और मेरे समूह के कई बच्चे पढ़ाई में कमज़ोर थे। लेकिन समूह में साथ मिलकर पढ़ने से हमने नए-नए शब्दों को समझना और उनका सही उच्चारण करना सीखा। जब बच्चे एक-दूसरे को कठिन शब्द समझाते थे, तब सीखना और आसान हो जाता था।

हम सभी एक-दूसरे की सहायता करते थे और साथ मिलकर सीखते थे। हमारे समूह में शुरू में केवल दो बच्चे ही पढ़ाई में अच्छे थे, लेकिन धीरे-धीरे बाकी बच्चों में भी सुधार आने लगा। इस नई प्रक्रिया से शब्दों को पढ़ना, समझना और याद रखना आसान हो गया। हमारी Writing Skills, Reading Skills और शब्दों की पहचान लगातार बेहतर होती गई। अब मैं कठिन शब्दों को भी आसानी से पढ़ लेता हूँ और सही तरीके से बोल पाता हूँ। अब मैं पहले से बेहतर पढ़ और लिख पाता हूँ। इसका असर मेरे विद्यालय के अंकों पर भी पड़ा है और मेरे अंक पहले से अच्छे हुए हैं।

Cooperative Learning में हम किसी भी विषय पर चर्चा करते हैं। इससे हमारी बातचीत करने की क्षमता, सहयोग की भावना, विनम्रता और आपसी समझ भी बढ़ती है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलते भी हैं और सीखते भी हैं। इससे पढ़ाई में रुचि बनी रहती है और सीखना आनंददायक बन जाता है।

मेरे अनुसार Cooperative Learning बच्चों को मिलकर सीखने, दोस्ती बढ़ाने और जीवन में आगे बढ़ने का बहुत अच्छा अवसर देती है। यह केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और मेहनत जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास भी करती है।





24

COOPERATIVE LEARNING CDK

Dreams of a New World

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Netansh	10	15 years	Chandni Chowk

My name is Netansh, and I live in Salimgarh near Old Delhi. My family includes my grandparents, parents, one brother, and a younger sister. My mother and father work as sanatory worker.

I joined the Chandni Chowk Contact Point in the year 2022.

At that time, I was studying in Class 6, and today I am in Class 10. The biggest credit for the positive changes in my studies, my thinking, and my personality over these years goes to Cooperative Learning. Because of this, my reading, writing, and all other subjects improved a lot. Also, I learned to share my thoughts with confidence and work together with others.

Along with studies, many types of activities and sessions are conducted at the Contact Point, such as Life Skill sessions, Small Bal Sabha, CDK, CHSE, and Sports classes. These activities did not just teach me school lessons but also taught me important values of life.

I got the opportunity to become Child Sports Educator few times. During this responsibility, I learned how to manage and take care of sports equipment. I had to make sure that there was no shortage of any items at the Contact Point, make their lists, give sports equipment to the children to play, and ensure that every child participates in some sport or the other. This taught me how to handle responsibility, maintain discipline, and keep things safely. Now, I take care of every item with great attention and responsibility.

During this time, my love for sports, especially football, grew even more. I loved playing football since childhood. Whenever I saw children playing on the ground at the Contact Point, I also felt like playing with them. But in the beginning, I was a completely new player. I didn't even know the rules of the game properly. I used to just run behind the ball and would often fall down. Some children even made fun of me, but I never gave up. I used to practice at the Point every day. Slowly, I learned how to pass, dribble, and score goals. With continuous hard work and practice, my game started improving. I played with full dedication and effort in every match.

Whenever our organization Butterflies organized a football tournament, our Chandni Chowk team would participate in it. When our team lost, I used to feel very sad. But instead of feeling discouraged by the loss, I started encouraging my teammates. I inspired them to play as one unit and to keep working hard.

Slowly, I started focusing not just on my own game, but also on teamwork and leadership. I helped my teammates, motivated them to practice, and built up their confidence during losses. Seeing my hard work, responsibility, and dedication towards the team, all the team members made me the Team Captain the next year.

When I wore the captain's armband for the first time, I felt very proud. Now, my responsibility was not just to play well, but also to guide the whole team in the right direction. I explained the importance of discipline, hard work, and unity to my team. Our team won many matches and also faced defeat in some, but we never stopped trying. This entire journey gave me a very big lesson — no person is great from the very beginning. With hard work, confidence, teamwork, and continuous effort, an ordinary player can also become the team captain.

Today, I feel proud of myself that I faced every difficulty, did not give up, and kept moving forward continuously.



हिन्दी / कहानी 24

नई दुनिया के सपने

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
नेतांश	**10**	**15 साल**	**चाँदनी चौक**

मेरा नाम नेतांश है और मैं पुरानी दिल्ली के पास सलीमगढ़ में रहता हूँ। मेरे परिवार में दादा-दादी, मम्मी-पापा, एक भाई और एक छोटी बहन हैं। मेरे माता-पिता सफ़ाई कर्मचारी हैं।

मैं वर्ष 2022 में चाँदनी चौक कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ा था। उस समय मैं छठी कक्षा में पढ़ता था और आज मैं दसवीं कक्षा में हूँ। इन वर्षों में मेरी पढ़ाई, सोच और व्यक्तित्व में जो सकारात्मक बदलाव आया है, उसका सबसे बड़ा श्रेय कोऑपरेटिव लर्निंग को जाता है। इससे मेरी रीडिंग, राइटिंग और सभी विषयों में काफ़ी सुधार हुआ। साथ ही, मैंने आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखना और दूसरों के साथ मिलकर काम करना भी सीखा।

कॉन्टैक्ट पॉइंट पर पढ़ाई के साथ-साथ कई तरह की गतिविधियाँ और सेशन भी आयोजित होते हैं। जैसे लाइफ़ स्किल सेशन, छोटी बाल सभा, CDK, CHSE और स्पोर्ट्स गतिविधियाँ क्लास। इन गतिविधियों ने मुझे केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य भी सिखाए।

मुझे कई बार Child Sports Educator बनने का अवसर मिला। इस ज़िम्मेदारी के दौरान मैंने खेल के सामान का रख-रखाव करना सीखा। मुझे यह ध्यान रखना होता था कि पॉइंट पर किसी सामान की कमी न हो, उसकी सूची बनाना, बच्चों को खेलने के लिए सामान देना और यह सुनिश्चित करना कि हर बच्चा किसी न किसी खेल में भाग ले। इससे मैंने ज़िम्मेदारी निभाना, अनुशासन बनाए रखना और चीज़ों को संभालकर रखना सीखा। अब मैं हर सामान को बहुत ध्यान और ज़िम्मेदारी से संभालता हूँ।

इस दौरान खेलों, खासकर फुटबॉल, के प्रति मेरा लगाव और बढ़ता गया। मुझे बचपन से ही फुटबॉल खेलना बहुत पसंद था। जब भी मैं कॉन्टैक्ट पॉइंट के मैदान में बच्चों को खेलते देखता, तो मेरा मन भी उनके साथ खेलने का करता था। लेकिन शुरुआत में मैं बिल्कुल नया खिलाड़ी था। मुझे खेल के नियम भी ठीक से नहीं पता थे। मैं केवल बॉल के पीछे भागता था और कई बार गिर भी जाता था। कुछ बच्चे मेरा मज़ाक भी उड़ाते थे, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी।


मैं रोज़ कॉन्टैक्ट पॉइंट पर अभ्यास करता था। धीरे-धीरे मैंने पास देना, ड्रिब्लिंग करना और गोल करना सीखा। लगातार मेहनत और अभ्यास से मेरे खेल में सुधार आने लगा। मैं हर मैच में पूरी लगन और मेहनत से खेलता था।


जब भी हमारी संस्था Butterflies फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करती, हमारी चाँदनी चौक टीम उसमें भाग लेती थी। जब हमारी टीम हार जाती, तो मुझे बहुत दुख होता था। लेकिन हार से निराश होने के बजाय मैंने अपने साथियों का हौसला बढ़ाना शुरू किया। मैं उन्हें एकजुट होकर खेलने और लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित करता था।

धीरे-धीरे मैंने केवल अपने खेल पर ही नहीं, बल्कि टीमवर्क और नेतृत्व पर भी ध्यान देना शुरू किया। मैं अपने साथियों की मदद करता, उन्हें अभ्यास के लिए प्रेरित करता और हार के समय उनका आत्मविश्वास बढ़ाता। मेरी मेहनत, ज़िम्मेदारी और टीम के प्रति समर्पण को देखकर अगले साल टीम के सभी सदस्यों ने मुझे टीम का कप्तान बना दिया।

जब मैंने पहली बार कप्तान की पट्टी पहनी, तो मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। अब मेरी ज़िम्मेदारी केवल अच्छा खेलने की नहीं थी, बल्कि पूरी टीम को सही दिशा देना भी था। मैंने अपनी टीम को अनुशासन, मेहनत और एकता का महत्व समझाया। हमारी टीम ने कई मैच जीते और कुछ मैचों में हार का सामना भी किया, लेकिन हमने कभी कोशिश करना नहीं छोड़ा।

इस पूरे सफ़र ने मुझे एक बहुत बड़ी सीख दी — कोई भी इंसान शुरुआत से महान नहीं होता। मेहनत, आत्मविश्वास, टीमवर्क और लगातार प्रयास से एक साधारण खिलाड़ी भी टीम का कप्तान बन सकता है। आज मुझे खुद पर गर्व है कि मैंने हर मुश्किल का सामना किया, हार नहीं मानी और लगातार आगे बढ़ता रहा।





25

CDK

Learning Life Along the Yamuna

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Priyanshi Karki	9	16 years old	Uttarakhand

My name is Priyanshi Karki. I study in class 9. I am 16 years old. I live in Keshavpuri. My father's name is Baldev Karki, and my mother's name is Sunita Karki.

I have been associated with the cooperative for five years. Before joining, I used to be afraid to speak to people, but that fear gradually vanished after I became a member. Now, I no longer feel afraid to talk to anyone. The cooperative holds a General Body Meeting (GBM) every month. I took on roles such as convener, secretary, and timekeeper during these meetings and helped them to conduct. This boosted my self-confidence. I learned a lot from joining the cooperative, like saving money and living together. It has also been beneficial to me personally. For instance, when I needed to buy school stuff, I took an advance from CDK to meet that need. I also bought myself a beautiful school bag with the money I had saved, which made me very happy.

I also ran for the position of CVM in CDK, and the members voted me to be the CVM. I understood my responsibility. Serving as a CVM also improved my math skills, as I learned how to keep track of financial transactions.

हिन्दी / कहानी 25

यमुना के किनारे जीवन के सबक

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
प्रियंशी कार्की	**9**	**16 साल**	**उत्तराखंड**


मेरा नाम प्रियंशी कार्की है। मैं कक्षा 9 में पढ़ती हूँ। मेरी उम्र 16 साल है। मैं केशवपुरी में रहती हूँ। मेरे पापा का नाम बलदेव कार्की है और मेरी मम्मी का नाम सुनीता कार्की है।

मुझे कोऑपरेटिव से जुड़े हुए 5 साल हो गए हैं। जब मैं कोऑपरेटिव से नहीं जुड़ी थी, तब मुझे किसी से बात करने में डर लगता था। लेकिन जब मैं कोऑपरेटिव से जुड़ी, तो मेरा डर धीरे-धीरे खत्म हो गया। अब मुझे किसी से बात करने में डर नहीं लगता। कोऑपरेटिव में हर महीने GBM होता है। मैं GBM में कन्वीनर, सेक्रेटरी और टाइम कीपर जैसे पदों पर खड़ी हुई और मैंने GBM करवाया। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

मुझे कोऑपरेटिव से जुड़कर बहुत कुछ सीखने को मिला, जैसे पैसे की बचत करना और मिलजुलकर रहना। इससे मुझे फ़ायदा भी हुआ। जैसे मुझे स्कूल का सामान लेना था, तो मैंने CDK से एडवांस लिया और अपनी ज़रूरत पूरी की। मैंने अपने लिए एक सुंदर सा स्कूल बैग भी लिया अपने बचत किए हुए रुपए से, जिससे मुझे बहुत खुशी हुई।

CDK में मैं CVM के पद पर भी खड़ी हुई और सदस्यों ने मुझे वोट देकर CVM बनाया। मैंने अपनी ज़िम्मेदारी को समझा। CVM बनकर मेरा गणित भी अच्छा हुआ, क्योंकि मैंने लेन-देन का हिसाब करना सीखा।





26

COOPERATIVE LEARNING CDK CHSC

Beyond the Classroom Walls

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Sapna	10	14 years	Chandni Chowk

My name is Sapna. I live near the Hanuman Temple in Yamuna Bazar. There are five members in my family: my mother, my father, and the three of us sisters. My father is an e-rickshaw driver, while my mother manages the household and takes great care of all of us.

There is a Contact Point at Chandni Chowk, which is near my home. I joined this contact point in 2022. At that time, I was in the sixth grade; today, I am in the tenth grade. I learned about the Butterflies organization from Khushi Didi, who lives in my neighborhood. When I first visited the point, the didi and bhaiya welcomed me warmly and introduced me to all the children. They conducted a brief test to assess my academic level. The next day, they asked me to bring my Aadhaar card and to attend the point regularly. That day marked a new beginning in my life.

Initially, I was taught alongside children whose basic concepts were weak. Gradually, with the help and guidance of didi, my studies began to improve. Later, I was placed in a group with students from my own grade level. At first, I was afraid to speak within the group because my mathematics skills were weak, and kept silent because of fear. However, my classmates and the other children in the group provided me all the support. With their help, my self-confidence grew, and I began reading and writing alongside the group. Slowly, I started enjoying my studies and made good friends at the contact point. I love going to the contact point because all the children there feel like family to me. Cooperative learning taught me how to work together in a group and how to express my views with confidence.

This helped develop my leadership skills, and I learned to take responsibilities like a team leader.

In addition to cooperative learning, the contact point organizes activities focused on life skills, such as Bal Sabha, CDK, and CHSC. These activities further enhance our learning capabilities. At the contact point, we learn new things through games and sports, and we also develop the habit of saving. We learn how to deposit money and withdraw it when needed.

Currently, I am the CVM at our contact point. I encourage children to save money and explain to them the benefits of saving money. I worked hard to become a CVM. I learned how to maintain cash and ledger books, which taught me how to keep financial records correctly. I tell the children that I, too, make small daily savings and deposits so that I can save for my future education and needs, become self-reliant to cover my own educational expenses. I also explain to my classmates how important it is to save for difficult times and how it comes handy when needed.

There is a small story related to my role as a CVM. There is a boy named Neeraj at the contact point who is in second grade. Neeraj used to be very afraid of mathematics. When I saw him, I was reminded of my own early days when I was afraid to speak up or learn new things. I decided to help him. I sat with him and gradually began explaining basic math problems using money. Children grasp the concept of money-based calculations very quickly. Slowly, he began to easily perform addition, subtraction, and multiplication (tables) using money. He started solving simple problems on his own and even began speaking up a bit more in class. It made me feel wonderful to see his joy when he gave a correct answer for the first time. This experience taught me that, as a CVM, even a little help from us can change a child's life. It is not just about teaching; it is also about developing self-confidence in others.

I have also functioned the role of Child Health Educator and a Sports Educator at the contact point. As a Child Health Educator, I check the children's personal hygiene, ensuring that their nails are trimmed and they bathe daily. I raise awareness about cleanliness and a healthy lifestyle, and I explain the importance of nutritious food and regular exercise. As a sports educator, I have learned about discipline, teamwork, and self-confidence. I pass these lessons on to other children as well. Through this, we come to understand that sports are not just about winning; they improve our physical and mental health and boost our self-confidence.

My dream is to become a bank officer in the future. After joining the contact point, my self-confidence and courage have grown significantly. I feel that if I had not connected to this contact point, I would probably not have been able to study so well, nor would I have been able to help the children.



हिन्दी / कहानी 26

कक्षा की दीवारों से परे

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
सपना	**10**	**14 साल**	**चाँदनी चौक**

मेरा नाम सपना है। मैं यमुना बाज़ार, हनुमान मंदिर के पास रहती हूँ। मेरे परिवार में पाँच सदस्य हैं – मम्मी, पापा और हम तीन बहनें। मेरे पापा ई-रिक्शा चालक हैं और मम्मी घर का काम संभालती हैं तथा हम सभी का बहुत ध्यान रखती हैं।

मेरे घर के पास चाँदनी चौक नाम का एक कॉन्टैक्ट पॉइंट है। मैं वर्ष 2022 में इस कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ी थी। उस समय मैं छठी कक्षा में पढ़ती थी और आज मैं दसवीं कक्षा में हूँ। मुझे बटरफ्लाईज़ संस्था के बारे में मेरे पड़ोस की खुशी दीदी से पता चला। जब मैं पहली बार पॉइंट पर गई, तो वहाँ दीदी-भैया ने मेरा बहुत प्यार से स्वागत किया और मुझे सभी बच्चों से मिलवाया। उन्होंने मेरा एक छोटा-सा टेस्ट लिया, ताकि वे मेरी पढ़ाई का स्तर समझ सकें। अगले दिन उन्होंने मुझे आधार कार्ड लाने और नियमित रूप से पॉइंट पर आने के लिए कहा। उस दिन से मेरी ज़िंदगी में एक नई शुरुआत हुई।

शुरुआत में मुझे उन बच्चों के साथ पढ़ाया गया, जिनके बेसिक कॉन्सेप्ट्स कमज़ोर थे। धीरे-धीरे दीदी-भैया की मदद और मार्गदर्शन से मेरी पढ़ाई में सुधार होने लगा। बाद में मुझे मेरी कक्षा के समूह के साथ बैठाया गया। शुरुआत में मुझे समूह में बोलने से डर लगता था, क्योंकि मेरा गणित बहुत कमज़ोर था और डर के मारे कुछ बोल नहीं पाती थी, लेकिन मेरे सहपाठियों और समूह के बच्चों ने मेरा पूरा साथ दिया। उनकी मदद से मेरा आत्मविश्वास बढ़ने लगा और मैं समूह के साथ मिलकर लिखने और पढ़ने लगी। धीरे-धीरे पढ़ाई में मेरा मन लगने लगा और पॉइंट पर मेरे अच्छे दोस्त भी बन गए।

मुझे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर जाना बहुत अच्छा लगता है, क्योंकि वहाँ के सभी बच्चे मुझे अपने परिवार जैसे लगते हैं। Cooperative Learning ने मुझे सिखाया कि समूह में मिलकर कैसे काम किया जाता है और अपनी बात आत्मविश्वास के साथ कैसे रखी जाती है। इससे मेरे अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित हुई और मैं एक टीम लीडर की तरह ज़िम्मेदारी निभाना सीख पाई।


कॉन्टैक्ट पॉइंट पर Cooperative Learning के अलावा Life Skill के लिए भी गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जैसे छोटी बाल सभा, CDK और CHSC। इन गतिविधियों से हमारी सीखने की क्षमता और बेहतर होती है। वहाँ हम खेल-कूद के माध्यम से नई चीज़ें सीखते हैं और बचत करने की आदत भी विकसित करते हैं। हम पैसे जमा करना और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें निकालना भी सीखते हैं।


आज मैं अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट पर CVM (Child Volunteer Manager) हूँ। मैं बच्चों को बचत करने के लिए प्रेरित करती हूँ और उन्हें पैसे जमा करने के फ़ायदे समझाती हूँ। CVM बनने के लिए मैंने बहुत मेहनत की। मैंने कैश और लेजर बुक भरना सीखा, जिससे मुझे पैसों का सही हिसाब रखना आया। मैं बच्चों को बताती हूँ कि मैं भी रोज़ छोटी-छोटी बचत करती हूँ और रोज़ जमा करती हूँ ताकि भविष्य की पढ़ाई और ज़रूरतों के लिए पैसे बचा सकूँ और आत्मनिर्भर बनकर अपनी पढ़ाई के खर्चे खुद उठा सकूँ। मैं अपने सहपाठियों को यह भी बताती हूँ कि कठिन समय के लिए बचत करना कितना महत्वपूर्ण है। साथ ही, यही बचत उनके काम आ सकती है।

CVM से संबंधित एक छोटी सी कहानी है। कॉन्टैक्ट पॉइंट पर एक बच्चा है जिसका नाम नीरज है जो दूसरी कक्षा में है। नीरज को गणित से बहुत डर लगता है। जब मैंने उसे देखा तो मुझे अपनी शुरुआती स्थिति याद आई, जब मैं भी बोलने और सीखने से डरती थी। मैंने तय किया कि मैं उसकी मदद करूँगी। मैंने अपने साथ बिठाकर धीरे-धीरे पैसे से गणित के बेसिक सवाल समझाने शुरू किए। बच्चों को पैसों का हिसाब बहुत जल्दी समझ आता है। धीरे-धीरे वह पैसे की मदद से जोड़, घटा और पहाड़े आसानी से करने लगा। वह छोटे-छोटे सवाल खुद हल करने लगा और क्लास में भी थोड़ा बोलने लगा। जब नीरज ने पहली बार सही जवाब दिया, तो उसकी खुशी देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। इस अनुभव से मुझे समझ में आया कि एक CVM के रूप में हमारी छोटी-सी मदद भी किसी बच्चे की ज़िंदगी बदल सकती है। यह सिर्फ़ पढ़ाने का काम नहीं है, बल्कि दूसरों को आत्मविश्वास देना भी है।

मैंने पॉइंट पर Child Health Educator और Sports Educator के रूप में भी कार्य किया है। एक Child Health Educator के रूप में मैं बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता जाँचती हूँ जैसे कि उनके नाखून कटे हों, वह रोज़ नहाएँ। उन्हें साफ़-सफ़ाई तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूक करती हूँ। मैं उन्हें पौष्टिक भोजन और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में बताती हूँ। वहीं Sports Educator के रूप में मैंने अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास सीखा है। मैं यह सीख दूसरे बच्चों तक भी पहुँचाती हूँ। इससे हमें समझ में आता है कि खेल केवल जीतने के लिए नहीं होते, बल्कि वे हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।

मेरा सपना है कि मैं भविष्य में एक Bank Officer बनूँ। पॉइंट से जुड़ने के बाद मेरे अंदर आत्मविश्वास और हौसला बहुत बढ़ा है। मुझे लगता है कि यदि मैं इस पॉइंट से नहीं जुड़ी होती तो शायद मैं इतनी अच्छी तरह पढ़ाई नहीं कर पाती और न ही बच्चों की मदद करने के योग्य बन पाती।





27

COOPERATIVE LEARNING CDK

Life Lessons Beyond the Textbook

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Shivani	9	15 years	Chandni Chowk

My name is Shivani. I am 15 years old and I study in Class 9. My family consists of my father, mother, and three brothers. My father drives an e-rickshaw, and my mother is a homemaker.

Earlier, I had no interest in studies at all. I used to go to school every day, but I could not understand the lessons properly in class. Mathematics and English especially seemed very difficult to me. Whenever teachers asked questions, I became nervous and stayed silent. My school marks were also very low. Because of this, my confidence gradually decreased. I felt that I would never be able to study well.

One day, my friend asked me to come to Chandni Chowk Contact Point with her. She told me that the Didi teaches children in a very different ways and the learning is interesting. At first, I felt a little scared, but then I went there with her. I really liked the environment there. In 2022, I enrolled myself at Chandni Chowk contact point and started going there regularly.

Gradually, Didi introduced me to Cooperative Learning. In this method, children study together in groups and help one another. In the beginning, I thought it would not make much difference, but when I started participating, I realized how easy studying becomes in a group. Children who were good at studies explained things to others. Whenever I could not understand a question, my friends and Didi explained it to me nicely. Slowly, my fear disappeared and my confidence increased.

After this, I came to know about the Children Development Khazana (CDK). There, we learn the habit of saving money. I also started depositing money in it. We were told that by saving small amounts regularly, we could save money for our future education. This money can be used to buy books, fulfil school needs, and continue higher studies. If there is ever a problem at home, children can also take an advance when needed because it is the children's own Khazana. All the children contribute and save money in CDK.

Even today, I continue saving money in CDK. My dream is that after passing Class 12, I will use these savings for my college education so that my family does not face too much financial burden. Through this, I understood the importance of responsibility and saving money.

The environment at our contact point is very good. Along with studies, there are sports and drawing activities, and many other creative activities. Bhaiya has also prepared a study timetable that tells us which subject to study on which day. We bring our books according to the timetable and study regularly.

I eagerly wait for Fridays because it is library day. Many storybooks are placed in front of us, and I read the books of my choice. After that, on bhaiya's suggestion, I rewrite the same story in my own words. This has improved my creative writing and writing skills. I also like the Drawing Books and Colouring Books at the Contact Point. I draw pictures and fill them with colours. This has developed my creativity and keeps my mind happy. Sports equipment are also available at the Contact Point. I love playing football. A bhaiya from the senior team coaches all the girls how to play football. Everyone learns and plays together. This has developed a sense of teamwork in me.

A lot has changed within me because of Cooperative Learning, sports, and the activities at the point. Earlier, I was very shy, but now I can speak confidently in front of everyone. Now I study together with my friends and also help them.

Today, I am very happy that I became connected with Cooperative Learning, Sports, and CDK. All these things changed my life. Now I am no longer afraid of studies. I want to work hard, move forward in life, and make my parents and teachers proud.

हिन्दी / कहानी 27

किताबों से परे जीवन के पाठ

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
शिवानी	**9**	**15 साल**	**चाँदनी चौक**

मेरा नाम शिवानी है। मेरी उम्र 15 साल है और मैं नौवीं कक्षा में पढ़ती हूँ। मेरे परिवार में पापा, मम्मी और तीन भाई हैं। मेरे पापा ई-रिक्शा चलाते हैं और मम्मी गृहिणी हैं।

पहले मेरा पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। मैं रोज़ स्कूल तो जाती थी, लेकिन कक्षा में पढ़ाई ठीक से समझ नहीं पाती थी। खासकर गणित और अंग्रेज़ी विषय मुझे बहुत कठिन लगते थे। जब शिक्षक सवाल पूछते थे, तो मैं डर जाती थी और चुप रहती थी। मेरे स्कूल के अंक भी बहुत कम आते थे। इस वजह से मेरा आत्मविश्वास धीरे-धीरे कम हो गया था। मुझे लगता था कि मैं कभी अच्छी तरह पढ़ नहीं पाऊँगी।

एक दिन मेरी दोस्त ने मुझे चाँदनी चौक कॉन्टैक्ट पॉइंट चलने के लिए कहा। उसने बताया कि वहाँ दीदी बच्चों को बहुत अच्छे तरीके से पढ़ाती हैं और पढ़ाई मज़ेदार तरीके से कराई जाती है। पहले मुझे थोड़ा डर लगा, लेकिन फिर मैं उसके साथ वहाँ गई। वहाँ का वातावरण देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने 2022 में चाँदनी चौक पॉइंट पर अपना नाम लिखवाया और नियमित रूप से वहाँ जाने लगी।

धीरे-धीरे दीदी ने हमें Cooperative Learning के बारे में बताया। इसमें बच्चे समूह में मिल-जुलकर पढ़ते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं। शुरुआत में मुझे लगा कि इससे शायद कोई खास फ़ायदा नहीं होगा, लेकिन जब मैंने इसमें भाग लेना शुरू किया, तो मुझे समझ आने लगा कि समूह में पढ़ाई करने से पढ़ाई कितनी आसान हो जाती है। जो बच्चे पढ़ाई में अच्छे थे, वे दूसरों को समझाते थे। अगर मुझे कोई सवाल समझ नहीं आता था, तो मेरे दोस्त और दीदी मुझे प्यार से समझाते थे। इससे मेरा डर धीरे-धीरे खत्म होने लगा और मेरा आत्मविश्वास बढ़ने लगा।

इसके बाद मुझे Children Development Khazana (CDK) के बारे में जानकारी मिली। इसमें हमें बचत करने की आदत सिखाते हैं। मैंने भी उसमें पैसे जमा करने शुरू किए। हमें बताया गया कि थोड़े-थोड़े पैसे बचाकर हम अपनी आगे की पढ़ाई के लिए पैसे इकट्ठा कर सकते हैं। इन पैसों का उपयोग किताबें खरीदने, स्कूल की ज़रूरतें पूरी करने और आगे की पढ़ाई में किया जा सकता है। अगर कभी घर में कोई परेशानी आ जाए, तो ज़रूरत पड़ने पर बच्चे एडवांस भी ले सकते हैं, क्योंकि यह बच्चों का अपना खज़ाना है। इसमें सभी बच्चे मिलकर पैसे जमा करते हैं। आज भी मैं CDK में पैसे जमा करती हूँ। मेरा सपना है कि 12वीं पास करने के बाद मैं इन्हीं जमा पैसों से अपनी कॉलेज की पढ़ाई करूँ, ताकि मेरे परिवार पर ज़्यादा बोझ न पड़े। इससे मुझे ज़िम्मेदारी और बचत का महत्व समझ में आया।

हमारे कॉन्टैक्ट पॉइंट का वातावरण बहुत अच्छा है। वहाँ पढ़ाई के साथ-साथ खेल, चित्रकला और नई-नई गतिविधियाँ भी होती हैं। भैया ने पढ़ाई के लिए टाइम-टेबल भी बनाया हुआ है कि किस दिन कौन-सा विषय पढ़ना है। हम उसके अनुसार किताबें लाते हैं और पढ़ते हैं।

मुझे शुक्रवार का बेसब्री से इंतज़ार रहता है, क्योंकि उस दिन लाइब्रेरी का दिन होता है। हमारे सामने बहुत सारी कहानियों की किताबें रखी जाती हैं। मैं अपनी पसंद की किताबें पढ़ती हूँ। उसके बाद भैया के कहने पर मैं अपने शब्दों में उस कहानी को दोबारा लिखती हूँ। इससे मेरी क्रिएटिव राइटिंग और लिखने की कला में सुधार हुआ है।


मुझे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर Drawing Book और Colouring Book भी बहुत पसंद हैं। मैं चित्र बनाकर उनमें रंग भरती हूँ। इससे मेरी रचनात्मक शक्ति का विकास हुआ और मेरा मन खुश रहने लगा।

यहाँ कॉन्टैक्ट पॉइंट पर खेलकूद का सामान भी है। मुझे फुटबॉल खेलना बहुत पसंद है। सीनियर टीम के भैया हम सभी लड़कियों को फुटबॉल खेलना सिखाते हैं। सभी मिल-जुलकर सीखते और खेलते हैं। इससे मेरे अंदर टीमवर्क की भावना विकसित हुई है।

Cooperative Learning, खेलकूद और पॉइंट की गतिविधियों की वजह से मेरे अंदर बहुत बदलाव आया। पहले मैं बहुत शर्मीली थी, लेकिन अब मैं सबके सामने बोलने लगी हूँ। अब मैं अपने दोस्तों के साथ मिलकर पढ़ती हूँ और उनकी मदद भी करती हूँ।

आज मैं बहुत खुश हूँ और अब मुझे पढ़ाई से डर नहीं लगता। मैं मेहनत करके आगे बढ़ना चाहती हूँ और अपने माता-पिता तथा शिक्षकों का नाम रोशन करना चाहती हूँ।





28

CHSC

Savings, Sports, and the Strength to Serve

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Sonu	12 pass	17 Years	Hathi Park

The Cooperative taught me more than just studies. It has taught me important life lessons. I learned to save money, be responsible, and work together. Through Bal Sabha and regular meetings, I learned to express my views, listen to others and take small decisions. My self-confidence grew with every meeting.

The CHSE Program made me understand how important it is to take care of your physical and mental health. In the meetings, we were told by CHE how we can keep our body and mind healthy. I really enjoyed participating in these discussions because every child felt free to speak their mind. There I also learned the importance of discipline and teamwork. CHC activities and Bal Sabha helped me overcome my biggest weakness—the fear of public speaking. I still remember, when I had my first children's meeting, I was very nervous. My voice was shaking, my heart was beating fast. But the constant encouragement from Bhaiya and Didi slowly gave me the courage to speak. I began participating actively in the cooperative's activities.

Yet, among all these experiences, one role changed me the most and that is the role of a 'Buddy.' A Buddy is not just a friend, but a companion who listens to other children, understands their problems and tries to help them. When I got the opportunity to become a Buddy, I felt proud and also a sense of responsibility.

During the Buddy training, we were taught how to reach out to a child, understand what they were saying, and offer help. During this time, I realized that many children hide their problems in their minds, which slowly takes away their childhood.

There was one such boy who studied in my school and in my class.

He always remained silent. When the teacher asked questions, he would sit with his head bowed. He ate lunch alone, went home alone, and had no close friends. After observing him closely for a few days, I realized he didn't just need a friend; he needed a 'Buddy' who could truly understand him.

One day I quietly went and sat near him. I didn't say anything; I simply ate lunch with him. The next day, I sat with him again and asked to borrow his Hindi notebook. Slowly we started sitting together and became friends and sharing about our problems. I sensed that there was some deep trouble hidden behind his silence.

One day I casually told him that my father was asking me to leave my studies and start working. Hearing this, he quietly said, "Yeah, everyone's father is like that." At that very moment I understood what his problem was.

After a few days, he told me hesitantly that his father wanted him to leave his studies and work because the financial condition of the family was very bad. His mother was ill, his father was the sole breadwinner, and the responsibility of the household was slowly coming on his shoulders. But he wanted to study. He did not want to give up on his dreams.

I listened to him carefully and explained to him that Butterflies exists to help such children only. At first, he was very scared—he thought that if his father found out, he would be angry. But I assured him.

Finally, after school, we both went to the Butterflies Contact Point. I explained the entire situation to Bhaiya. The next day we went to that friend's house. Bhaiya spoke to his father with great patience and understanding, explaining how important education was for his future. After a lot of persuasion... his father agreed.

The next day when my friend came to school, there was a different kind of happiness on his face. He said with a smile "Papa has brought me new notebooks... and he said I won't have to quit school to work anymore." I still remember that smile of his.

Over a period of time, changes started coming in him. He became happier, started focusing on his studies, and began mingling with friends.

This role taught me to reach out to people, make friends and be a responsible person. These experiences taught me to show respect, help others, and believe in my own dreams.

Today, when I look back, I feel that participating in all these programs has given me a new perspective – to understand life, to believe in myself, and to make a difference in the lives of others. This is my beautiful journey with Butterflies.

हिन्दी / कहानी 28

बचत, खेल और सेवा की शक्ति

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
सोनू	**12 पास**	**17 साल**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम सोनू है और मैं बिहार के छोटे से ज़िले मधुबनी से हूँ। जब मैं सिर्फ़ आठ साल का था, तब अपनी आगे की पढ़ाई के लिए पहली बार दिल्ली आया। अपने साथ मैं कई सपने लेकर आया था, लेकिन एक ऐसी झिझक भी थी, जो मुझे अक्सर लोगों के सामने खुलकर बोलने से रोकती थी।

जब मैं स्कूल की पाँचवीं कक्षा में पढ़ता था, तभी मुझे पहली बार भैया, दीदी के माध्यम से Butterflies कॉन्टैक्ट पॉइंट के बारे में पता चला। उनकी बातें सुनकर मेरे मन में भी वहाँ जाने और उससे जुड़ने की इच्छा हुई लेकिन अपने शर्मीले स्वभाव के कारण मैं अकेले जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। आखिरकार, अपने दोस्तों के साथ मैंने Butterflies Contact Point जाना शुरू किया—और यहीं से मेरी ज़िंदगी में एक नया बदलाव शुरू हुआ।

वहाँ मुझे Children's Cooperative के बारे में पता चला। एक ऐसी जगह, जहाँ बच्चे मिलकर पढ़ाई करते हैं, एक-दूसरे की मदद करते हैं और जीवन की ज़रूरी बातें सीखते हैं। शुरुआत में मैं बहुत चुप रहता था। लोगों से कम बात करता था और हर गतिविधि में पीछे रहने की कोशिश करता था। लेकिन धीरे-धीरे वहाँ के बच्चों का अपनापन, भैया, दीदी का मार्गदर्शन और Cooperative की गतिविधियों ने मुझे बदलना शुरू कर दिया।

Cooperative ने मुझे सिर्फ़ पढ़ाई से जुड़ी बातें नहीं सिखाईं, बल्कि जीवन जीने की कई महत्वपूर्ण सीख दीं। मैंने पैसे बचाना, ज़िम्मेदारी निभाना और मिल-जुलकर काम करना सीखा। बाल सभा और नियमित बैठकों के माध्यम से मैंने अपनी बात रखना, दूसरों की बात सुनना और छोटे-छोटे फ़ैसले लेना सीखा। हर मीटिंग के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया।

CHSE Program ने मुझे यह समझाया कि अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना कितना ज़रूरी है। बैठकों में हमें CHE के द्वारा बताया जाता था कि हम अपने शरीर और मन को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं। इन चर्चाओं में हिस्सा लेना बहुत अच्छा लगता था, क्योंकि वहाँ हर बच्चा खुलकर अपनी बात कहता था। वहीं मैंने अनुशासन और Teamwork का महत्व भी सीखा।

CHC Activities और बाल सभा ने मुझे मेरी सबसे बड़ी कमज़ोरी—सबके सामने बोलने के डर—से बाहर निकाला। मुझे आज भी याद है, जब मेरी पहली बाल सभा हुई थी, तब मैं बहुत घबराया हुआ था। आवाज़ काँप रही थी, दिल तेज़ धड़क रहा था। लेकिन भैया और दीदी के लगातार प्रोत्साहन ने मुझे धीरे-धीरे बोलने की हिम्मत दी। अब मैं Cooperative की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने लगा था।

लेकिन इन सभी अनुभवों में एक भूमिका ने मुझे सबसे अधिक बदला—और वह थी Buddy बनने की भूमिका।

Buddy केवल एक दोस्त नहीं होता, बल्कि वह ऐसा साथी होता है जो दूसरे बच्चों की बात सुनता है, उनकी परेशानियों को समझता है और उनकी मदद करने की कोशिश करता है। जब मुझे Buddy बनने का मौका मिला, तो मुझे गर्व भी हुआ और ज़िम्मेदारी का एहसास भी। Buddy की ट्रेनिंग में हमें सिखाया गया कि किसी बच्चे तक कैसे पहुँचना है, उसकी बात कैसे समझनी है और उसकी मदद कैसे करनी है। इस दौरान मुझे यह समझ आया कि कई बच्चे अपने मन में ऐसी परेशानियाँ छुपाए रहते हैं, जो धीरे-धीरे उनका बचपन उनसे छीन लेती हैं।

ऐसा ही एक लड़का था जो मेरे ही स्कूल और मेरी ही कक्षा में पढ़ता था। वह हमेशा चुप-चुप रहता था। शिक्षक जब सवाल पूछते, तो वह सिर झुकाकर बैठा रहता। वह लंच भी अकेले करता, घर भी अकेले जाता, और उसका कोई खास दोस्त भी नहीं था। मैंने कुछ दिनों तक उसे ध्यान से देखा और समझ गया कि उसे सिर्फ़ एक दोस्त नहीं, बल्कि एक ऐसे Buddy की ज़रूरत है जो उसे समझ सके।

एक दिन मैं चुपचाप उसके पास जाकर बैठ गया। मैंने उससे कुछ नहीं कहा, बस उसके साथ लंच किया। अगले दिन फिर उसके पास बैठा और उससे हिंदी की कॉपी माँगी। धीरे-धीरे हम साथ बैठने लगे और दोस्त होने लगे। और हम अपनी परेशानियों के बारे में भी एक दूसरे से बात करने लगे। मुझे महसूस हो गया था कि उसकी चुप्पी के पीछे कोई गहरी परेशानी छिपी है।

एक दिन मैंने उससे ऐसे ही कहा कि मेरे पापा मुझे पढ़ाई छोड़कर काम करने को कह रहे हैं। यह सुनकर उसने धीरे से कहा “हाँ, पापा सबके ऐसे ही होते हैं”। उस पल मुझे समझ आ गया कि उसकी परेशानी क्या है।

कुछ दिनों बाद उसने डरते-डरते मुझे बताया कि उसके पिता चाहते हैं कि वह पढ़ाई छोड़कर काम करे, क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। उसकी माँ बीमार रहती थीं, पिता अकेले कमाते थे, और घर की ज़िम्मेदारी धीरे-धीरे उस पर डाली जा रही थी। लेकिन वह पढ़ना चाहता था। वह अपने सपनों को छोड़ना नहीं चाहता था।

मैंने उसकी पूरी बात ध्यान से सुनी और उसे समझाया कि Butterflies ऐसे बच्चों की मदद करने के लिए ही है। पहले तो वह बहुत डर रहा था—उसे लगा कि अगर उसके पिता को पता चला, तो वे नाराज़ होंगे। लेकिन मैंने उसे भरोसा दिलाया।


आखिरकार, स्कूल के बाद हम दोनों Butterflies के Contact Point गए। मैंने भैया को पूरी बात बताई। अगले दिन हम उस दोस्त के घर गए। भैया ने उसके पिता से बहुत धैर्य और समझदारी से बात की। उन्होंने उन्हें समझाया कि शिक्षा उसके भविष्य के लिए कितनी ज़रूरी है। काफ़ी समझाने के बाद... उसके पिता मान गए।

अगले दिन जब मेरा दोस्त स्कूल आया, तो उसके चेहरे पर एक अलग ही खुशी थी। उसने मुस्कुराते हुए कहा— "पापा मेरे लिए नई कॉपी लाए हैं... और उन्होंने कहा है कि अब मुझे पढ़ाई छोड़कर काम नहीं करना पड़ेगा।" उसकी वह मुस्कान आज भी मुझे याद है।

धीरे-धीरे उसमें बदलाव आने लगा। वह पहले से ज़्यादा खुश रहने लगा, पढ़ाई में ध्यान देने लगा और दोस्तों के साथ घुलने-मिलने लगा। और शायद... उसके साथ मैं भी बदल गया।

Buddy बनने ने मुझे सिर्फ़ समस्याओं का हल निकालना नहीं सिखाया, बल्कि यह भी सिखाया कि किसी की बात ध्यान से सुनना, उसका भरोसा जीतना, और मुश्किल समय में उसके साथ खड़ा रहना कितना महत्वपूर्ण होता है। इस भूमिका ने मुझे लोगों तक पहुँचना, दोस्त बनाना और एक ज़िम्मेदार इंसान बनना सिखाया। इन अनुभवों ने मुझे सम्मान देना, दूसरों की मदद करना, और अपने सपनों पर विश्वास करना सिखाया।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो महसूस करता हूँ कि इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेने से मुझे एक नई नज़र मिली है—जीवन को समझने की, खुद पर भरोसा करने की, और दूसरों के जीवन में बदलाव लाने की। यही है मेरी Butterflies के साथ खूबसूरत यात्रा।



29

COOPERATIVE LEARNING

A Lesson in Responsibility and Leadership

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Udit	8	13 Years	Sadar Bazar

My name is Udit Sharma, and I am from the Sadar Bazar Contact Point. There are eight members in my family. I was introduced to 'Butterflies' by a friend named Deepak. I would like to talk about 'Cooperative Learning.' Cooperative Learning is a learning process in which children study together, without any discrimination and with respect. Let me share an example from my Contact Point: there was a boy in my group who struggled with mathematics. We explained the concepts to him, which helped him understand the subject while also serving as a revision for me. Before adopting Cooperative Learning, I used to have many doubts; however, once we started this method, I could simply ask my classmates to explain whatever I didn't understand. Cooperative Learning taught me how to show respect and treat everyone well, without discrimination. Earlier I was a little weak in studies but since I started doing Cooperative Learning, I became good in studies. In this approach, we all work hard together to achieve a common goal. The child of our Contact Point who did not give importance to studies, but when we included him in Cooperative Learning, he started studying daily. The boy who was not interested in studies earlier is now very keen on studies and is also doing much better than before. We were overjoyed to realize that he had improved because of our efforts. One thing I learned from this is that it is not just one person in a group who benefits, the entire group benefits, this inspires me a lot.

हिन्दी / कहानी 29

ज़िम्मेदारी और नेतृत्व का पाठ

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
उदित	**8**	**13 साल**	**सदर बाज़ार**


मेरा नाम उदित शर्मा है। मैं सदर बाज़ार contact point से हूँ। मेरे परिवार में 8 लोग हैं। मैं Butterflies से अपने एक दोस्त दीपक के द्वारा जोड़ा गया था।

मैं cooperative learning के बारे में बताना चाहता हूँ। Cooperative Learning सीखने की ऐसी प्रक्रिया है जिसमें बच्चे एक साथ पढ़ते हैं, बिना किसी भेदभाव और सम्मान के साथ पढ़ते हैं। Cooperative learning में हमें एक कक्षा के 6 बच्चों को समूह में बैठकर पढ़ना होता है।

मैं अपने Contact Point का एक उदाहरण देता हूँ, मेरी क्लास के ग्रुप में एक लड़का था, जिसको गणित विषय में दिक्कत थी। हमने उसे वह समझाया जिससे उसे मदद मिली और हमारा भी रिवीज़न हो गया। जब मैं Cooperative Learning नहीं करता था तो मुझे बहुत doubts रहते थे लेकिन जब से मैंने cooperative learning शुरू किया तो जो मुझे समझ नहीं आता तो मैं अपने सहपाठियों से समझ लेता था। मुझे Cooperative Learning से सम्मान देना आया और बिना किसी भेदभाव के सबके साथ अच्छा व्यवहार करना सीखा। पहले पढ़ाई में थोड़ा सा कमज़ोर था पर जबसे Cooperative Learning करना शुरू किया तो मैं पढ़ाई में अच्छा हो गया।

Cooperative Learning में हम सभी बच्चे मिलकर एक साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत करते हैं। हमारे Contact Point का बच्चा जो पढ़ाई को महत्व नहीं देता था लेकिन जब हमने उसे Cooperative Learning में शामिल किया वह रोज़ पढ़ने लगा। वह लड़का जो पहले पढ़ाई में रुचि नहीं रखता था पर वह अब पढ़ाई को लेकर बहुत उत्सुक है और पहले से बहुत अच्छा भी है। जब हमें यह पता चला कि वह लड़का हमारी वजह से पढ़ाई में अच्छा हो गया तो हमें बहुत खुशी हुई। मुझे इससे एक चीज़ सीखने को मिली कि समूह में सिर्फ़ एक व्यक्ति को फ़ायदा नहीं होता पूरे समूह को फ़ायदा होता है, इस बात से मुझे बहुत प्रेरणा मिलती है।





30

COOPERATIVE LEARNING

Three Friends, One Unstoppable Team

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Aarifa	9	14 years	Okhla Mandi

I am Aarifa and I have two friends, Ritika and Shweta. We have been coming to the Butterflies Okhla Mandi Contact Point since Class 5.

At first, we did not know about Butterflies. My friend Shweta told me and Ritika about it. When Ritika and I first came to the contact point, both of us were feeling nervous. Then Didi called us and introduced us to everyone. She also told us about the admission process here. After that, we were made to sit in groups according to our classes. We sat with the group, but we could not understand how everyone was studying in this way. Slowly, as time passed, we started understanding little by little. Then we attended a Cooperative Learning training. In that training, we learned about its steps and how to use it in studies.

One of our friends could not attend the training. So, when we came back, we explained everything to her and told her how to use it in studies. We learned there that we should help each other, move forward together, and encourage others. These are everyone's responsibilities towards the group.

We children mostly come every day. One day, an important Mathematics chapter was being taught. Its name was Chapter 2 – Linear Equation in One Variable. That day, two members of our group were absent. Even among the children who came, some could not understand the chapter properly.

So we took help from the child in our group who understood the subject well, and together we solved the question. Then we made pairs and practiced the same type of question again and again by changing the numbers.

In one of the questions, there was a bracket. We children got scared after seeing that part. But when it was explained to us, we were surprised and said, “Oh, the question was only this much!” These kinds of questions often come in exams, so they were important. Technique – We explained it in this way: there was one lonely number, and it wanted to become friends with the others. So it went inside the bracket, said “hello” to both of them, and joined them. Then the question became just like the other questions.

Another time, we studied a Social Science chapter called Judiciary. This chapter was very important because questions were going to come from it in the exam. But we were not able to understand anything.

Then we decided to study in a Cooperative Group. We discussed among ourselves that we could not understand some English words and sentences. At that time, one of our friends, who studied in Hindi medium, gave an idea. She said, “We are studying in Hindi, so you can match it with your English book and correct the sentences.”

Then we did exactly that. We made groups of two. The child who did not understand was paired with the child who understood well. In pairs, we made important notes. Then from those notes, we prepared small question-answers. After that, we asked each other those questions and answered them together.

Because of this, we understood the chapter very well and our exams went really well. My friend Shweta and I passed with the highest marks.

Through Cooperative Learning, we learned many skills. We felt that difficult studies can become easy through this method, and children who cannot study well can improve themselves with the help of others.

हिन्दी / कहानी 30

तीन दोस्त, एक अजेय टीम

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
आरिफ़ा	**9**	**14 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम आरिफ़ा है और मेरी दो सहेलियाँ हैं, जिनका नाम रितिका और श्वेता है। हम बटरफ्लाइज़ के ओखला मंडी कॉन्टैक्ट पॉइंट पर कक्षा 5 से आ रहे हैं।

हमें बटरफ्लाइज़ के बारे में नहीं पता था, तभी मुझे और रितिका को मेरी सहेली श्वेता ने बताया था। जब मैं और रितिका contact point पर आए तो हम दोनों को घबराहट हो रही थी। तभी दीदी ने हमें बुलाया और सभी लोगों से हमारा परिचय कराया। और हमें यहाँ के admission के बारे में बताया। फिर हमें कक्षा के अनुसार समूह में बैठा दिया। हम समूह में बैठ तो गए लेकिन हमें समझ नहीं आ रहा था, कि ये लोग किस तरह पढ़ रहे हैं। तब धीरे-धीरे समय बीतता गया और हमें थोड़ी-थोड़ी चीज़ें समझ आने लगीं।

फिर हमारी cooperative learning की training हुई। जिसमें हमें इसके steps के बारे में बताया गया और इसमें पढ़ाई कैसे होती है उसके बारे में पता चला। उस training में हमारी एक सहेली नहीं गई थी। जब हम दोनों इस training से आए तब हमने उस training के बारे में उसे बताया और उसे कैसे अपनी पढ़ाई में इस्तेमाल करें। और हमने वहाँ सीखा कि एक-दूसरे की मदद करें, एक-दूसरे को साथ लेकर चलें, दूसरों का हौसला बढ़ाना। ये सभी हमारे ग्रुप के प्रति सभी की ज़िम्मेदारियाँ हैं।

वैसे तो हम बच्चे रोज़ आते हैं। एक दिन गणित का एक ज़रूरी चैप्टर चल रहा था। जिसका नाम 'ch-2 linear equation in one variable'। उस दिन हमारे ग्रुप के दो सदस्य नहीं आए थे। जो आए थे उनमें से भी कुछ बच्चों को समझ नहीं आ रहा था। हमने अपने ग्रुप में से उस बच्चे की सहायता ली जिसे गणित विषय अच्छे से आता था। और उसकी मदद से इस question को हल किया। फिर हम pairs में बँट गए फिर उस सवाल के नंबर को बदल-बदल कर अभ्यास किया।


जैसे कि जो हमने सवाल किया उसमें एक ब्रैकेट दे रखा था। उस पार्ट को देखकर हम बच्चे घबरा रहे थे और जब उन्हें समझाया तो वे हैरान रह गए कि बस इतना सा था ये सवाल। ऐसे सवाल परीक्षा में अक्सर आते हैं तो ये महत्वपूर्ण थे।


Technique - हमने उन्हें इस तरह बताया है कि एक अकेला नंबर था। उसकी दूसरों से दोस्ती करनी थी तो वो अंदर गया दोनों से 'हेलो' बोला और उनके साथ मिल गया और वो दूसरे सवालों की तरह बन गया।

ऐसे ही एक बार हमने आकर सामाजिक विज्ञान का पाठ पढ़ा जिसका नाम Judiciary है। ये पाठ बहुत ज़्यादा ज़रूरी था क्योंकि इस पाठ से सवाल आना था। हमें कुछ भी समझ नहीं आ रहा था तब हमने निर्णय लिया कि हम Cooperative Group में पढ़ेंगे तब हमने आपस में कहा कि हमें English में कुछ शब्द और कुछ वाक्य समझ नहीं आ रहे थे। तभी हमारी साथी जो कि हिंदी माध्यम से थी, ने idea दिया कि हम हिंदी में पढ़ रहे हैं तुम अपनी इंग्लिश की बुक में match करके वाक्य को सुधार लो। फिर हमने वही किया था।

जिसमें हमने 2-2 के समूह बनाए। जिसमें जिसको समझ नहीं आया था उसको जिसे समझ आया था उसके साथ समूह बना दिया था। फिर दो-दो के समूह में हमने ज़रूरी नोट्स बनाए और फिर नोट्स में से ही हमने छोटे-छोटे प्रश्न-उत्तर बनाए। उसके बाद हमने एक दूसरे को ये प्रश्न-उत्तर सुनाए। फिर हमें ये पाठ बहुत अच्छी तरह से समझ आ गया था और हमारी परीक्षा बहुत अच्छी हो गई थी। मैं और मेरी सहेली श्वेता सबसे अच्छे अंकों से पास हुए थे। और अब हम तीनों सहेलियाँ 9वीं में पहुँच गई हैं।

इस Cooperative Learning से कई कौशल सीखने को मिले और हमें ऐसा एहसास हुआ कि कठिन पढ़ाई को इसके द्वारा आसान बनाया जा सकता है और जो नहीं पढ़ पाते वो दूसरों की सहायता से अपना स्तर बढ़ा सकते हैं।





31

COOPERATIVE LEARNING

Together We Rise at Sadar Bazar

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Sunakshi	9	13	Sadar Bazaar

My name is Sunakshi. I am 13 years old and study in Class 9. I am connected with the Butterflies Contact Point. Today, I want to tell you about my family and my journey with Butterflies.

I have been living in Delhi for the last 13 years. Earlier, my father used to live in the village, but because of family responsibilities and my grandfather's illness, there was financial constraint. Because of which he had to leave the village and come to Delhi in search of work. At that time, my father was only 16 years old, and because he was so young, no one was ready to give him a job. Then one uncle gave him a chance to work. My father worked very hard and did his job sincerely, because of which he started earning a decent income. The uncle who gave him the job was very kind. He also gave my father a place to stay and arranged food for him, which helped him save a lot of money. Slowly, after facing many difficulties, my father settled down in Delhi. Later, after my parent's marriage, my mother also came to Delhi.

One day, Prachi Didi told me about Butterflies. At that time, I was studying in Class 6. In the beginning, I thought it was only a place for studying, but after coming here, I realised that it was much more than that. Along with studies, many different activities also take place here. Before this, I never used to go out anywhere, nor did I get such opportunities. I got a chance to go on a three-day trip, which was a very special experience for me. I had a lot of fun there and learned many new things.

I was not very interested in sports earlier. But after joining Butterflies, one day, I watched a football tournament where girls were also taking part and playing. I was told about it, and from that time my interest in sports started growing. Slowly, I began to enjoy playing games, and my confidence also increased. Along with all this, I also started getting help with my studies, and because of that, my school performance improved.

We started studying through Cooperative Learning, where we formed a group and studied together. Our group had six children from Class 8. In the beginning, we could not study well as a group because some children would not come on time and some would not come at all. Even the children who came would mostly come only for playtime. Because of this, our studies were not going well.

Then a Bal Sabha was held at our Contact Point. There, we discussed this problem and collectively found a solution. We decided that whenever we will come to the Contact Point, we would go to each other's homes and bring everyone along. We also decided that children who showed up only for playtime would not be allowed to play. Because of this effort, a big change came in our group, and all the children started coming regularly. That was when we understood that:

"Our group is our strength."

We are six children from Class 8, and our small group is our strength. Every child in our group is unique, and each one possesses a special interest and ability in some subject. One of my friends likes Social Science, and I enjoy studying English. The six of us are like six different colors, each with its own distinct quality. Initially, it took us some time to bond, but once we came together, we truly understood the power of our group. Whenever a problem arose, we would bring it up in our Bal Sabha and find a solution together. Slowly, we started seeing changes in our group. Now, all the children come on time, study together, and help one another.

Through this experience, we learned that no child is weak. A child only needs the right support and the right way of learning.

Now, our group has become a support system for each other, and this can also be seen in our study results. The diversity in our group is not our weakness but our strength. When children with different abilities study and learn together, not only does learning become easier, but understanding, cooperation, and respect for one another also grow.



हिन्दी / कहानी 31

सदर बाज़ार में मिलकर आगे बढ़े

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
सुनाक्षी	**9**	**13 साल**	**सदर बाज़ार**

मेरा नाम सुनाक्षी है। मैं 13 साल की हूँ और कक्षा 9वीं में पढ़ती हूँ। मैं Butterflies के कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ी हूँ। आज मैं आपको अपने परिवार और अपनी Butterflies की यात्रा के बारे में बताना चाहती हूँ।

मैं पिछले 13 सालों से दिल्ली में रह रही हूँ। मेरे पापा पहले गाँव में रहते थे, लेकिन घर की ज़िम्मेदारियों और मेरे दादाजी की बीमारी के कारण पैसों की कमी हो रही थी। इस वजह से उन्हें काम की तलाश में गाँव छोड़कर दिल्ली आना पड़ा। उस समय मेरे पापा सिर्फ़ 16 साल के थे और कम उम्र होने की वजह से कोई भी उन्हें काम देने के लिए तैयार नहीं था। फिर एक अंकल ने उन्हें काम करने का मौका दिया। मेरे पापा ने बहुत मेहनत और अच्छे तरीके से काम किया, जिसकी वजह से उन्हें ठीक-ठाक पैसे मिलने लगे। जिन अंकल ने उन्हें काम पर रखा था, उनका स्वभाव बहुत अच्छा था। उन्होंने पापा को अपने पास रहने की जगह भी दी और खाने की व्यवस्था भी वहीं कर दी, जिससे उनका काफ़ी खर्च बचने लगा। धीरे-धीरे बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करने के बाद पापा दिल्ली में बस गए। उसके बाद पापा की शादी होने के बाद मम्मी भी दिल्ली आ गईं।

एक दिन प्राची दीदी ने मुझे Butterflies के बारे में बताया, उस समय मैं कक्षा 6वीं में पढ़ती थी। शुरुआत में मुझे लगा कि यह सिर्फ़ पढ़ाई कराने की जगह है, लेकिन यहाँ आने के बाद मुझे समझ आया कि यह उससे कहीं ज़्यादा है। यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ कई तरह की गतिविधियाँ भी होती हैं। पहले मैं कहीं घूमने नहीं जाती थी और मुझे ऐसे मौके भी नहीं मिलते थे। लेकिन यहाँ आने के बाद मुझे 3 दिन के लिए घूमने जाने का मौका मिला, जो मेरे लिए बहुत खास अनुभव था। वहाँ मैंने बहुत मज़े किए और बहुत कुछ नया सीखा।

मुझे खेलों में भी कोई खास रुचि नहीं थी। एक दिन मैंने एक फुटबॉल टूर्नामेंट देखा, जिसमें लड़कियाँ भी हिस्सा ले रही थीं और खेल रही थीं। मुझे भी इसके बारे में बताया गया और तभी से मेरी रुचि खेलों की तरफ़ बढ़ने लगी। धीरे-धीरे मुझे खेलों में मज़ा आने लगा और मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ा। इन सबके साथ-साथ मुझे पढ़ाई में भी मदद मिलने लगी, जिससे मेरी पढ़ाई में सुधार आने लगा।


फिर हमने Cooperative Learning के माध्यम से पढ़ाई शुरू की, जिसमें हम एक समूह बनाकर साथ में पढ़ते थे। हमारे समूह में कक्षा 8वीं के 6 बच्चे थे। शुरुआत में हम सभी अच्छे से समूह में पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि कुछ बच्चे समय पर नहीं आते थे और कुछ बच्चे आते ही नहीं थे। जो बच्चे आते भी थे, वे सिर्फ़ खेलने के समय ही आते थे। इस कारण हमारी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पा रही थी। फिर हमारे कॉन्टैक्ट पॉइंट पर बाल सभा हुई। उसमें हमने इस समस्या के बारे में चर्चा की और मिलकर उसका समाधान निकाला।

यह तय किया गया कि जब हम कॉन्टैक्ट पॉइंट आएँगे, तो सभी बच्चे एक-दूसरे के घर जाकर सबको साथ लेकर आएँगे। साथ ही, जो बच्चे सिर्फ़ खेलने के समय आएँगे, उन्हें खेलने नहीं दिया जाएगा। इस पहल से हमारे समूह में बहुत बदलाव आया और सभी बच्चे नियमित रूप से आने लगे। तभी हमें यह समझ आया कि –"हमारा समूह हमारी ताकत है।"

हम कक्षा 8वीं के 6 बच्चे हैं। हमारा एक छोटा-सा समूह है, जो हमारी ताकत है। हमारे समूह का हर बच्चा अलग है और हर किसी की किसी न किसी विषय में खास रुचि और क्षमता है। मेरी एक दोस्त को सामाजिक विज्ञान पसंद है और मुझे अंग्रेज़ी पढ़ना अच्छा लगता है। हम 6 सदस्य 6 अलग-अलग रंगों की तरह हैं, जिनकी अपनी-अपनी खासियत है। शुरुआत में हमें एक-दूसरे के साथ घुलने-मिलने में थोड़ा समय लगा, लेकिन जब हम साथ आए, तब हमें समूह की असली ताकत समझ आई। जब भी कोई समस्या आई, हमने उसे अपनी बाल सभा में रखा और मिलकर उसका समाधान निकाला। धीरे-धीरे हमारे समूह में बदलाव दिखाई देने लगा। अब सभी बच्चे समय पर आते हैं, साथ में पढ़ाई करते हैं और एक-दूसरे की मदद भी करते हैं। इस अनुभव से हमें यह समझ आया कि कोई भी बच्चा कमज़ोर नहीं होता, उसे बस सही साथ और सही तरीके की ज़रूरत होती है।

अब हमारा समूह एक-दूसरे का सहारा बन गया है और इसका असर हमारे पढ़ाई के परिणामों में भी दिखाई देता है। हमारे समूह की विविधता हमारी कमज़ोरी नहीं, बल्कि हमारी ताकत बन गई है। जब अलग-अलग क्षमताओं वाले बच्चे एक साथ पढ़ते और सीखते हैं, तो न सिर्फ़ पढ़ाई आसान हो जाती है, बल्कि एक-दूसरे के प्रति समझ, सहयोग और सम्मान भी बढ़ता है।





32

COOPERATIVE LEARNING CDK CHSC

CDK: The Treasure That Can Change Destiny

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Gungun	11	16 years	Okhla Mandi

Hello everyone! My name is Gungun. I live in a rented house in Okhla Mandi. My village is in Bihar. There are four members in my family—my father, my mother, my elder brother, and me. My father works at a grocery shop, and my mother works in a school, serving the Mid-Day Meal. I have been connected with the Butterflies organisation for the last five years. My mother got to know about Butterflies through one of her friends, and that is how I joined.

If I compare the Gungun of five years ago with the Gungun of today, I feel that I have become much more confident, have a clearer goal for my future, and have grown into a more sensitive and understanding person. When I first came to the Contact Point, I started learning not only my school subjects but also many life skills. I also got opportunities to take part in different programmes, which helped build my confidence. Some of these programmes are Children Development Khazana (CDK), Child Health and Sports Cooperative (CHSC), Cooperative Learning, and Children's Media.

Today, I especially want to tell you about CDK, because it completely changed my life and showed me a clear path towards my future. Children Development Khazana (CDK) has given me not only life skills but also a new direction in life. For me, it truly is a "Khazana" (treasure)

I have taken part in almost all the General Body Meetings of CDK and have also shared my thoughts in those meetings. This brought a big change in my personality and helped me become more confident. CDK is completely run by children. It has a Child Volunteer Manager (CVM) and an Assistant Child Volunteer Manager (ACVM) to manage its activities.

When I got the opportunity, I stood for the position of CVM, and I was elected by all the members. During those six months, I learned many new things, such as bookkeeping, leadership skills, and how to motivate other children. All these skills had a deep impact on me.

After this experience, I started thinking that banking could be a good career option for me. I understood that I would need to be good at Mathematics, so I worked hard to improve my maths. By the time I reached Class 10, I had become much better at it.

Then, while studying in Class 10, I came to know that becoming a Chartered Accountant (CA) could also be a wonderful career. Since then, I have decided that I want to become a CA. For this reason, I plan to choose Commerce in Class 11.

I would like to thank my experience of being a CVM because it helped me gain confidence and taught me how to set goals for my future. My journey has only just begun, and I am very excited to follow my dreams and build my future in the world of Chartered Accountancy.



हिन्दी / कहानी 32

CDK: वह खज़ाना जो तकदीर बदल सकती है

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
गुनगुन	**11**	**16 साल**	**ओखला मंडी**


नमस्कार! मेरा नाम गुनगुन है। मैं ओखला मंडी में एक किराये के घर में रहती हूँ। मेरा गाँव बिहार में है। मेरे घर में मुझे मिलाकर चार लोग हैं। मेरे पापा, मेरी मम्मी, मेरे भैया और मैं। मेरे पापा किराने की दुकान में काम करते हैं। मेरी मम्मी स्कूल में Mid-day meal बाँटने का काम करती हैं। मैं Butterflies संगठन से पिछले पाँच साल से जुड़ी हुई हूँ। मैं Butterflies से मेरी मम्मी के एक दोस्त के माध्यम से जुड़ी थी।

अगर मैं पाँच साल पहले की गुनगुन को और अब की गुनगुन को देखूँ तो मुझे अब की गुनगुन में ज़्यादा आत्म-विश्वास, स्पष्ट लक्ष्य के साथ अपने आपको संवेदनशील महसूस करती हूँ। जब मैं पहली बार contact point पर आई थी तो मैंने यहाँ आकर पढ़ाई के साथ-साथ जीवन कौशल भी सीखना शुरू किया, यहाँ पर मैंने कुछ कार्यक्रमों में भी भाग लिया, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिली। कार्यक्रम जैसे कि Children Development Khazana [CDK], Child Health and Sports Cooperative [CHSC], Cooperative learning और Children's Media।

मैं आपको CDK के बारे में बताना चाहती हूँ जिसने मेरी पूरी ज़िंदगी पूरी तरह से बदल दी और एक सीधा और सटीक रास्ता दिखाया मेरे भविष्य की ओर। Children Development Khazana [CDK] ने मुझे Life Skills ही नहीं बल्कि एक जीवन भी दिया है। "यह सच में Khazana है" मेरे लिए। मैंने CDK की लगभग सारी General Body Meeting में भाग लिया है और उनमें अपनी बात भी रखी है। जिससे मेरे व्यक्तित्व में बहुत ज़्यादा बदलाव आया है।

CDK बच्चों के द्वारा ही चलाया जाता है जिसमें एक Child Volunteer Manager (CVM) और एक Assistant Child Volunteer Manager (ACVM) होता है। जब मुझे अवसर मिला तो मैं CVM के पद के लिए खड़ी हुई। और सभी सदस्यों के द्वारा चुनी भी गई। उन 6 महीनों के दौरान मैंने bookkeeping, leadership skills और बच्चों को प्रेरित करना सीखा। इन सब कौशल ने मुझे बहुत प्रभावित किया। फिर मैंने सोचा कि Banking भी एक अच्छा करियर बन सकता है। और इसके लिए Mathematics अच्छा होना चाहिए, तो मैंने अपनी Mathematics अच्छी करने की कोशिश की। 10वीं कक्षा तक मेरा गणित अच्छा हो गया।

फिर कुछ समय बाद दसवीं कक्षा में आकर मुझे पता चला कि Chartered Accountant (CA) भी एक करियर का लक्ष्य बन सकता है इसलिए मैंने सोचा है कि मैं CA बनूँगी। और इस वजह से 11th में मैं Commerce लूँगी। मैं अपने CVM बनने के experience को धन्यवाद करना चाहूँगी। जिसने मुझे आत्मविश्वास और लक्ष्य निर्धारित करने में मदद की। मेरी journey की तो अभी ये सिर्फ़ शुरुआत है, मैं बहुत उत्सुक हूँ अपने सपनों को चुनने में और अपने भविष्य को CA की दुनिया में सुनिश्चित करने में।



33

COOPERATIVE LEARNING CHSC

From Defeat to Victory: The Story of the CHE Election

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Prachi	11	16 years	Okhla Mandi

My name is Prachi. I am 16 years old and I live in Okhla Mandi. My father works as Generator mechanic and my mother is a housewife. We are from Uttar Pradesh and have been living in Delhi for the past 20 years. I have one sister and one younger brother. I came to know about Butterflies through my elder brother, who also used to study there. I joined when I was in Class 7 in 2022.

When I first came here, I saw that all the children sit in class-wise groups to study. When I arrived, I was made to sit in one of the groups. At first I did not understand much, but with time, things started to make sense. When I studied sitting in the cooperative group, I learned a great deal — how all the children sit together in a group and study, and if any child is having difficulty understanding something, the others help explain it to them. In Cooperative Learning, everyone works together — whether it is about studies or a session. All children work cooperatively. I really liked the cooperative because there are many children who feel a little afraid or hesitant to ask their teacher when they do not understand something. But in Cooperative Learning, when children sit with others of the same age, there is no hesitation — they understand things even better.

Now I want to tell you about CHSC — its full name is Child Health and Sports Cooperatives. When I first heard this word, I understood a little that it was related to our health. When the bhaiya-Didi took the CHSC session, I understood it fully and clearly. CHSC is also a children's cooperative in which we all come together and discuss a common goal.

To become a CHSC leader, there is an election in which children cast their votes to choose their leader. To become a CHE — Child Health Educator — a child must have been part of the programme for at least six months, so that they get an idea of how the work is done.

When I stood for election to become a CHE for the first time, I was very scared. Thoughts were running through my mind — how will I speak, will people laugh at me, will I win or not — and I was very nervous. I made my vote appeal for the first time. Even though I did not win, my self-confidence grew. I gained the experience of how to speak and what to do differently next time. Six months later, when the CHE election happened again, I stood once more and made my vote appeal without any fear, with full confidence — and I won. When I became a CHE for the first time, I was overjoyed. I felt that I can do more, that I can go further.

After becoming a CHE, I received training on how to carry out the work — maintaining the first aid kit and the logbook, conducting sessions, collective action, and hygiene check- ups. After becoming a CHE, I had to conduct weekly sessions in which I would take up topics related to keeping children healthy.

Earlier, I used to watch the Bhaiya - Didi (senior facilitators) take sessions. Watching them made me feel that I should also take sessions. I was given a session to conduct on Malaria. I searched on Google, made notes about it, and another CHE also shared their opinion. Together, we gathered all the information and prepared a session. In the session we prepared on Malaria, we told all the children how Malaria spreads, how to protect themselves, and what precautions to take — we gave all this information to the children. All the children understood it well. They then shared this information with their friends and their parents. I too shared it with my parents, my friends, and my neighbours so that they could stay safe and be careful.

This is how I have to fulfil my responsibility as a CHE — and I will continue to carry out my full responsibility going forward. The cooperative has helped me become a responsible citizen.



हिन्दी / कहानी 33

हार से जीत तक: CHE चुनाव की कहानी

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
प्राची	**11**	**16 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम प्राची है। मैं 16 साल की हूँ। मैं ओखला मंडी में रहती हूँ। मेरे पापा जनरेटर का काम करते हैं और मम्मी गृहिणी हैं। हम लोग उत्तर प्रदेश से हैं, पिछले 20 साल से दिल्ली में रहते हैं। मेरी एक बहन और एक छोटा भाई है, मुझे Butterflies की जानकारी मेरे बड़े भाई से मिली वह भी Butterflies में पढ़ने जाते थे। जब मैं सातवीं कक्षा में थी तब मैंने कॉन्टैक्ट पॉइंट जाना शुरू किया था। जब मैं यहाँ आई थी तब मैंने देखा कि सब बच्चे क्लास के अनुसार ग्रुप में बैठ कर पढ़ाई करते हैं, अगर किसी बच्चे को समझ ना आ रहा हो, परेशानी हो रही है तो उसे समझा देते।

Cooperative learning में सब एक साथ मिल कर काम करते हैं चाहे वो पढ़ाई के बारे में या कोई और सत्र हो। मुझे cooperative में बहुत अच्छा लगा क्योंकि बहुत से बच्चे होते हैं जो शिक्षक से समझने में थोड़ा डरते हैं या हिचकिचाते हैं तो cooperative learning के द्वारा जो बच्चे समूह में बैठते हैं अपनी age के बच्चों से समझने में कोई परेशानी नहीं होती है वह और अच्छे से समझ लेते हैं।


अब मैं आपको CHSE के बारे में बताना चाहती हूँ जिसका पूरा नाम Child Health and Sports Cooperatives है जब मैंने पहली बार यह शब्द सुना तो थोड़ा समझ आ गया था कि यह हमारी health के बारे में है। जब भैया दीदी ने CHSC का Session लिया मुझे पूरा अच्छे से समझ आ गया था। CHSC यह भी एक बच्चों का Cooperative है जिसमें हम सब मिलकर समान लक्ष्य के लिए बात करते हैं।


CHSC leader बनने में चुनाव होता है जिसमें बच्चे अपना वोट देकर उन्हें जिताते हैं। CHE- CHILD Health Educator बनने के लिए बच्चे छह महीने पुराने होने चाहिए ताकि उन्हें एक जानकारी मिल सके कि इस तरह से काम होता है। जब मैं पहली बार CHE बनने के लिए खड़ी हुई थी तब मुझे बहुत डर लग रहा था कि मैं कैसे बोलूँगी, लोग मुझ पर हँसेंगे, मैं जीत पाऊँगी या नहीं यह सारे विचार मेरे मन में चल रहे थे और घबराहट भी हो रही थी। मैंने पहली बार अपना vote appeal किया था हालाँकि जीत नहीं पाई लेकिन मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया था कि अगली बार मुझे किस तरह बोलना है इन सब चीज़ों का अनुभव हो गया था। छः महीने बाद दुबारा जब CHE का चुनाव हुआ फिर मैं उसमें खड़ी हुई थी और अपनी वोट की अपील, बिना डरे पूरे विश्वास के साथ बोली थी जिसमें मैं जीत गई थी। जब मैं पहली बार CHE बनी तो मुझे बहुत खुशी हो रही थी और ऐसा लग रहा था मैं आगे भी कर सकती हूँ।

CHE बनने के बाद मुझे प्रशिक्षण मिला कि हमें कैसे काम करना है, First aid and logbook को maintain करना है। Session, collective action, hygiene check-up करना है। CHE बनने के बाद मुझे weekly session लेना था जिसमें मुझे सब बच्चों को उनकी health सही रहेगी इस पर session लेना था।

पहले भैया दीदी session लेते थे उन्हें देखकर मुझे लगा कि मुझे भी session लेना चाहिए। मुझे Malaria के ऊपर session लेना था जिसमें मैंने Google पर search किया था और उसके बारे में नोट्स भी लिखे थे। इसमें दूसरे CHE ने भी अपना opinion रखा। इसमें हम दोनों ने सारी जानकारी ली और एक session तैयार किया। Malaria के ऊपर जो सेशन हमने तैयार किया था सब बच्चों को बताया कि Malaria कैसे पैदा होता है उससे बचाव क्या-क्या है यह सारी जानकारी हमने बच्चों को दी थी। जिसमें सारे बच्चों को समझ आ गया था। जिसमें बच्चों ने यह सारी बातें अपने दोस्तों को अपने माता-पिता को बताईं। मैंने भी अपने माता-पिता, अपने दोस्तों और पड़ोस को भी बताया ताकि वह सावधान रह सकें।

मुझे CHE बनने में अपनी ज़िम्मेदारी इस तरह निभानी है। और आगे भी अपनी पूरी ज़िम्मेदारी के साथ काम करूँगी। Cooperative ने मुझे एक ज़िम्मेदार नागरिक बनने में मदद की।





34

COOPERATIVE LEARNING

Learn Together, Grow Together

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Mohini	6	10 years	Okhla Mandi

My name is Mohini. I'm 10 years old. I live near Okhla Mandi. My father sells vegetables in the market. My mother works as a housekeeper. I came to Contact Point in third grade and am now in fifth grade. When I came to Contact Point, I didn't like to read much, but now I love it. Because when I studied alone at home, I couldn't understand much. Since I started coming to Contact Point, I've made many friends and enjoyed studying with them.

Whatever I didn't know, my friends would tell me how to do it. If any of us didn't know it, we'd go and ask Didi. I enjoy studying with everyone. This way, my work started to improve. Some children were afraid to ask Didi, but we told them, "It's okay, we'll go and ask Didi." In this way, I really enjoyed studying with everyone.

In Cooperative Learning, I also explain to my friends whatever they don't know. Here, we don't just think about ourselves; we also think about others. Cooperative learning doesn't mean you alone get ahead; it means you also get ahead and keep your friends with you. If someone doesn't study as well as you, don't make fun of them and help them. After studying in cooperative learning, I got better marks than before. My previous percentage was 83, but now it has increased to 92.5.



हिन्दी / कहानी 34

साथ पढ़ें, साथ बढ़ें


नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
मोहिनी	**6**	**10 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम मोहिनी है। मैं 10 साल की हूँ। मैं ओखला मंडी के पास में रहती हूँ। मेरे पापा मंडी में सब्जी बेचने का काम करते हैं। मेरी मम्मी घर का काम करती हैं। मैं तीसरी कक्षा में कॉन्टैक्ट पॉइंट पर आई थी अब मैं पाँचवीं कक्षा में हूँ। जब मैं कॉन्टैक्ट पॉइंट पर आई थी मुझे ज़्यादा पढ़ना पसंद नहीं था और अब मुझे पढ़ना बहुत पसंद है। क्योंकि जब मैं घर में अकेली बैठ कर पढ़ती थी तो मुझे ज़्यादा समझ नहीं आता था, और जबसे कॉन्टैक्ट पॉइंट आने लगी तो फिर मेरे बहुत सारे दोस्त बने और उनके साथ पढ़ कर अच्छा लगता था।

जो मुझे नहीं आता था वह मेरे साथ जो दोस्त थे वो मुझे बताते थे कि ऐसा करना है अगर वह काम हम सब में से किसी को नहीं आता था तो हम लोग दीदी के पास जा कर पूछ लेते थे। मुझे सब लोगों के साथ बैठ कर पढ़ना अच्छा लगता है इस तरह मेरा काम अच्छा होने लगा। कुछ बच्चे दीदी से पूछने में डरते थे लेकिन हम उसे कहते थे कि कोई बात नहीं हम ले चलते हैं दीदी से पूछने फिर आकर हम उसे समझा देते हैं। इस तरह मुझे सबके साथ पढ़ने में बहुत अच्छा लगता था।

Cooperative Learning में मैं अपने दोस्तों को भी समझाती हूँ जो भी उन्हें नहीं आता है। यहाँ हम सिर्फ़ अपना ही अपना नहीं सोचते दूसरे के बारे में भी सोचते हैं। Cooperative learning का मतलब, तुम ही आगे नहीं जाओ, इसका मतलब, तुम भी आगे जाओ और दोस्तों को भी अपने साथ रखो। अगर किसी को तुमसे अच्छा पढ़ना नहीं आता तो उनका मज़ाक नहीं उड़ाना, उनकी मदद करनी है। cooperative learning में पढ़ने के बाद मेरे पहले से अच्छे नंबर आये, पहले मेरा प्रतिशत 83 था अब बढ़कर 92.5।





35

COOPERATIVE LEARNING CDK

A Journey to CVM

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Farhan	9	14 years old	Dayal Singh Camp

My name is Farhan. I'm a 9th-grade student. I've been studying at Butterflies for two years. At first, I was very quiet. I'd sit at the back of the class, afraid to ask questions. I wondered, "What will I say?" But after coming to Butterflies, I realized that they teach us how to speak.

The Beginning:

From Cooperative Learning, where we learned Cooperative Learning. We sat in a circle, one child became the speaker and read a story. The others listened attentively. Then we'd pair and switch—two children would pair up and ask questions.

At Butterflies' Contact Point, we didn't just study. We also celebrated Blue Umbrella Day, participated in dance, programs, sports, explored new places, and much more... Gradually, I gained confidence. I started wondering, "Can I also become a leader?" Then came the opportunity to become a CVM. One day, Bhaiya announced that the CVM election would be held this month. CVM stands for Child Volunteer Manager, who will be at position for six months. My heart started pounding. "Will I be able to do it?" When at home I told my mother, she said, "atleast try and see."

What was the CVM's job?

CVM wasn't just a name, it was a responsibility. 1. Identifying CDK - Telling children about the Children's Development Treasury. 2. Keeping accounts of the Cashbook and Ledger Book.

Election Day:

They asked me, "Why do you want to become a CVM?"

I said, "Because I want to change others just like Butterflies changed me." I will never forget that moment. The boy who was afraid to speak up had become a Child Volunteer Manager.

After becoming a CVM: 1. I helped 15 new children open accounts at CDK.

Best moment:

When I got the opportunity to speak on stage on Blue Umbrella Day. I held the microphone and delivered a speech in front of 200 children, and the entire program erupted in applause. "The CVM position isn't a position, it's a responsibility.

My desire is to see a leader in every child!"

Butterflies taught me that leaders aren't born, they're made.

Priyanjli – DayalSingh Camp



हिन्दी / कहानी 35

एक सफ़र CVM तक का

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
फ़रहान	**9**	**14 साल**	**दयाल सिंह कैम्प**

एक सफ़र ...

मेरा नाम फ़रहान है। मैं 9वीं कक्षा का छात्र हूँ। 2 साल से Butterflies में पढ़ रहा हूँ। पहले मैं बहुत शांत था। क्लास में पीछे बैठता, सवाल पूछने से डरता। लगता था 'मैं क्या बोलूँगा?' पर Butterflies में आकर पता चला - यहाँ तो बोलना सिखाते हैं।

शुरुआत:

Cooperative Learning से, यहाँ हमने Cooperative Learning सीखी। यहाँ हम circle बनाकर बैठते, एक बच्चा Speaker बनता, Story पढ़ता। बाकी सब ध्यान से सुनते। फिर Pair and switch करते - 2 बच्चे pair बनाकर सवाल-जवाब करते।

Contact point - मेरा स्कूल

Butterflies के contact Point पर हम सिर्फ़ पढ़ते नहीं थे। यहाँ हम Blue Umbrella Day भी मनाते, Dance, Program, स्पोर्ट्स, नई जगह देखने और बहुत कुछ..... धीरे-धीरे मुझमें confidence आया। मैं सोचने लगा 'क्या मैं भी Leader बन सकता हूँ?'

फिर आया CVM बनने का मौका, एक दिन भैया ने एलान किया इस महीने CVM का election होगा। CVM यानी Child Volunteer Manager, जो 6 महीने बाद दूसरे Leaders तैयार करेगा। मेरा दिल ज़ोर से धड़कने लगा। “क्या मैं कर पाऊँगा”? घर में बताया तो मम्मी बोलीं बेटा कोशिश तो कर।

CVM का काम क्या था?

CVM का मतलब सिर्फ़ नाम नहीं ज़िम्मेदारी थी। 1. CDK को पहचानना - Children’s Development Khazana के बारे में बच्चों को बताना। 2. Cashbook और Ledger book सबका हिसाब रखना।

चुनाव का दिन:

मुझसे पूछा - CVM क्यों बनना चाहते हो? मैंने कहा क्योंकि मैं चाहता हूँ जैसे मुझे Butterflies ने बदला, वैसे मैं दूसरों को भी बदलूँ। वो पल मैं कभी नहीं भूलूँगा, जो लड़का बोलने से डरता था, आज Child Volunteer Manager बन गया था।

CVM बनने के बाद:

1. मैंने 15 नये बच्चों का CDK में अकाउंट खुलवाया।


सबसे अच्छा पल -

जब Blue Umbrella Day पर मुझे stage पर बोलने का मौका मिला। 200 बच्चों के सामने माइक पकड़ कर स्पीच दी तो पूरे program में तालियाँ गूँज उठीं।

"CVM की कुर्सी नहीं ज़िम्मेदारी है ये, हर बच्चे में Leader देखना, यही ख़्वाहिश है मेरी!"

Butterflies ने सिखाया कि लीडर पैदा नहीं होते, बनाए जाते हैं।





36

COOPERATIVE LEARNING

Priyanjali

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Priyanjali	7	12 years	Dayal Singh Camp

My name is Priyanjali. I am 12 years old and I study in the seventh grade. I live in Dayal Singh Camp. There are five people in my family: my father, mother, elder sister, elder brother, and me. My father works as a labourer. My mother works as domestic help, doing cleaning and mopping in other people's homes. We all live together very happily, but there was always a fear in my mind regarding my studies.

When I was in the fourth grade, my friend Kajal told me about Butterflies. She introduced me to Alam Bhaiya (Brother Alam). I asked him hesitantly, "Bhaiya, will I be able to get admission?" He smiled and said, "Yes, you will." I was very happy. Then I asked, "What will be required for admission?" Bhaiya told me that I would need my Aadhaar card, photos, and to bring my mother along. The very next day, I arrived with my mother and the documents, and I was admitted that same day. From the following day, I started attending Butterflies.

In the beginning, I was very scared. I didn't know anyone there; everyone felt like a stranger. But gradually, I began to love coming to Butterflies. Now, I know everyone well and they have all become my friends. I have learned many new things here. What I like most is Cooperative Learning—where we study together in groups. In these groups, we help one another. Earlier, I used to be afraid of studying alone, but now I enjoy studying in a group. This has helped my studies immensely.

Because of Cooperative Learning, my English marks have improved. It's not just English; my marks in other subjects are increasing too. Last time, I got 81 in English, and this time I got 91. Now, I love studying. I realized here that education is not something to be afraid of, but something to be learned together. Butterflies has completely changed my experience of learning. Now, I come here happily every day.

Previously, I used to think, "What can a laborer's daughter even become?" But now, I feel that I too can become someone. I want to become a teacher and teach Cooperative Learning to other children so that no child is ever afraid of studying. Butterflies is like a second home to me. Here, I haven't just learned to read books; I have learned to read my own courage.



हिन्दी / कहानी 36

प्रियांजली

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
प्रियांजली	**7**	**12 साल**	**दयाल सिंह कैम्प**

मेरा नाम प्रियांजली है। मैं 12 साल की हूँ और कक्षा सातवीं में पढ़ती हूँ। मैं दयाल सिंह कैंप में रहती हूँ। हमारे परिवार में पाँच लोग हैं मेरे पिताजी, माताजी, बड़ी बहन और बड़े भैया। पिताजी Labour का काम करते हैं। माताजी दूसरों के घरों में झाड़ू-पोछा करती हैं। हम सब साथ में बहुत खुशी से रहते हैं, पर पढ़ाई को लेकर हमेशा एक डर मन में रहता था।


जब मैं कक्षा चौथी में थी, तब मेरी दोस्त काजल ने मुझे Butterflies के बारे में बताया। उसने मुझे Alam भैया से मिलवाया। मैंने डरते-डरते पूछा, भैया, मेरा admission हो जाएगा? भैया मुस्कुराकर बोले, हाँ, हो जाएगा। मैं बहुत खुश हुई। फिर मैंने पूछा, Admission में क्या-क्या लगेगा? भैया ने बताया कि Aadhaar card, फोटो और मम्मी को लाना होगा। अगले ही दिन मैं अपनी मम्मी और डॉक्यूमेंट्स लेकर पहुँच गई। और उस दिन मेरा एडमिशन हो गया। अगले दिन से मैंने Butterflies आना शुरू कर दिया।

शुरू में मैं बहुत डरती थी। मैं यहाँ किसी को नहीं जानती थी। सब अजनबी लगते थे। पर धीरे-धीरे Butterflies आना मुझे बहुत अच्छा लगने लगा। अब मैं यहाँ सबको अच्छी तरह जानती हूँ। सब मेरे दोस्त बन गए हैं। यहाँ आकर मैंने बहुत नया सीखा। पर मुझे सबसे अच्छा Cooperative Learning लगा यानी हम Butterflies में समूह में मिलकर पढ़ते हैं। इसमें हम एक-दूसरे की मदद करते हैं। पहले मुझे अकेले पढ़ने में डर लगता था, पर अब ग्रुप में पढ़ कर मज़ा आता है। इससे मेरी पढ़ाई में बहुत मदद मिली है।

Co-operative Learning से मेरे English के नंबर भी बढ़ गए हैं। सिर्फ़ English ही नहीं, मेरे बाकी पेपर के नंबर भी बढ़ रहे हैं। पिछली बार मेरे English में 81 आए थे, और इस बार 91 आए हैं। अब मुझे पढ़ना बहुत अच्छा लगता है। यहाँ मैंने जाना कि पढ़ाई डरने की चीज़ नहीं, मिलकर सीखने की चीज़ है। Butterflies ने मुझे पढ़ने का अनुभव ही बदल दिया। अब मैं हर दिन खुश-खुश यहाँ आती हूँ।

पहले मैं सोचती थी कि मज़दूर की बेटी क्या ही बन पाएगी। पर अब मुझे लगता है कि मैं भी कुछ बन सकती हूँ। मैं टीचर बनकर बाकी बच्चों को भी Co-operative Learning सिखाना चाहती हूँ, ताकि कोई बच्चा पढ़ाई से न डरे। Butterflies मेरे दूसरे घर जैसा है। यहाँ मैंने सिर्फ़ किताबें नहीं, हिम्मत पढ़ना सीखा है।





37

COOPERATIVE LEARNING

Victory Beyond the Goal

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Anjali	12	17 years	Dayal Singh Camp

My name is Anjali. I grew up in the lanes of Dayal Singh Camp, a place where a girl's destiny was usually written in the kitchen.

Dreaming was considered a crime. And football? That was strictly a "boys' game."

People used to say, "You're a girl, stay home.

You'll fall, you'll get hurt, and what will other people say?" I had started to believe them. School to home, and back—that was my whole life.

Then one day, Butterflies entered my life. Alam Bhaiya asked, "Will you come to the Contact Point?" I thought it would just be about studying. But after going there, I realized they teach you how to actually live life. They teach you Life Skills.

The first big change came through Cooperative Learning. Learning in a group, asking questions, and speaking my mind. I became a Reflector. I learned how to listen to others and admit my own mistakes. Slowly, my fear began to melt away. I even became a Committee Member.

For the first time, I felt—Hey, I am somebody too.

Then came the day that changed everything...

At the Contact Point, Bhaiya announced, "This time we are having a Sports Day. There will be a football tournament. We are forming a girls' team—who wants to play?" The whole Contact Point went silent. All the girls started looking at each other's faces. I lowered my eyes too. The same old voice echoed in my head: "You are a girl." "People will laugh." "What if you fall?"

Just then, Alam Bhaiya came to me. He put a hand on my shoulder and said, "Anjali, you act as a Reflector, right? Today, reflect your fears away and finish it. The ground is waiting for you."

In that single moment, my heart said "Yes." I raised my hand and shouted, "I will play!" My First Day on the Field...

The shoes were too big. The ball felt like a heavy stone. The boys standing outside the boundary were laughing. Within ten minutes, I was out of breath. I was gasping for breath in front of everyone.

But on the second day, I ran for 15 minutes. On the third day... GOAL!

Friends, that wasn't just a ball hitting the net. It was an answer to everyone who said, "She's a girl, she can't play."

Team: In class, we were a group; on the field, I found a family. I learned to pass the ball and how to take everyone along with me.

Courage: As a Reflector, I used to observe others, but football taught me to push myself. And then came the day our team, the Butterflies Girls, won the Contact Points' tournament!

When I lifted that trophy, my hands weren't shaking, but my eyes were filled with tears. Because that trophy wasn't just mine. It belonged to all those girls who still watch the playground from their windows, too afraid to play.

What do I do today?

Now, I teach football to younger girls at Contact Point. When 8-year-old Sania kicks the ball with all her might, I remember my very first goal.

Butterflies gave me two wings: One of education, which taught me how to fly. And the other of football, which lets me show the world that girls can fly—and they can score goals, too.

हिन्दी / कहानी 37

गोल से आगे की जीत

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
अंजली	**12**	**17 साल**	**दयाल सिंह कैम्प**

मेरा नाम अंजली है। Dayal Singh Camp की गलियों में पली-बढ़ी। जहाँ लड़कियों के नसीब में चूल्हा-चौका लिखा जाता था। सपने देखना गुनाह था। football? वो तो सिर्फ़ लड़कों का खेल था।

लोग कहते थे—लड़की हो, घर बैठो। गिर जाओगी, चोट लगेगी, लोग क्या कहेंगे?' मैं भी मान गई थी। स्कूल, घर, बस यही ज़िंदगी थी मेरी।

फिर एक दिन मेरी ज़िंदगी में Butterflies आया। आलम भैया बोले, Contact Point आएगी? मुझे लगा बस पढ़ाई होगी। पर वहाँ जाकर पता चला यहाँ तो ज़िंदगी को जीना सिखाते हैं।

पहला बदलाव आया Cooperative Learning से। ग्रुप में पढ़ना, सवाल पूछना, अपनी बात रखना। मैं Reflector बनी। दूसरों की बात सुनना, अपनी गलती मानना सीखा। डर धीरे-धीरे पिघलने लगा। मैं Committee Member बन गई।

पहली बार लगा - अरे, मैं भी कुछ हूँ। फिर वो दिन आया जिसने ज़िंदगी बदल दी...

Contact point पर भैया ने ऐलान किया कि इस बार Sports Day है। फुटबॉल टूर्नामेंट होगा। लड़कियों की टीम भी बनेगी, कौन-कौन खेलेगा?

पूरा Contact point खामोश हो गया। सारी लड़कियाँ एक दूसरे का मुँह देखने लगीं। मैंने भी नज़रें झुका लीं। दिमाग में वही पुरानी आवाज़ - "तू लड़की है"। लोग हँसेंगे, गिर जाएगी तो?

तभी आलम भैया मेरे पास आए। कंधे पर हाथ रखा और बोले- अंजली, तू Reflector बनती है ना? आज अपने डर को Reflect कर और उसे खत्म कर दे। मैदान तेरा इंतज़ार कर रहा है।

वो एक पल था। दिल ने कहा 'हाँ'। मैंने हाथ उठाया और चिल्लाई —मैं खेलूँगी।

पहला दिन मैदान पर...

जूते बड़े थे, बॉल तो जैसे पत्थर लग रही थी। बाउंड्री के बाहर खड़े लड़के हँस रहे थे। 10 मिनट में साँस फूल गई। सबके सामने हाँफ रही थी मैं। दूसरे दिन 15 मिनट दौड़ी। तीसरे दिन... Goal

वो सिर्फ़ बॉल का जाल में जाना नहीं था दोस्तों। वो उन सबका जवाब था जो कहते थे - लड़की है, नहीं खेल सकती।

टीम - Class में ग्रुप था, मैदान पर परिवार मिला। पास देना सीखा, सबको साथ लेकर चलना सीखा।


हिम्मत - Reflector बनकर मैं दूसरों को देखती थी, Football ने सिखाया कि खुद को पुश करो।


और फिर वो दिन, हमारी टीम Butterflies Girls ने Contact Point का टूर्नामेंट जीत लिया। जब Trophy उठाई, तो हाथ नहीं काँप रहे थे, आँखें भर आई थीं। क्योंकि ये Trophy मेरी नहीं थी। यह उन सब लड़कियों की थी जो आज भी खिड़की से मैदान को देखती हैं और खेलने से डरती हैं।

आज मैं क्या करती हूँ?

अब मैं Contact Point पर छोटी बच्चियों को football सिखाती हूँ। जब 8 साल की सानिया पूरी ताकत से बॉल को किक मारती है तो मुझे अपना पहला गोल याद आ जाता है।

Butterflies ने मुझे दो पंख दिए - एक पढ़ाई का, जिससे मैं उड़ना सीखी और दूसरा football खेलने का, जिससे मैंने दुनिया को दिखाया कि लड़कियाँ उड़ भी सकती हैं, और गोल भी कर सकती हैं।





38

COOPERATIVE LEARNING CDK

A Rented Roof, A Boundless Spirit

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Lovely	11	15 years	Dayal Singh Camp

My name is Lovely. I live with my family in a small rented house in Dayal Singh Camp.

Every morning at 4:00 AM, my father heads to the vegetable market. Whether it's biting cold, scorching heat, or pouring rain, my father's bicycle never stops. My mother is a housewife; she takes care of the home and keeps our spirits high. Our house was small, but our dreams were big.

I used to think studies were a burden. But at Butterflies, I realized—education is actually a pair of wings. Through Cooperative Learning, I studied with friends and learned how to ask questions and how to speak up. I used to be so afraid: What if I fail? But Bhaiya told me, "Failing isn't bad; not trying is what's bad."

I tried, and one day, I passed my 10th grade. When Papa came home from the market and saw my marksheet, his eyes filled with tears. He said, "My child, you have made me walk with my head held high."

But the story didn't end there.

At Butterflies, they told us about CDK (Children Development Khazana). They said, "Open your account. Learn to save." I thought to myself, what do we have to save? We live in a rented house, and Papa's earnings are just enough to get by the month. But then Alam Bhaiya explained, "Even if you save 10 rupees, it becomes a habit. Once it's a habit, today's 10 rupees will become 10,000 tomorrow."

I opened my account in the CDK. The first month I deposited 100 rupees, then 200, then 500- a gift money from Rakhi, birthday money—I didn't spend a single rupee. I put it all into my Khazana (cdk). Then one day, I got my passbook updated. I looked at the balance: 10,000 rupees. Ten thousand! In my name, from my own hard work. When I showed it to Mummy, she cried. She said, "My daughter has done wonders."

Today, I still live in that same rented house in Dayal Singh Camp. But now, I know how to live. Papa still goes to the vegetable market, but now he goes with his head held high. Because his daughter studies well and she saves money too. Butterflies gave me two things: a 10th-grade certificate to answer the world, and a CDK passbook to answer myself: "Yes, I can do it."

The house was rented, but the courage was mine. I started with 10 rupees, now 10,000 is mine. I'm a vegetable seller's daughter, but my thinking is grand. This habit of saving has rewritten my destiny by my own hand.

Moral: From my experience, I understood that one should never give up in life. Keep trying, and one day we will fulfil our dreams and become independent. Because "choosing to lose" and "being defeated" are two different things.

Believe in yourself, and success comes to those who never give up.



हिन्दी / कहानी 38

किराये की छत, अनंत हौसला

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
लवली	**11**	**15 साल**	**दयाल सिंह कैम्प**

मेरा नाम लवली है। Dayal Singh Camp में एक छोटे से किराए के मकान में अपनी फ़ैमिली के साथ रहती हूँ। पापा रोज़ सुबह 4 बजे सब्ज़ी मंडी चले जाते हैं। ठंड हो, गर्मी हो, बारिश हो, पापा की साइकिल रुकती नहीं। मम्मी हाउस वाइफ़ हैं। घर संभालती हैं और हमारा हौसला भी। हमारा घर छोटा था, पर सपने बड़े थे।

पहले लगता था पढ़ाई मतलब बोझ। पर Butterflies में पता चला - पढ़ाई तो पंख है। Cooperative Learning में दोस्तों के साथ पढ़ा, सवाल पूछना सीखा, बोलना सीखा। डर लगता था, फेल हो गई तो? पर भैया ने कहा फेल होना बुरा नहीं है, कोशिश न करना बुरा है।

मैंने कोशिश की और एक दिन 10वीं पास। पापा ने मंडी से आकर मेरी मार्कशीट देखी तो उनकी आँखें भर आईं। बोले 'बेटा' तूने तो मेरा सर ऊँचा कर दिया।

पर कहानी यहाँ ख़त्म नहीं हुई।

Butterflies में हमें CDK - Children Development Khazana के बारे में बताया गया। बोले अपना अकाउंट खोलो। बचत करना सीखो। मैंने सोचा हमारे पास बचाने को क्या होगा? घर किराए का, पापा की कमाई से बस गुज़ारा होता है। पर फिर Alam Bhaiya ने समझाया, 10 रुपये भी बचाओगी तो आदत बनेगी। आदत बनेगी तो कल 10 हज़ार बनेंगे।

मैंने CDK में अपना अकाउंट खोला, पहले महीने में 100 रुपये जमा किये, फिर 200 फिर 500- राखी पर गिफ्ट के पैसे, जन्मदिन पर एक भी पैसा खर्च नहीं किया, Khazane में डाल दिये। और एक दिन पासबुक अपडेट कराई। बैलेंस देखा 10,000 रुपये। 10 हज़ार। मेरे नाम से, मेरी मेहनत से। मम्मी को दिखाया तो वो रो पड़ीं। बोलीं - मेरी बेटी ने तो कमाल कर दिया।


आज मैं Dayal Singh camp के उसी किराए के घर में रहती हूँ। पर अब मुझे पता चला कैसे जीना है। पापा सब्जी मंडी में आज भी जाते हैं। पर वो अब सर उठाकर जाते हैं। क्योंकि उनकी बेटी ने पढ़ाई भी की और बचत भी। Butterflies ने मुझे दो चीज़ें दीं एक 10वीं का सर्टिफ़िकेट जिससे दुनिया को जवाब दे सकूँ, दूसरा CDK की पासबुक, जिससे मैं खुद को जवाब दे सकती हूँ कि “हाँ मैं कर सकती हूँ”।

किराए का घर था, पर हौसला अपना था, 10 रुपये से शुरू किया, आज 10 हज़ार अपना है। बेटी हूँ सब्जी वाले की, पर सोच मेरी बड़ी है, बचत की आदत ने मेरी तकदीर लिख दी है।

Moral: मेरे इस अनुभव के बाद समझ आया कि कभी भी ज़िंदगी में हार नहीं माननी चाहिए, कोशिश करते रहना चाहिए एक दिन हम अपने सपने को पूरा करेंगे और independent (आत्मनिर्भर) बनेंगे क्योंकि हार मानना और हार जाना दोनों अलग बात है।

“Believe in yourself and success comes to those who never give up.”





39

COOPERATIVE LEARNING CDK CHSC

Steps Towards Self-Reliance

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Vandana	10	15 years	Hathi Park

My name is Vandana (Radha) and I am originally from Bihar. When I was around 3-4 years old, I came to Delhi with my whole family. We shifted from our village because there were not many good education facilities there. My brother and I were not able to study properly in the village and our family was also facing financial problems.

After coming to Delhi, my mother got me and my brother admitted to school. After some time, my brother came to know about the Butterflies organization. He started going to the study point at Hathi Park and later he also took me there. Along with me, many of my friends also joined. There, along with studies, we started learning many new things. After coming to Butterflies, I learned about Life Skill Education. I also came to know about CDK, which teaches us the importance of saving money. Through CDK, I learned that we should save money for our future and our needs.

Earlier, when I did not know about CDK, I used to save money at home itself. I kept money in my bag and whenever I felt like eating something, I would spend it on junk food. Because of this, I could never save properly. But when I started saving money in CDK, I slowly began saving ₹5 and ₹10 regularly. Today, I have around ₹4000 saved in my CDK account.

This money helped me a lot. Once, I needed ₹2300 for my exam fees. At that time, my parents could not arrange such a big amount together because our financial condition was not good. Then I used the money I had saved in CDK to pay my exam fees. This also reduced the burden on my parents. If I had not learned to save money through CDK, then maybe my parents would have had to borrow money from someone. CDK taught me how we can fulfill our needs through our own savings. I even paid for my Class 10th exam fees using my savings.

When I first came to Butterflies, I did not talk to anyone and I was very shy. I never used to speak in meetings or gatherings. But slowly, I started talking to people little by little and my confidence started growing.

After that, I came to know about CHE. There, I learned that children conduct meetings, do hygiene checks and even provide basic first aid. Watching all this made me feel very inspired and I thought that I also wanted to become a CHE. When the elections happened, I also raised my hand, and the children selected me. After that, I became a CHE. I felt really happy after becoming one. I learned and carried out all the CHE work. The part which I enjoyed the most in CHE was taking meetings. I learned how to conduct meetings and how to speak confidently in front of everyone. That is where I truly learned public speaking and gained confidence. I also spread awareness among children about dehydration.

When I became a CHE, I noticed that many children were not drinking enough water and were playing outside in the heat for too long. Because of this, many children were falling sick. Seeing this, I conducted a meeting on dehydration and explained the issue to the children. They learned many new things from that session. Now they play less in the harsh sun, and after understanding dehydration, they have started drinking more water. A lot of positive changes have come among the children. I also shared all these learnings with my family members at home.

After joining Cooperative Learning, I understood that when we work together in a group, work becomes easier and also turns out better. Cooperative Learning teaches us how to live and grow together with others.



हिन्दी / कहानी 39

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
वंदना	**10**	**15 साल**	**हाथी पार्क**

मेरा नाम वंदना है और मैं बिहार की रहने वाली हूँ। जब मैं 3-4 साल की थी, तब मैं अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली रहने आ गई थी। हम गाँव से दिल्ली इसलिए आए क्योंकि गाँव में पढ़ाई की अच्छी सुविधा नहीं थी, मेरे भाई और मैं गाँव में पढ़ नहीं पाते थे और पैसों की भी बहुत दिक्कत होती थी।

दिल्ली आने के कुछ समय बाद मेरी मम्मी ने मेरा और मेरे भाई का स्कूल में दाखिला करवाया। फिर मेरे भाई को “Butterflies” संस्था के बारे में पता चला। उसके बाद वह हाथी पार्क के कॉन्टैक्ट पॉइंट पर जाने लगा और फिर वह मुझे भी वहाँ लेकर गया। मेरे साथ मेरे कई दोस्त भी वहाँ आए। वहाँ हम पढ़ाई के साथ-साथ बहुत सारी नई चीज़ें सीखने लगे।

Butterflies में आकर मैंने जीवन कौशल शिक्षा (Life Skill Education) के बारे में सीखा। मैंने CDK के बारे में भी जाना, जो हमें बचत करना सिखाता है। CDK से मैंने सीखा कि हमें अपने भविष्य और ज़रूरतों के लिए पैसे बचाकर रखने चाहिए।

पहले जब मुझे CDK के बारे में जानकारी नहीं थी, तब मैं अपने घर में ही पैसे जमा करती थी। मैं अपने बैग में पैसे रखती थी और जब भी कुछ खाने का मन करता था, मैं उन्हीं पैसों से जंक फ़ूड खा लेती थी और इस वजह से मैं बचत नहीं कर पाती थी। लेकिन जब मैंने CDK में पैसे जमा करना शुरू किया, तब मैंने धीरे-धीरे 5 और 10 रुपये बचाने शुरू किए। आज मेरे CDK खाते में लगभग 4000 रुपये जमा हैं।

इन पैसों से मुझे बहुत मदद मिली। एक बार मुझे अपनी परीक्षा फ़ीस भरने के लिए 2300 रुपये की ज़रूरत थी। उस समय मेरे माता-पिता एक साथ इतने पैसे नहीं दे सकते थे क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। तब मैंने CDK में जमा किए हुए पैसों से अपनी परीक्षा फ़ीस भरी। इससे मेरे माता-पिता को भी कोई परेशानी नहीं हुई। अगर मैंने CDK में बचत करना नहीं सीखा होता, तो शायद मेरे माता-पिता को उधार लेना पड़ता। CDK ने मुझे सिखाया कि अपनी बचत से अपनी ज़रूरतें कैसे पूरी की जा सकती हैं। मैंने अपनी 10वीं की परीक्षा की फ़ीस भी अपनी बचत से भरी।


जब मैं पहली बार Butterflies में आई थी, तब मैं किसी से बात नहीं करती थी और बहुत शर्माती थी। किसी सभा या मीटिंग में भी मैं कुछ नहीं बोलती थी। लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे मैंने सब से थोड़ा-थोड़ा बात करना सीखा और मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।

इसके बाद मुझे CHE के बारे में जानकारी हुई। इसमें मुझे पता चला कि बच्चे मीटिंग लेते हैं, व्यक्तिगत hygiene check करते हैं और मलहम पट्टी भी करते हैं। यह सब देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। तब मैंने सोचा कि मैं भी CHE बनूँगी। जब चुनाव हुआ, तब मैंने भी हाथ उठाया और बच्चों ने मुझे चुन लिया। उसके बाद मैं CHE बन गई। CHE बनने के बाद मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने CHE का पूरा काम सीखा और किया। मुझे CHE में सबसे अच्छा काम तब लगा जब मैं मीटिंग लेती थी। मैंने सीखा कि मीटिंग कैसे लेते हैं और सबके सामने कैसे बोलते हैं। वहीं से मैंने आत्मविश्वास के साथ बोलना सीखा। मैंने बच्चों को डिहाइड्रेशन के बारे में भी बताया।

जब मैं CHE बनी, तब मैंने देखा कि बच्चे ज़्यादा पानी नहीं पी रहे थे और धूप में खेल रहे थे। इन सब वजहों से बच्चों की तबीयत खराब हो रही थी। यह देखकर मैंने डिहाइड्रेशन पर मीटिंग ली और बच्चों को इसके बारे में बताया। बच्चों को इस विषय की जानकारी मिली और उन्होंने बहुत सारी नई बातें सीखीं। अब उन्होंने धूप में खेलना कम कर दिया है और डिहाइड्रेशन के बारे में पता चलने के बाद वे ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीने लगे हैं। बच्चों में बहुत सारे बदलाव आए। ये सारी बातें मैंने अपने घर और परिवार वालों को भी बताईं।

मुझे Cooperative से जुड़ने के बाद पता चला कि जब हम कोई भी काम समूह में रहकर करते हैं, तो हमें काम करने में मदद मिलती है और काम भी अच्छा होता है। Cooperative हमें मिल-जुलकर रहना सिखाती है।





40

COOPERATIVE LEARNING

Studying: Hard Alone, Easy Together

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Shifa	11	16 years	Okhla Mandi

My name is Shifa, and I am a student of Class 11. I am from the Okhla Contact Point. My father works in the market, and my mother takes care of the household and looks after us. I have been associated with the Okhla Contact Point for the past four years. When I first joined the Okhla Contact Point, I did not know anything about Cooperative Learning. Later, we received training on Cooperative Learning, through which we understood what Cooperative Learning is and how we can use it in our studies. Cooperative Learning brought many changes in me. Earlier, I did not enjoy studying, and I did not like studying alone. But now, I really enjoy studying. It is fun to learn together with everyone.

One benefit of studying together is that if someone does not understand something, we take out 10 minutes to explain it to them. This helps us revise as well, and it also becomes easier for the other person to understand. Because of Cooperative Learning, I have started enjoying my studies. My marks have also improved compared to before, which has given me happiness and peace of mind.

We have a group of six children. In our group, one child reads a chapter, and all the others prepare important notes from it. If any child misses writing something down, we all help them. If even one child from our group does not come, we visit their home to find out the reason. Once, a girl had not been coming to the Butterflies Contact Point for two days.

On the third day, we all went to her house and found out that she was unwell, which was why she could not come.

When she recovered, she started coming to the Contact Point again. We all helped explain the things she had not understood. We also shared with her everything we had studied and helped her complete all her notes. Before examinations, we prepare notes for every subject, which helps us prepare very well and makes it easier to remember the important points.

Through Cooperative Learning, we have learned many important life skills, such as helping one another, working together, and supporting each other.



हिन्दी / कहानी 40

पढ़ाई अकेले मुश्किल, साथ में आसान

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
शिफ़ा	**11**	**16 साल**	**ओखला मंडी**

मेरा नाम शिफ़ा है और मैं 11वीं कक्षा में पढ़ती हूँ। मैं Okhla contact point से हूँ। मेरे पापा मंडी में काम करते हैं और मेरी मम्मी घर का काम और हमारी देखभाल करती हैं। मुझे Okhla contact point से जुड़े हुए 4 साल हो गए हैं।

जब मैं ओखला कॉन्टैक्ट पॉइंट में आई, तब मुझे Cooperative Learning के बारे में कुछ पता नहीं था। फिर हमारी Cooperative Learning की ट्रेनिंग हुई, जिसमें हमें समझ आया कि Cooperative Learning क्या होती है और हम इसे अपनी पढ़ाई में कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। इस Cooperative Learning से मेरे अंदर बहुत बदलाव आए। पहले मुझे पढ़ाई करना अच्छा नहीं लगता था और अकेले पढ़ने में मज़ा भी नहीं आता था। लेकिन अब मुझे पढ़ाई में बहुत अच्छा लगता है। सबके साथ मिलकर पढ़ने में मज़ा आता है।

साथ में पढ़ने का एक फ़ायदा यह भी हुआ कि अगर किसी को कोई चीज़ समझ नहीं आती, तो हम उसके लिए 10 मिनट निकालकर उसे समझाते हैं। इससे हमारा Revision भी हो जाता है और सामने वाले को भी आसानी से समझ आ जाता है। Cooperative Learning की वजह से अब मुझे पढ़ाई में मज़ा आने लगा है। मेरे marks भी पहले से बेहतर हुए हैं, जिससे मुझे खुशी और मन की शांति मिली है।

हमारा 6 बच्चों का एक ग्रुप है, जिसमें एक बच्चा किसी भी अध्याय को पढ़ता है और बाकी सभी बच्चे उसके महत्वपूर्ण नोट्स तैयार कर लेते हैं। अगर किसी बच्चे का लिखना छूट जाता है, तो हम सब उसकी मदद करते हैं। हमारे ग्रुप में अगर कोई एक बच्चा भी नहीं आता है, तो हम सब उसके घर जाकर उसका कारण पता करते हैं। एक बार एक लड़की दो दिन से Butterflies कॉन्टैक्ट पॉइंट में नहीं आ रही थी। तीसरे दिन हम सब उसके घर गए, तब पता चला कि उसकी तबीयत खराब थी, जिसकी वजह से वह नहीं आ पा रही थी।

फिर जब वह ठीक हुई, तो उसने दोबारा Contact Point आना शुरू किया। जो चीज़ उसे समझ नहीं आ रही थी, उसे हम सबने मिलकर समझाया। साथ ही हमने जो पढ़ाई की थी, वह भी उसे बताई और उसके सारे नोट्स भी बनवाए। परीक्षा से पहले हम हर विषय के नोट्स तैयार करते हैं, जिससे उस विषय की बहुत अच्छी तैयारी हो जाती है और महत्वपूर्ण पॉइंट्स भी आसानी से याद हो जाते हैं। Cooperative Learning के माध्यम से हमने एक-दूसरे की मदद करना, साथ मिलकर काम करना और एक दूसरे का सहयोग करने जैसी कई महत्वपूर्ण Life Skills सीखीं।



41

Riya, the Journalist

Riya on the Mic: Broadcasting Dreams

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Riya	11	16 years	Okhla Mandi

My name is Riya. I started coming to Butterflies when I was in the 3rd class, and now I am in the 11th class. In these few years, my life has changed a lot. The way of thinking of every child who joins Butterflies changes completely. I can see a big difference between a normal child and children connected with Butterflies. When I was small and was not joined with Butterflies, I also knew very little, just like other kids. But ever since I joined Butterflies, many good changes came into my life. I got a chance to speak with confidence here. Now, I don't feel strange speaking in front of anyone, and I can say what I want to say very well. Now I can even speak well on the mike. When I became an Assistant Child Volunteer Manager (ACVM), I understood how important it is to save money. After becoming an ACVM, I took the responsibility to encourage my friends to save money and explain the importance of savings to them. Saving money reduces problems in the future, and we can also use that money for our higher studies. This way, our families will also not have to face too much trouble.

Butterflies has given me so many opportunities that most children don't usually get. I took training at the Indian Institute of Mass Communication and did radio shows at Butterflies Broadcasting Children (BBC). Because of this, my confidence in speaking grew a lot. I feel very good hearing my own voice on the radio. This was a very big and special opportunity for me. New dreams have come to my mind now, and if I get a chance to become a news anchor in the future, I will definitely try it.

I have also met Mr. Sean Doyle, the CEO of British Airways. This was a very big deal for me. There could hardly be a bigger opportunity than this.

"I often think that since Butterflies has given me so many great opportunities already, it will always guide me in my career path in the future too. Coming here, I have not only learned and understood so much, but I have also found a new confidence inside me. Now, whenever I think about my future, the very first thought in my mind is about Butterflies and the Cooperative. I truly believe that what I learned here will make my future even brighter and more successful."



हिन्दी / कहानी 41

पत्रकार रिया

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
रिया	**11**	**16 साल**	**ओखला मंडी**

“माइक पर रिया: सपनों का लाइव प्रसारण”

मेरा नाम Riya है। जब मैं तीसरी कक्षा में थी, तब मैंने Butterflies आना शुरू किया था और अब मैं 11वीं कक्षा में हूँ। इन कुछ सालों में मेरी ज़िंदगी में बहुत बदलाव आए हैं। Butterflies से जुड़े हर बच्चे के सोचने का तरीका बदल जाता है। एक सामान्य बच्चे और Butterflies से जुड़े बच्चों में मुझे बहुत अंतर दिखाई देता है।


जब मैं छोटी थी और Butterflies से नहीं जुड़ी थी, तब मुझे भी बाकी बच्चों की तरह बहुत कम जानकारी थी। लेकिन जब से मैंने Butterflies जॉइन किया, तब से मेरी ज़िंदगी में कई अच्छे बदलाव आए। मुझे यहाँ आत्मविश्वास के साथ बोलने का मौका मिला। अब सबके सामने बोलने में मुझे अजीब नहीं लगता और मैं अपनी बात अच्छे से रख पाती हूँ। अब मैं mike में भी अच्छे से बोल लेती हूँ। जब मैं Assistant Child Volunteer Manager (ACVM) बनी, तब मुझे समझ आया कि पैसों की बचत करना कितना ज़रूरी है। ACVM बनने के बाद मैंने यह ज़िम्मेदारी ली कि मैं अपने दोस्तों को पैसे जमा करने के लिए प्रेरित करूँगी और उन्हें बचत का महत्व समझाऊँगी। बचत करने से भविष्य में परेशानियाँ कम होती हैं और हम अपनी उच्च शिक्षा में भी उन पैसों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे हमारे घरवालों को भी ज़्यादा तकलीफ़ नहीं उठानी पड़ेगी।

Butterflies ने मुझे इतने सारे मौके दिए हैं, जो अधिकतर बच्चों को अक्सर नहीं मिल पाते। मैंने Indian Institute of Mass Communication में प्रशिक्षण लिया, BBC Butterflies Broadcasting Children में radio shows किए। इससे मेरे बोलने का confidence बहुत बढ़ गया। Radio में अपनी आवाज़ सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगता है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी और खास opportunity थी। अब मेरे मन में यह सपना आया है कि अगर मुझे भविष्य में news anchor बनने का मौका मिले, तो मैं ज़रूर कोशिश करूँगी।

मैं British Airways के CEO Mr. Sean Doyle से भी मिली हूँ। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। इससे बड़ा मौका शायद ही कोई हो सकता है।

"मैं अक्सर सोचती हूँ कि जब Butterflies ने मुझे अभी से इतने सारे बेहतरीन मौके दिए हैं, तो भविष्य में मेरे करियर की राह में भी यह हमेशा मेरा मार्गदर्शन करेगा। यहाँ आकर मैंने न सिर्फ़ बहुत कुछ सीखा और समझा है, बल्कि अपने भीतर एक नया आत्मविश्वास भी पाया है। अब जब भी मैं अपने आने वाले कल के बारे में सोचती हूँ, तो मेरे मन में सबसे पहला ख़्याल Butterflies और Cooperative का ही आता है। मुझे पूरा विश्वास है कि यहाँ से मिली सीख मेरे भविष्य को और भी उज्ज्वल और कामयाब बनाएगी।"





42

CHSC

The Responsibility of Health Education

The Healing Captain

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Sonam	10	15 years	Okhla Mandi

My name is Sonam. I am a student in class 10. I live with my family in a rented house in Dayal Singh Colony. My father works in the vegetable market and that is how our household runs. I have been studying at Butterflies for the past two years. I have also served as a CHE and the captain of the football team.

This journey started about two years ago. One day at Butterflies, Bhaiya called out my name in front of everyone. After the children voted, he announced, "From today, Sonam will be our CHE (Child Health Educator). Hearing this, I became completely silent out of fear. I thought, "Will I have to give injections now?" When I said this, all the children started laughing. Then Bhaiya explained that a CHE is not a doctor. A CHE is someone who takes care of everyone. That is where my journey began.

Becoming a CHE truly changed my life. In the beginning, I didn't even know how to wash my hands properly. Bhaiya taught us to wash our hands while counting until twenty so that the bacteria could be removed properly. I do weekly personal hygiene checkups of all the students and based on it I fill out the logbook.

If I see a child sitting quietly and looking sad, I ask them whether they have a stomachache or if they had a fight at home. The first time I spoke in Bal Sabha, my legs were shaking. I only said, "Please do not throw garbage on the ground." But today, I can confidently stand in front of sixty children and talk about periods, dengue, and health- related issues without fear. My mother even jokes, "You have become a doctor now." How did I become the football captain? One day, (Alam)Bhaiya said, "Sonam, there is going to be a football tournament, and we will also make a girls' team." I replied, "Bhaiya, I don't even know how to kick a football properly." He laughed and said, "Even after being a CHE, are you scared? Managing a team is also about health and responsibility." After some time, I became the captain of the girls' football team. Before every practice session, I would gather all the girls in a circle and make everyone do warm-up exercises. During matches, I carried a water bottle and made sure my teammates stayed hydrated and motivated. Once during a match, my friend Anjali fell, and her knee started bleeding. Everyone panicked and began shouting. But as a CHE, I immediately took a bandage from my bag and cleaned her wound with cotton. At that moment, Anjali smiled and said, "Sonam, you really are a true CHE."

On Sports Day, while everyone was running around trying to win, I kept watching carefully to make sure no one had fallen or was struggling to breathe. Whenever I noticed someone getting too tired, I stopped them and said, "First, take deep breaths properly. Winning can happen tomorrow as well, but if you get hurt, that can become serious." Being a CHE means helping children wash their hands, putting bandages on injuries, speaking loudly in Bal Sabha about cleanliness, and reminding everyone on the football field to drink water so they do not feel dizzy.

Bhaiya always says that a healthy body carries a healthy mind. I am the CHE and football captain of my Contact Point, and this is exactly what I try to teach everyone around me.

हिन्दी / कहानी 42

स्वास्थ्य शिक्षा की ज़िम्मेदारी

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
सोनम	**10**	**15 साल**	**ओखला मंडी**

"फुटबॉल का मैदान, सेहत की कप्तान"

मेरा नाम सोनम है। मैं कक्षा 10वीं में पढ़ती हूँ। मैं और मेरा परिवार दयाल सिंह कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। मेरे पापा सब्ज़ी मंडी में काम करते हैं, जिससे हमारे घर का खर्च चलता है। मैं पिछले 2 सालों से Butterflies में पढ़ रही हूँ। मैं CHE और फुटबॉल कैप्टन भी रह चुकी हूँ।

Butterflies में भैया ने सबके सामने मेरा नाम लिया। बच्चों से चुनाव करवाने के बाद भैया ने कहा, “आज से सोनम हमारी CHE (Child Health Educator) होगी।” यह सुनकर मैं डर के मारे बिल्कुल चुप हो गई। मुझे लगा, “क्या अब मुझे इंजेक्शन लगाना पड़ेगा?” मेरी बात सुनकर सारे बच्चे हँसने लगे। तब भैया ने समझाया कि CHE डॉक्टर नहीं होता। CHE वह होता है जो सबका ख़्याल रखता है। बस वहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई।

CHE बनने के बाद मेरी ज़िंदगी सच में बदल गई। शुरुआत में तो मुझे खुद ठीक से हाथ धोना भी नहीं आता था। भैया ने सिखाया कि 20 तक गिनकर हाथ धोओ, इससे बैक्टीरिया मर जाते हैं। मैं सप्ताह में एक दिन कॉन्टैक्ट पॉइंट के सभी बच्चों की पर्सनल व्यक्तिगत स्वच्छता की जाँच करके लॉग बुक भरती हूँ। कभी कोई बच्चा उदास बैठा होता है, तो मैं उससे पूछ लेती हूँ कि पेट में दर्द है या मम्मी से झगड़ा हुआ है। बाल सभा में जब मैंने पहली बार बोला था, तब मेरी टाँगें काँप रही थीं। मैंने बस इतना कहा था, “कूड़ा ज़मीन पर मत फेंको।” और आज? आज मैं पूरे 60 बच्चों के सामने खड़े होकर पीरियड्स, डेंगू और स्वास्थ्य से जुड़ी बातें आत्मविश्वास के साथ कर लेती हूँ। मेरी मम्मी मज़ाक में कहती हैं, “तुम तो डॉक्टर बन गई हो।”


मैं फुटबॉल में कप्तान कैसे बनी? एक दिन (आलम) भैया ने कहा, “सोनम, फुटबॉल टूर्नामेंट होने वाला है। लड़कियों की टीम भी बनाई जाएगी।” मैंने कहा, “भैया, मुझे तो फुटबॉल को पैरों से ठीक से मारना भी नहीं आता।” यह सुनकर भैया हँसने लगे और बोले, “CHE होकर भी डरती हो? टीम को संभालना भी तो स्वास्थ्य और ज़िम्मेदारी का काम है।”


कुछ समय बाद मैं टीम की कप्तान बन गई। प्रैक्टिस शुरू होने से पहले मैं सभी लड़कियों को एक गोल घेरा बनाकर खड़ा करती और सबको वार्म-अप करवाती थी। मैच के समय मैं पानी की बोतल लेकर अपनी टीम के साथियों को पानी पिलाती और उनका हौसला बढ़ाती थी। एक बार मैच के दौरान मेरी दोस्त अंजलि गिर गई और उसके घुटने से खून निकलने लगा। यह देखकर सब बच्चे घबरा गए।

लेकिन एक CHE होने के नाते मैंने तुरंत अपने बैग से पट्टी निकाली और कॉटन से उसका खून साफ़ किया। उस समय अंजलि मुस्कुराई और बोली “सोनम, तू तो सच में CHE निकली।”

स्पोर्ट्स डे पर जब सब बच्चे जीतने के लिए इधर-उधर भागते थे, तब मैं ध्यान से देखती रहती थी कि कोई गिर तो नहीं गया और कोई बहुत ज़्यादा हाँफ तो नहीं रहा। उस समय मैं सबको रोक देती थी और कहती थी कि पहले अच्छे से साँस लो। जीतना तो कल भी मिल जाएगा, लेकिन अगर तुम गिर गए तो चोट लग सकती है। मैं CHE हूँ, मतलब - जो बच्चों के हाथ धुलवाए, चोट लगने पर पट्टी करे, बाल सभा में ज़ोर से बोले कि गंदगी मत करो, और फुटबॉल के मैदान में सबको याद दिलाए कि पानी पीते रहो, वरना चक्कर आ सकता है।

भैया सही कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है। मैं अपने कॉन्टैक्ट पॉइंट की CHE और कैप्टन हूँ, और यही बात सबको सिखाती हूँ।





43

COOPERATIVE LEARNING

Prescription of Dreams

Prescription of Dreams: Daya Shankar's Story

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Daya Shankar	9	14 years	Sadar Bazaar

My name is Daya Shankar. I study in Class 9 and I really enjoy studying. My favorite subject is Science because I like learning and understanding new things. In the future, I want to become a good doctor so that I can help people in society. I also want to encourage children to continue their education.

My family's financial condition is not good. My father is hardworking and runs a fruit chaat stall, which is the main source of income for our family. There are seven members in my family- my parents, two sisters, two brothers and me. Many times, balancing my younger siblings' studies and household responsibilities made it difficult for me to focus completely on my own studies. Earlier, I was a very shy and fearful child. Even in school, I did not talk much to anyone and whenever teachers asked me questions, I would get nervous. I hesitated to ask questions in class. I also faced many difficulties in studies. I was not able to express myself properly and I struggled to understand Maths and other subjects. Slowly, my confidence started decreasing.

In 2023, one of my friends took me to the Contact Point of Butterflies organization. He told me that children are taught there in a very good way. At first, I was scared to go there but when I visited for the first time, I noticed that the environment was completely different from school. Instead of scolding children, they were taught with love, patience and understanding.

There, I learned about “Cooperative Learning” for the first time. In this method, children study in small groups. Everyone learns together, asks questions, shares answers, and discusses ideas. If a child does not understand something, other children and the Bhaiya-Didis explain it in simple language. Because of this, studying does not feel like a burden but becomes enjoyable.

In the beginning, I did not speak at all in the group. I only listened to others. But the Bhaiya-Didis always motivated me. They told me that making mistakes is not wrong; trying is the most important thing. Slowly, I started giving small answers. Then I began studying with other children, participating in discussions and asking and answering questions.

Cooperative Learning brought a big change in me. Now, I can ask questions in school without fear. Earlier, I used to remain quiet, but now I can express my thoughts with confidence. I actively participate in class activities. My studies have also improved a lot. Earlier, I was weak in studies and faced many difficulties but now I am passing with good marks. Last year, I scored 68% in my class and this year I scored 75%. My teachers also noticed this positive change in me and appreciated my progress.

Butterflies not only taught me academics but also helped me build confidence, teamwork, helping others and expressing myself openly. Earlier, I had never experienced an environment where I felt free from fear or pressure. My parents are also very happy now. Earlier, they used to worry about my studies but now they feel proud of me. They encourage me every day to go to the Contact Point because they believe that Butterflies has given the right direction to my life.

Today, I can confidently say that Cooperative Learning has brought a great change in both my studies and my personal life. It has taught me that when children learn together and help one another, even the most difficult things become easier to understand.

हिन्दी / कहानी 43

सपनों का नुस्खा

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
दया शंकर	**9**	**14 साल**	**सदर बाज़ार**

"सपनों का प्रिस्क्रिप्शन: दया शंकर की कहानी"

मेरा नाम दया शंकर है। मैं नौवीं कक्षा में पढ़ता हूँ और मुझे पढ़ाई करना बहुत अच्छा लगता है। मेरा सबसे पसंदीदा विषय विज्ञान है, क्योंकि मुझे इसमें नई-नई चीज़ों के बारे में जानना और समझना अच्छा लगता है। आगे चलकर मैं एक अच्छा डॉक्टर बनना चाहता हूँ, ताकि मैं समाज के लोगों की मदद कर सकूँ। साथ ही मैं बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित भी करना चाहता हूँ।

मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। मेरे पिता मेहनत करके फल-चाट की दुकान लगाते हैं और उसी से पूरे परिवार का खर्च चलता है। हमारे घर में सात सदस्य हैं- माता-पिता, दो बहनें, दो भाई और मैं। मुझे छोटे भाई-बहनों की पढ़ाई और घर की ज़िम्मेदारियों के बीच कई बार पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना मुश्किल हो जाता था।

पहले मैं बहुत शर्माता और डरा रहने वाला बच्चा था। स्कूल में भी मैं किसी से ज़्यादा बात नहीं करता था और अगर टीचर कुछ पूछ लेते थे, तो मैं डर जाता था। मुझे सवाल पूछने में बहुत झिझक होती थी। पढ़ाई में भी मुझे काफ़ी दिक्कत आती थी। मैं सही से बोल भी नहीं पाता था और maths व दूसरे विषयों के सवाल समझने में परेशानी होती थी। धीरे-धीरे मेरा आत्मविश्वास कम होने लगा था।

साल 2023 में मेरा एक दोस्त मुझे Butterflies के Contact Point पर लेकर गया। उसने मुझे बताया कि वहाँ बच्चों को बहुत अच्छे तरीके से पढ़ाया जाता है। शुरुआत में मैं वहाँ जाने से डर रहा था, लेकिन जब मैं पहली बार वहाँ पहुँचा, तो मैंने देखा कि वहाँ का माहौल बिल्कुल अलग था। वहाँ बच्चों को डाँटने के बजाय प्यार और धैर्य से समझाया जाता है।

वहीं मैंने पहली बार “Cooperative Learning” के बारे में जाना। इसमें बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में पढ़ाया जाता है। सभी बच्चे मिलकर पढ़ते हैं, एक-दूसरे से सवाल पूछते हैं, जवाब देते हैं और अपनी बातें साझा करते हैं। अगर किसी बच्चे को कोई बात समझ नहीं आती, तो दूसरे बच्चे और भैया-दीदी उसे आसान भाषा में समझाते हैं। इससे पढ़ाई बोझ नहीं लगती, बल्कि मज़ेदार लगती है।


शुरुआत में मैं समूह में कुछ नहीं बोलता था। मैं सिर्फ़ दूसरों की बातें सुनता था। लेकिन वहाँ के भैया-दीदी हमेशा मुझे मोटिवेट करते थे। वे कहते थे कि गलती करना गलत नहीं है, बल्कि कोशिश करना सबसे ज़रूरी है। धीरे-धीरे मैंने छोटे-छोटे जवाब देना शुरू किया। फिर मैं बच्चों के साथ मिलकर पढ़ने लगा, सवाल-जवाब करने लगा और चर्चाओं में भाग लेने लगा।

Cooperative Learning की वजह से मेरे अंदर बहुत बदलाव आया। अब मैं स्कूल में भी बिना डरे सवाल पूछता हूँ। पहले जहाँ मैं चुप रहता था, अब मैं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख पाता हूँ। क्लास में सक्रिय रूप से भाग लेता हूँ। मेरी पढ़ाई में भी बहुत सुधार हुआ। पहले मैं पढ़ाई में कमज़ोर था और मुझे बहुत कठिनाई होती थी, लेकिन अब मैं अच्छे अंकों से pass हो रहा हूँ। पिछले वर्ष मैंने अपनी कक्षा में 68% अंक प्राप्त किए और इस बार मैंने 75% अंक प्राप्त किए। मेरे टीचर्स ने भी मेरे अंदर आए इस बदलाव को महसूस किया और मेरी तारीफ़ की।

Butterflies ने मुझे सिर्फ़ पढ़ाई ही नहीं सिखाई, बल्कि आत्मविश्वास, मिलकर काम करना, दूसरों की मदद करना और अपनी बात खुलकर रखना भी सिखाया। पहले मुझे ऐसा माहौल मिला ही नहीं था जहाँ मुझे कभी डर या दबाव महसूस न हुआ हो। मेरे माता-पिता भी अब बहुत खुश रहते हैं। पहले वे मेरी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहते थे, लेकिन अब उन्हें मुझ पर गर्व होता है। वे मुझे रोज़ Contact Point जाने के लिए प्रेरित करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि Butterflies ने मेरे जीवन को सही दिशा दी है।

आज मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि Cooperative Learning ने मेरी पढ़ाई और मेरे व्यक्तिगत जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। इससे मुझे समझ आया कि जब बच्चे मिल-जुलकर पढ़ते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं, तो कठिन से कठिन चीज़ भी आसानी से समझ में आने लगती है।





44

CDK CHSC

Healing Wounds, Sharing Smiles

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Tinu	9	17 years	Hathi Park

My name is Tinu, and I am originally from a small village called Balua in Bihar. I was also born in Bihar, but when I was very young, I became seriously ill. My parents brought me from Bihar to Delhi for treatment. After I recovered, my family decided to stay back in Delhi. Slowly, I made many good friends around me. One of these friends told me about Butterflies. She said that children there not only study but also get opportunities to play, learn, and participate in many good programs. After hearing this, I told my father about Butterflies. Once he gave me permission, I started going there.

In the beginning, everything was new for me. On my first day, I felt a little uncomfortable because I did not know anyone there. I was afraid of talking to people and hesitated to ask questions. However, as I continued coming to Butterflies, I slowly started talking to the children and the didis there. Everyone was very kind and explained things to me with care. Because of this, my hesitation gradually reduced, and I began speaking more openly.

After some time, I got an opportunity to perform on stage, but I was very scared. I kept thinking about what people would say if I made a mistake. At that time, didi and bhaiya encouraged me. They explained that no one does everything perfectly in the beginning, but with practice and effort, a person keeps improving. Their words gave me courage and increased my confidence.

I participated in a program for the first time. In the beginning, I was very nervous, but as I started taking part, my fear slowly disappeared.

After that, I began participating in different activities and cultural programs. Today, I also take part in programs at my school, even though earlier I was most afraid of going on stage.

There are many kinds of meetings at Butterflies, such as CDK and CHSC meetings. In the beginning, I would only sit and listen, but gradually I started participating in them.

Through these sessions, I learned a lot about children's health, safety, and first aid. Later, I got the opportunity to become a CHE (Child Health Educator). In this role, I learned how to help a child who gets injured or suddenly faces a health problem. Now, if a child gets a minor injury, I do not panic. Instead, I immediately try to help. At the Contact Point, children are always playing and having fun, and sometimes they get hurt while playing. Earlier, I did not know what to do in such situations, but the meetings and training at Butterflies taught me how to provide immediate help to an injured person. One day, all the children were playing at the Contact Point. While playing, one of our friends got badly hurt and started crying in pain. Instead of panicking, I did exactly what I had learned during my training. First, I cleaned the wound with Dettol and provided first aid. After that, we took him to a doctor. The doctor said it was good that first aid had been given on time; otherwise, the injury could have become more serious.

That day, I felt very happy. I realized that if I had not received CHE training at Butterflies, I might not have known how to provide first aid. Children often get minor injuries while playing, and having the right knowledge at such times is very important.

After some time, when I completed six months in the CHE role, I got an opportunity to become a Buddy. Becoming a Buddy was not just about taking on a responsibility; it was also about becoming a friend to other children, helping them, and understanding their feelings.

A new journey began for me after becoming a Buddy. One day, when I arrived at the Contact Point, I noticed one of my friends. She did not seem as happy as she usually was. I tried talking to her, but at first, she did not tell me anything. I gently asked her several times, and slowly she shared her problem with me.

She told me that she did not feel like going to school. She was afraid of studies and felt that she would not understand anything in school. Her family was also worried about sending her to school. After listening to her, I explained that there was no need to be afraid. I also shared her concern with Didi at the Contact Point so that she could receive proper support.

A few days later, she came to me with a smile and said, "Now I understand everything. I will go to school every day."

Hearing this made me very happy. I felt that my small effort had brought a positive change to her life.

I learned that the role of a Buddy is to understand the feelings and problems of others and to share them with the Didi or bhaiya when support is needed. Butterflies not only taught me how to help others but also helped me develop confidence and a sense of responsibility within myself.

Today, I can proudly say that I have learned so much here—how to care for others, how to take the right steps at the right time, and how to bring a positive change into a friend's life.



हिन्दी / कहानी 44

ज़ख्म भरे, मुस्कान बाँटी

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
टीनू	**12**	**17 साल**	**हाथी पार्क**

"पहले मरहम, फिर मुस्कान"

मेरा नाम टीनू है और मैं मूल रूप से बिहार के एक छोटे से गाँव बलुआ की रहने वाली हूँ। मेरा जन्म भी बिहार में हुआ, लेकिन जब मैं बहुत छोटी थी, तब मैं गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थी। मेरे माता-पिता इलाज के लिए मुझे बिहार से दिल्ली लेकर आए। इलाज के बाद जब मैं ठीक हो गई, तो मेरा परिवार दिल्ली में ही रहने लगा। धीरे-धीरे मेरे आसपास कई अच्छे दोस्त बन गए।

इन्हीं दोस्तों में से एक दोस्त ने मुझे Butterflies के बारे में बताया। उसने कहा कि वहाँ बच्चों को सिर्फ़ पढ़ाया ही नहीं जाता, बल्कि उन्हें खेलने, सीखने और कई अच्छे कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका भी मिलता है। यह सुनकर मैंने अपने पापा को Butterflies के बारे में बताया, और उनकी अनुमति मिलने के बाद मैंने वहाँ जाना शुरू किया।

शुरुआत में सब कुछ मेरे लिए नया था। पहले दिन मुझे थोड़ा अजीब लगा क्योंकि मैं वहाँ किसी को नहीं जानती थी। मुझे लोगों से बात करने में डर लगता था और सवाल पूछने में भी झिझक होती थी। लेकिन जैसे-जैसे मैं Butterflies आने लगी, मैंने धीरे-धीरे वहाँ के बच्चों और दीदियों से बात करना शुरू किया। वहाँ सभी लोग बहुत अच्छे थे और मुझे प्यार से समझाते थे। इस वजह से मेरी झिझक कम होने लगी और मैं खुलकर बात करने लगी।

कुछ समय बाद मुझे स्टेज पर प्रोग्राम करने का मौका मिला, लेकिन मुझे बहुत डर लग रहा था। मैं सोचती थी कि अगर मैं कोई गलती कर दूँगी, तो लोग क्या कहेंगे। उस समय दीदी और भैया ने मुझे समझाया कि कोई भी काम शुरू में पूरी तरह सही नहीं होता, लेकिन कोशिश करने से इंसान बेहतर बनता जाता है। उनकी बातों ने मुझे हिम्मत दी और मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

मैंने पहली बार एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शुरुआत में मैं बहुत घबराई हुई थी, लेकिन जैसे-जैसे मैंने भाग लेना शुरू किया, मेरा डर धीरे-धीरे कम होने लगा। इसके बाद मैंने अलग-अलग गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना शुरू कर दिया। आज मैं अपने स्कूल में भी कार्यक्रमों में हिस्सा लेती हूँ, जबकि पहले मुझे स्टेज पर जाने से सबसे ज़्यादा डर लगता था।

Butterflies में कई तरह की बैठकें भी होती हैं, जैसे CDK, CHSC meetings। शुरुआत में मैं इन बैठकों में सिर्फ़ बैठकर सुनती थी, लेकिन धीरे-धीरे मैंने उनमें भाग लेना शुरू किया। इन सत्रों के माध्यम से मैंने बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और first aid के बारे में बहुत कुछ सीखा। बाद में मुझे CHE (Child Health Educator) बनने का अवसर मिला। इस भूमिका में मैंने सीखा कि अगर किसी बच्चे को चोट लग जाए या अचानक कोई स्वास्थ्य समस्या हो जाए, तो उसकी मदद कैसे करनी चाहिए। अब अगर किसी बच्चे को छोटी-मोटी चोट लगती है, तो मैं घबराती नहीं हूँ, बल्कि तुरंत उसकी मदद करने की कोशिश करती हूँ।

कॉन्टैक्ट पॉइंट में अक्सर बच्चे खेलते-कूदते रहते हैं, और कभी-कभी खेलते समय किसी को चोट भी लग जाती है। पहले मुझे समझ नहीं आता था कि ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए, लेकिन Butterflies में हुई बैठकों और प्रशिक्षण ने मुझे यह सिखाया कि किसी घायल व्यक्ति की तुरंत कैसे मदद करनी चाहिए।

एक दिन सभी बच्चे Contact Point पर खेल रहे थे। खेलते-खेलते हमारे एक मित्र को बहुत ज़्यादा चोट लग गई। वह दर्द से रोने लगा। उस समय मैंने घबराने के बजाय वही किया जो मैंने अपने प्रशिक्षण में सीखा था। सबसे पहले मैंने Dettol से उसका घाव साफ़ किया और उसे first aid दी। उसके बाद हम उसे डॉक्टर के पास लेकर गए। डॉक्टर ने कहा कि अच्छा हुआ कि समय पर उसकी first aid कर दी गई, नहीं तो चोट और गंभीर हो सकती थी।

उस दिन मुझे बहुत खुशी हुई। मैंने महसूस किया कि अगर मुझे Butterflies में CHE का प्रशिक्षण ना मिला होता, तो शायद मुझे first aid देना नहीं आता। अक्सर बच्चों को खेलते समय छोटी-मोटी चोट लग जाती है, और ऐसे समय में सही जानकारी होना बहुत ज़रूरी है।

कुछ समय बाद, जब मेरे छह महीने पूरे हुए, तो मुझे CHE की भूमिका से हटकर Buddy बनने का अवसर मिला। Buddy बनने का मतलब केवल एक ज़िम्मेदारी लेना नहीं था, बल्कि दूसरे बच्चों का दोस्त बनना, उनकी मदद करना और उनकी भावनाओं को समझना भी था।


Buddy बनने के बाद मेरी एक नई यात्रा शुरू हुई। एक दिन मैं कॉन्टैक्ट पॉइंट पर पहुँची, तो मैंने अपनी एक मित्र को देखा। वह रोज़ की तरह खुश नहीं लग रही थी। मैंने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन पहले उसने कुछ नहीं बताया। मैंने कई बार प्यार से पूछा, तब उसने धीरे-धीरे अपनी परेशानी मेरे साथ साझा की।


उसने बताया कि उसका स्कूल जाने का मन नहीं करता। वह पढ़ाई से डरती थी और उसे लगता था कि स्कूल में उसे समझ नहीं आएगा। परिवार वाले भी उसे स्कूल भेजने को लेकर परेशान रहते थे। उसकी बात सुनकर मैंने उसे समझाया कि डरने की ज़रूरत नहीं है और साथ ही कॉन्टैक्ट पॉइंट की दीदी को यह बताया जिससे कि उसकी मदद हो सके।

कुछ दिनों बाद वह मेरे पास आई और मुस्कुराकर बोली, "अब मुझे सब समझ आ गया है, मैं अब रोज़ स्कूल जाऊँगी।" उसकी यह बात सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे लगा कि मेरी छोटी-सी मदद ने उसकी ज़िंदगी में एक सकारात्मक बदलाव ला दिया।

मैंने सीखा कि Buddy का काम दूसरों की भावनाओं और समस्याओं को समझना है, उसके साथ ही दीदी या भैया को साझा करना भी है। Butterflies ने मुझे न केवल दूसरों की मदद करना सिखाया, बल्कि अपने अंदर आत्मविश्वास और ज़िम्मेदारी की भावना भी विकसित की।

आज मैं गर्व से कह सकती हूँ कि यहाँ मैंने बहुत कुछ सीखा है—दूसरों की देखभाल करना, सही समय पर सही कदम उठाना, और किसी दोस्त की ज़िंदगी में सकारात्मक बदलाव लाना।





45

A Celebration at Every Turn

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Utsav	10	14 years	Hathi Park

My name is Utsav, and I'm 14 years old. I've just reached the tenth grade. My family is originally from Jharkhand, but I was born in Delhi. I live in a rented house in Khari Baoli with my parents and my two sisters. My parents came to Delhi so that my mother could receive proper treatment and we could receive a better education. My father works at a rice shop here, and despite many hardships, he has always prioritized our education. He didn't keep us in the village because good educational facilities were not available there. Since childhood, I dreamed of becoming a cricketer. Cricket was my passion, and I wanted to one day bring glory to my family. But life had another path in store for me—one that also led me to dream of becoming a reporter and taught me the importance of my voice.

Until a few years ago, I was very quiet and reserved. I went to school every day, but didn't participate in any activities or talk much to anyone. I was very hesitant to express myself in front of others. Speaking in public was very difficult for me, so I often remained silent. One day, when I returned home from school, Roshni Didi, who lives near our house, talked to my father about Butterflies. She explained that Butterflies not only helps children with their studies but also teaches them important life skills and provides new learning opportunities. Hearing this, my father decided that from then on, I would also go there.

At that time, I had no idea that this small decision would become the biggest turning point in my life.

Gradually, my daily routine changed. I started going to school in the morning and going to the Hathi Park contact point in the afternoon. There, for the first time, I began learning with other children, participating in groups, and becoming part of a community.

When I first went to a cooperative meeting, I was especially encouraged because I spoke very little. Didi repeatedly told me, "You can speak well. Don't be afraid to speak your mind." Initially, I was very hesitant, but her constant encouragement gradually reduced my fear. Over time, I began speaking up, and for the first time, I realized that my voice mattered. This is where a major change began in my life.

Some time later, Didi told me about a 10-day radio training program organized by the Indian Institute of Mass Communication (IIMC). She said it would be a great opportunity for me to learn something new. Excited, I decided to participate.

This experience became one of the most memorable of my life.

During this training, I learned to compose jingles, tell stories effectively, speak on FM radio, and conduct interviews. We were also given a tour of the main radio broadcasting center, where we saw up-close how radio programs are produced and broadcast. This was all very exciting for me.

During our training, we were given a task to learn about a person's daily routine and experiences through interviews. I interviewed a momo seller. I was overjoyed when this interview was published in Bachpan Express as a child journalist.

Seeing my work published gave me a newfound confidence and courage. It made me believe I could achieve more than I imagined.

Following this, I also became a member of the Delhi Child Rights Club (DCRC) and actively participated in the activities of Butterflies Broadcasting Children. Along with my peers, I also had the opportunity to interview a doctor from AIIMS, which was another proud and memorable experience for me.

Learning and achieving so much at such a young age is a huge achievement for me. When I look back today, I can't believe how much I've changed. The boy who was once quiet and afraid to speak now speaks confidently, asks questions, and actively participates in every activity.

Butterflies not only taught me new skills, but also gave me confidence, courage, and my own identity. I learned to believe in myself and become a better person. I sincerely thank all the Didi-Bhais at Butterflies, and all those who provide such meaningful opportunities for us children. Today, I am more confident, aware, and hopeful about my future than ever before.

Today, I have two dreams in my heart—to become a successful cricketer and to become a reporter. Cricket taught me discipline and strength, while reporting taught me the power of my voice. Through these two dreams, I want to bring glory to my family and inspire others with my journey—my story of silence to confidence.



हिन्दी / कहानी 45

हर मोड़ पर उत्सव

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
उत्सव	**10**	**14 साल**	**हाथी पार्क**

"एक सफ़र ... जहाँ हर मोड़ पर 'उत्सव'"

मेरा नाम उत्सव है और मैं 14 साल का हूँ। मैं अभी दसवीं कक्षा में पहुँचा हूँ। मेरा परिवार मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है, लेकिन मेरा जन्म दिल्ली में हुआ। मैं अपने माता-पिता और अपनी दो बहनों के साथ खारी बावली में एक किराए के मकान में रहता हूँ। मेरे माता-पिता दिल्ली इसलिए आए ताकि मेरी माँ का सही इलाज हो सके और हमें बेहतर शिक्षा मिल सके। मेरे पिताजी यहाँ एक चावल की दुकान पर काम करते हैं, और कई कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने हमेशा हमारी पढ़ाई को सबसे अधिक महत्व दिया है। उन्होंने हमें गाँव में इसलिए नहीं रखा क्योंकि वहाँ अच्छी शिक्षा की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं थीं।

बचपन से ही मेरा सपना एक क्रिकेटर बनने का था। क्रिकेट मेरा जुनून था, और मैं चाहता था कि एक दिन मैं अपने परिवार का नाम रोशन करूँ। लेकिन जीवन ने मेरे लिए एक और नया रास्ता तैयार कर रखा था —एक ऐसा रास्ता जिसने मुझे रिपोर्टर बनने का सपना भी दिया और अपनी आवाज़ के महत्व को समझाया।

कुछ साल पहले तक मैं बहुत शांत और संकोची स्वभाव का था। मैं रोज़ स्कूल जाता था, लेकिन किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लेता था और न ही किसी से ज़्यादा बात करता था। अपनी बात दूसरों के सामने रखने में मुझे बहुत झिझक होती थी। लोगों के सामने बोलना मेरे लिए बहुत मुश्किल था, इसलिए मैं अक्सर चुप ही रहता था।

एक दिन जब मैं स्कूल से घर लौटा, तो रोशनी दीदी, जो हमारे घर के पास ही रहती हैं, उन्होंने मेरे पापा से बटरफ्लाइज़ के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बटरफ्लाइज़ बच्चों को सिर्फ़ पढ़ाई में ही मदद नहीं करता, बल्कि उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाता है और सीखने के नए अवसर प्रदान करता है। यह सुनकर मेरे पापा ने तय किया कि अब से मैं भी वहाँ जाऊँगा। उस समय मुझे बिल्कुल अंदाज़ा नहीं था कि यह छोटा-सा फ़ैसला मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ बन जाएगा।

धीरे-धीरे मेरी दिनचर्या बदल गई। मैं सुबह स्कूल जाता और दोपहर में हाथी पार्क कॉन्टैक्ट पॉइंट जाने लगा। वहाँ मैंने पहली बार दूसरे बच्चों के साथ मिलकर सीखना, समूह में भाग लेना और एक समुदाय का हिस्सा बनना शुरू किया।

जब मैं पहली बार कोऑपरेटिव मीटिंग में गया, तो वहाँ मुझे विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया क्योंकि मैं बहुत कम बोलता था। दीदी बार-बार मुझसे कहती थीं, "तुम अच्छे से बात कर सकते हो, अपनी बात कहने से मत डरो।" शुरुआत में बहुत झिझक होती थी, लेकिन उनके लगातार प्रोत्साहन ने धीरे-धीरे मेरा डर कम कर दिया। समय के साथ मैंने बोलना शुरू किया और पहली बार मुझे महसूस हुआ कि मेरी आवाज़ भी मायने रखती है। यहीं से मेरे जीवन में एक बड़ा बदलाव शुरू हुआ।

कुछ समय बाद दीदी ने मुझे भारतीय जन संचार संस्थान (IIMC) द्वारा आयोजित 10 दिनों की रेडियो ट्रेनिंग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए कुछ नया सीखने का एक बेहतरीन अवसर होगा। उत्साहित होकर मैंने इसमें भाग लेने का फ़ैसला किया। यह अनुभव मेरे जीवन के सबसे यादगार अनुभवों में से एक बन गया।

इस प्रशिक्षण के दौरान मैंने जिंगल बनाना, कहानी को प्रभावशाली तरीके से सुनाना, एफ़एम रेडियो पर बोलना और इंटरव्यू लेना सीखा। हमें रेडियो प्रसारण के मुख्य केंद्र का दौरा भी कराया गया, जहाँ हमने करीब से देखा कि रेडियो कार्यक्रम कैसे तैयार और प्रसारित किए जाते हैं। यह सब मेरे लिए बहुत रोमांचक था।

ट्रेनिंग के दौरान हमें एक कार्य दिया गया था, जिसमें किसी व्यक्ति की दिनचर्या और अनुभव को इंटरव्यू के माध्यम से जानना था। मैंने एक मोमोज़ बेचने वाले भैया का इंटरव्यू लिया। मुझे बहुत खुशी हुई जब मेरा यह इंटरव्यू एक बाल पत्रकार के रूप में बचपन एक्सप्रेस में प्रकाशित हुआ। अपना काम प्रकाशित देखकर मेरे अंदर एक नया आत्मविश्वास और साहस आया। इससे मुझे विश्वास हुआ कि मैं अपनी सोच से कहीं अधिक कर सकता हूँ।


इसके बाद मैं Delhi Child Rights Club (DCRC) का सदस्य भी बन गया और Butterflies Broadcasting Children की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने लगा। अपने साथियों के साथ मुझे एम्स (AIIMS) के एक डॉक्टर का इंटरव्यू लेने का अवसर भी मिला, जो मेरे लिए एक और गर्वपूर्ण और यादगार अनुभव था। इतनी कम उम्र में इतना कुछ सीखना और हासिल करना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो मुझे यकीन नहीं होता कि मैं कितना बदल चुका हूँ। जो लड़का कभी चुप रहता था और बोलने से डरता था, वही आज आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखता है, सवाल पूछता है और हर गतिविधि में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता है।

बटरफ्लाइज़ ने मुझे सिर्फ़ नए कौशल नहीं सिखाए, बल्कि मुझे आत्मविश्वास, साहस और अपनी पहचान दी है। मैंने खुद पर विश्वास करना और एक बेहतर इंसान बनना सीखा। मैं दिल से बटरफ्लाइज़ के सभी दीदी-भैया, और उन सभी लोगों का धन्यवाद करता हूँ, जो हम बच्चों के लिए ऐसे सार्थक अवसर उपलब्ध कराते हैं। मैं आज पहले से अधिक आत्मविश्वासी, जागरूक और अपने भविष्य को लेकर आशावान हूँ।

आज मेरे दिल में दो सपने हैं—एक सफल क्रिकेटर बनने का और एक रिपोर्टर बनने का। क्रिकेट मुझे अनुशासन और मज़बूती सिखाता है, जबकि रिपोर्टिंग ने मुझे अपनी आवाज़ की ताकत समझाई है। इन दोनों सपनों के माध्यम से मैं अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहता हूँ और अपनी यात्रा से दूसरों को प्रेरित करना चाहता हूँ—खामोशी से आत्मविश्वास तक की अपनी इस कहानी के साथ।





46

COOPERATIVE LEARNING CDK

Small Savings, Big Heart

Small Savings, Big Heart: The Ziaullah Story

NAME	CLASS	AGE	CONTACT POINT
Ziaullah	12	18 years	Hathi Park

My name is Ziaullah. I am associated with the Hathi Park Contact Point and am currently studying in Class 12. I was born in 2007 in Darbhanga district, Bihar. I spent the first four years of my life there. I have many fond memories of Bihar, but in the hope of a better education and a brighter future, my family moved to Delhi.

When I was young, my father enrolled me in school. At that time, I felt a little scared and uncomfortable because everything around me was new. However, my father was very happy that I had been admitted to school. My first day at school was very special. I was nervous, but I was also excited. My first class went very well. The children were friendly, and my teachers taught me with kindness and care.

My studies went well until Class 5, but when I reached Class 6, I started facing difficulties. Teachers at school changed frequently, and this affected our studies. I became worried that my education would suffer.

At that time, my elder brother, Sanaullah, told me about the Butterflies organisation and took me to the Jama Masjid Contact Point. I started studying there and gradually became a regular participant.

One day, our Didi introduced us to the concept of Cooperative Learning. It was a completely new way of studying for me. Through this method, I learned that when children study together, even difficult subjects become easier to understand. Cooperative Learning helped me not only with my studies but also taught me the importance of group learning. Studying together improved my understanding, and slowly my marks began to improve. I started enjoying my studies, and my self-confidence also grew.

Everything was going well until one day the place where we studied was sold to someone else. For some time, our classes had to stop. All of us were very worried about what would happen to our education. But we did not give up. Together, we searched for a new place and spoke to its owner. Because of our unity and collective effort, we found a new space and our classes started again.

Butterflies taught me much more than academics. It also taught me many important life lessons. One of them was CDK (Children's Development Khazana), where children save small amounts of money regularly. Through CDK, I learned the importance of saving for the future.

Then came the COVID-19 pandemic, bringing difficulties for everyone. Many people were returning to their villages because they had lost their jobs and had no money to survive. My neighbours were also going through a very difficult time. One day, I saw them crying. They told me that they did not have enough money to manage their household expenses. At that moment, I remembered what Didi had taught us—that CDK could support us in times of need. I withdrew some money from my savings and helped my neighbours. My family felt very proud of me when they saw this.

Earlier, I was a very shy child. I could not talk to people openly and lacked self-confidence. Many people underestimated me. But today, I have the strength of education, the confidence to express myself, and the understanding to help others when they need support.

हिन्दी / कहानी 46

छोटी बचत, बड़ा दिल

नाम	कक्षा	उम्र	कॉन्टैक्ट पॉइंट
ज़ियाउल्लाह	**12**	**18 साल**	**हाथी पार्क**

"छोटी बचत, बड़ा दिल: ज़ियाउल्लाह की कहानी"

मेरा नाम ज़ियाउल्लाह है। मैं हाथी पार्क कॉन्टैक्ट पॉइंट से जुड़ा हूँ और वर्तमान में 12वीं कक्षा में पढ़ रहा हूँ। मेरा जन्म वर्ष 2007 में बिहार के दरभंगा ज़िले में हुआ था। मैंने अपने जीवन के शुरुआती चार साल बिहार में बिताए। वहाँ का माहौल मुझे बहुत अच्छा लगता था, लेकिन बेहतर शिक्षा और भविष्य की उम्मीद में मेरा परिवार दिल्ली आ गया।

जब मैं छोटा था, तब मेरे पिताजी ने मेरा स्कूल में दाखिला कराया। उस समय मुझे नई जगह और नए माहौल को लेकर थोड़ी परेशानी और डर महसूस हो रहा था, लेकिन मेरे पिताजी बहुत खुश थे कि मेरा स्कूल में दाखिला हो गया। स्कूल का पहला दिन मेरे लिए बहुत खास था—थोड़ी घबराहट थी, लेकिन साथ ही खुशी भी थी। मेरी पहली कक्षा बहुत अच्छी रही। वहाँ के बच्चे बहुत अच्छे थे और टीचर भी मुझे प्यार से पढ़ाती थीं।

पाँचवीं कक्षा तक मेरी पढ़ाई अच्छी चल रही थी, लेकिन जैसे ही मैं छठी कक्षा में पहुँचा, पढ़ाई में कठिनाइयाँ आने लगीं। स्कूल में कई शिक्षक आते-जाते रहते थे, जिससे पढ़ाई पर असर पड़ने लगा। मुझे डर लगने लगा कि कहीं मेरी पढ़ाई खराब न हो जाए।

तभी मेरे बड़े भाई सनाउल्लाह ने मुझे Butterflies संस्था के बारे में बताया और मुझे वहाँ लेकर गए। वह जगह जामा मस्जिद कॉन्टैक्ट पॉइंट थी। वहाँ जाकर मैंने पढ़ाई करना शुरू किया।

एक दिन हमारी दीदी ने हमें “Cooperative Learning” के बारे में बताया। यह बिल्कुल नया पढ़ाई का तरीका था मेरे लिए। इस तरीके ने हमें सिखाया कि जब बच्चे मिलकर सीखते हैं, तो मुश्किल विषय भी आसान लगने लगते हैं। इससे मुझे बहुत मदद मिली। उन्होंने न केवल मेरी पढ़ाई में मदद की, बल्कि मुझे ग्रुप स्टडी का महत्व भी समझाया। साथ मिलकर पढ़ाई करने से मेरी समझ बेहतर होने लगी और धीरे-धीरे मेरे अंक भी अच्छे आने लगे। पढ़ाई में मेरा मन लगने लगा और आत्मविश्वास बढ़ने लगा।


हमारी पढ़ाई बहुत अच्छी चल रही थी, लेकिन अचानक जिस जगह हम पढ़ते थे, वह किसी और को बेच दी गई। कुछ समय के लिए हमारी कक्षाएँ बंद हो गईं। हम सभी बच्चे बहुत परेशान थे कि अब हमारी पढ़ाई कैसे चलेगी। लेकिन हमने हार नहीं मानी। हम सबने मिलकर नई जगह खोजी और वहाँ के मालिक से बात की। हमारी एकजुटता और प्रयास की वजह से हमें नई जगह मिल गई और हमारी पढ़ाई फिर से शुरू हो गई।

Butterflies ने मुझे केवल पढ़ाई ही नहीं सिखाई, बल्कि जीवन के कई महत्वपूर्ण पाठ भी सिखाए। उन्हीं में से एक था CDK (Children's Development Khazana)—जहाँ हम बच्चे थोड़े-थोड़े पैसे बचाते थे। इससे मुझे बचत का महत्व समझ आया।

जब कोविड-19 का समय आया, तब हर तरफ़ मुश्किलें थीं। बहुत से लोग अपने गाँव लौट रहे थे क्योंकि उनके पास काम और पैसे नहीं थे। मेरे पड़ोसी भी बहुत परेशान थे। एक दिन मैंने उन्हें रोते हुए देखा। उन्होंने बताया कि उनके पास घर चलाने के लिए पैसे नहीं हैं। तभी मुझे दीदी की कही बात याद आई कि ज़रूरत के समय CDK हमारी मदद कर सकता है। मैंने अपनी बचत में से कुछ पैसे निकाले और अपने पड़ोसियों की मदद की। यह देखकर मेरे परिवार को मुझ पर बहुत गर्व हुआ।

पहले मैं बहुत शर्मीला था। मैं किसी से खुलकर बात नहीं कर पाता था और मुझमें आत्मविश्वास की कमी थी। लोग मुझे कम समझते थे। लेकिन आज मेरे पास शिक्षा की ताकत है, आत्मविश्वास है, और दूसरों की मदद करने की समझ है।






COOPERATIVE
LEARNING
Learn Together | Share Ideas | Grow Together


since 2001
CHILDREN’S
DEVELOPMENT
KHAZANA
A Butterflies Initiative


CHILD HEALTH
and SPORTS
COOPERATIVE
A Butterflies Initiative
Since 1995



Butterflies

Protecting and empowering children since 1989

163/4, Pradhan Wali Gali,
Jaunapur, New Delhi – 110047, India

T : 9999321098

Email: butterfliesngo@gmail.com

Follow us on social media: **@butterfliesngo**